CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28° C
न्यूनतम : 24° C

मुरादाबाद, शुक्रवार 1 अगस्त 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 352 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com


विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 6 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



स्कूलों के विलय पर योगी सरकार का यूटर्न

पेज 2



ओवल टेस्ट: गिल ने तोड़ा गावस्कर का रिकॉर्ड

खेल टाइम्स



सियाम की परछाइयां: मंदिर, युद्ध और वैश्विक शतरंज

सम्पादकीय



हो सकता है, भारत को तेल बेचे पाक: ट्रम्प

पेज़ 12

# मालेगांव विस्फोट मामले में साध्वी प्रज्ञा समेत सभी आरोपी बरी

मुंबई, वार्ता



- एनआईए कोर्ट का फैसला, विस्फोट में छह लोग मारे गए थे और 101 अन्य घायल हुए थे, कोई विश्वसनीय और ठोस सबूत नहीं
- फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देंगे पीड़ित परिवारों के वकील

**सितम्बर** 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में गुरुवार को मुंबई की एक विशेष अदालत ने पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित सहित सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया। इस विस्फोट में छह लोग मारे गए थे और 101 अन्य घायल हुए थे।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के मामलों की सुनवाई के लिए नियुक्त विशेष न्यायाधीश एके लाहोटी ने अभियोजन पक्ष के मामले और की गई जांच में कई खामियां बताईं। उन्होंने कहा कि आरोपियों को संदेह का लाभ मिलना चाहिए। विस्फोट के सभी छह पीड़ितों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये और सभी घायलों को 50-50 रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। पीड़ित परिवारों के वकील एडवोकेट शाहिद नदीम ने कहा कि बम विस्फोट की पुष्टि कोर्ट ने कर दी है। हम इस बरी करने के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देंगे। हम स्वतंत्र रूप से अपील दायर करेंगे। 29 सितम्बर 2008 को मुंबई से लगभग 200 किलोमीटर दूर मालेगांव शहर में एक मस्जिद के पास एक मोटरसाइकिल पर बंधे विस्फोटक उपकरण में विस्फोट होने से छह लोगों की मौत हो गई थी। धमाके में 100 से अधिक घायल हुए थे। न्यायाधीश ने फैसला पढ़ते हुए कहा कि मामले को संदेह से परे साबित करने के लिए कोई विश्वसनीय और ठोस सबूत नहीं है। मामले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधान लागू नहीं होते। कोर्ट ने यह भी कहा कि यह साबित नहीं हुआ है कि विस्फोट में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल प्रज्ञा ठाकुर के नाम पर पंजीकृत थी, जैसा कि अभियोजन पक्ष ने दावा किया है। यह भी साबित नहीं हुआ है कि विस्फोट कथित तौर पर बाइक पर लगाए गए बम से हुआ था। अदालत ने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। कोई भी धर्म हिंसा का समर्थन नहीं कर सकता। अदालत केवल धारणा और नैतिक -**शेष पृष्ठ दो पर**

# लैंडस्लाइड से केदारनाथ यात्रा रुकी गाजियाबाद में सोसाइटी का बेसमेंट धंसा

**नई दिल्ली।** यूपी के गाजियाबाद में रात भर की बारिश में पूरा शहर जलमग्न हो गया।

## 2500 लोग फंसे

क्रॉसिंग रिपब्लिक के पास सुशांत एक्वापोलिस सोसाइटी का बेसमेंट करीब 15 फीट धंस गया। बेसमेंट में खड़ी 4 गाड़ियां मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गईं।

दूसरी तरफ, उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में मुनकटिया के पास बुधवार को लैंडस्लाइड हुई। इससे केदारनाथ जाने वाला पैदल रास्ता बंद हो गया, यात्रा 4 दिन के लिए स्थगित कर दी गई। सड़क के अचानक बंद होने से गौरीकुंड में लगभग 2,500 तीर्थयात्री फंस गए हैं।

### दिल्ली-एनसीआर में मध्यम बारिश का अनुमान

**नई दिल्ली।** दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में अगले दो दिन के दौरान हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार लोनी देहात, हिंडन वायुसेना स्टेशन, गाजियाबाद, इंदिरापुरम, छपरौला, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद और बल्लभगढ़ के इलाकों में बारिश का अनुमान है। सुबह न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहा और दिन का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। पिछले कई दिनों में राजधानी में हुई भारी बारिश से दिल्लीवासियों को अनेक स्थानों पर जलभराव और यातायात जाम की समस्या का सामना करना पड़ा।

### लोकसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्षी दलों ने बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण मामले को लेकर गुरुवार को भारी हंगामा किया जिसके कारण सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दो बार के स्थगन के बाद चार बजे तीसरी बार जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की, विपक्षी दलों के सदस्य हंगामा और नारेबाजी करते हुए सदन के बीचोंबीच आ गए। हंगामे के बीच ही वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिकी टैरिफ पर संसद में बयान दिया और कहा कि भारत और अमेरिका के बीच वार्ता जारी है, लेकिन भारत अपने घरेलू उद्योगों की रक्षा करेगा।

### मुंबई एयरपोर्ट पर आठ करोड़ की ड्रग्स जब्त

**मुंबई।** मुंबई कस्टम डिपार्टमेंट के एविएशन अधिकारियों ने 8 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की है। यह कार्रवाई 29 और 30 जुलाई को हुई। इसमें 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। कस्टम ऑफिसर ने छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर बैंकॉक से आई फ्लाइट नंबर वीजी-760 से तीन संदिग्ध पैसेंजर्स को रोका था। इनके सामान की जांच के दौरान 1. 990 किग्रा गांजा मिला, जिसकी बाजार में करीब 2 करोड़ रुपये की कीमत है। मुंबई एयरपोर्ट के ही एक दूसरे मामले में बैंकॉक की फ्लाइट नंबर 6ई1060 से एक पैसेंजर के पास 6.22किग्रा गांजा बरामद किया। इसकी बाजार कीमत 6 करोड़ रुपये है।

### सेना उप प्रमुख सुब्रमणि सेवानिवृत

**नई दिल्ली।** सेना उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि 39 वर्ष की उल्लेखनीय सेवा के बाद गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गए। सेना में उनकी विशिष्ट यात्रा राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से शुरू हुई और दिसम्बर 1985 में उन्हें गढ़वाल राइफल्स में कमीशन दिया गया। असाधारण शैक्षणिक क्षमता वाले अधिकारी के रूप में उन्होंने किंग्स कॉलेज, लंदन से स्नातकोत्तर की डिग्री और मद्रास विश्वविद्यालय से रक्षा अध्ययन में एम.फिल की डिग्री प्राप्त की।

# बचकानी हठ पर उतरे ट्रम्प, टैरिफ की जिद के साथ बोले- 'भारत-रूस अपनी अर्थव्यवस्था को साथ ले डूबें'

वाशिंगटन, वार्ता



- अमेरिकी राष्ट्रपति ने इंडिया को डेड इकोनॉमी बताया
- कहा: मुझे क्या, आज से 25 प्रतिशत टैरिफ लगेगा

**भारत पर** 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत और रूस को डेड इकोनॉमी बताया। उन्होंने कहा कि भारत और रूस अपनी अर्थव्यवस्था को साथ ले डूबें, मुझे क्या। एक दिन पहले ट्रम्प ने भारत पर 1 अगस्त से 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। अभी अमेरिका की तरफ से भारतीय सामानों पर औसतन करीब 10 प्रतिशत टैरिफ लगता है। इसके बढ़ने से अमेरिकी बाजार में भारतीय सामान के दाम बहुत बढ़ जाएंगे।

डेड इकोनॉमी उस स्थिति को कहते हैं जब किसी देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह ठप हो जाए या बिल्कुल सुस्त पड़ जाए। इसमें व्यापार, उत्पादन, नौकरियां और लोगों की कमाई लगभग रुक सी जाती है। विकास रुक जाता है और लोग आर्थिक तंगी में फंस जाते हैं। डेड इकोनॉमी कोई आधिकारिक आर्थिक टर्म नहीं है। ये एक बोलचाल का शब्द है, इसलिए इसे मापने का कोई सटीक पैमाना भी नहीं है। हालांकि इसे समझने के लिए कुछ आर्थिक संकेतकों का इस्तेमाल किया जा सकता है-जैसे जीडीपी, महंगाई, बेरोजगारी दर और व्यापार घाटा। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर 30 जुलाई को ऐलान किया कि भारतीय सामानों पर अमेरिका में 25 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। रूस से व्यापार के चलते भारत पर टैरिफ के अलावा पेनल्टी भी लगेगी। हालांकि ट्रम्प ने यह नहीं बताया कि पेनल्टी कितनी होगी। उन्होंने कहा कि 25 प्रतिशत टैरिफ और पेनल्टी दोनों 1 अगस्त, 2025 से लागू होंगे। ट्रम्प के 29 जुलाई को किए गए सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा था कि भारत हमारा दोस्त है, लेकिन हमने पिछले कई सालों में उनके साथ ज्यादा कारोबार नहीं किया, क्योंकि उनके टैरिफ बहुत ज्यादा हैं, शायद दुनिया में सबसे ज्यादा।

## ट्रम्प ने सही कहा इंडियन इकोनॉमी मर चुकी: राहुल



- इकोनॉमी को पीएम मोदी ने मारा, ये बात पीएम और वित्त मंत्री को छोड़कर सबको पता है

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड इकोनॉमी (मृत अर्थव्यवस्था) बताने पर कहा- मुझे खुशी हुई कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने फैक्ट बताया है। राहुल ने कहा कि पूरी दुनिया जानती है कि भाजपा ने अडानी की मदद के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। ट्रम्प सही कह रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी और वित्त मंत्री को छोड़कर सभी जानते हैं कि भारत की इकोनॉमी डेड है।

## सरकार राष्ट्रीय हितों की रक्षा करेगी: पीयूष गोयल



**नई दिल्ली।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को संसद में कहा कि भारत के निर्यात पर सीमा शुल्क लगाने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ताजा घोषणाओं की सरकार समीक्षा कर रही है और वह राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर आवश्यक कदम उठाएगी। श्री गोयल ने अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार के संबंध में राष्ट्रपति ट्रम्प की घोषणाओं पर राज्य सभा में स्वत: दिए गए एक वक्तव्य में कहा कि सरकार अपने देश के किसानों, मजदूरों और सूक्ष्म, लघु तथा मझोले उद्यमों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

## मोदी दोस्त बनाते हैं, बदले में क्या मिला, टैरिफ मुद्दे पर पीएम जवाब दें: प्रियंका

**नई दिल्ली।** संसद मानसून सत्र के 9वें दिन बिहार वोटर वेरिफिकेशन और अमेरिका के टैरिफ लगाने वाले मुद्दे पर विपक्ष ने हंगामा किया। लोकसभा और राज्यसभा 3-3 बार स्थगित हुई। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को भारत पर 1 अगस्त से 25 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। इस पर विपक्ष ने सदन और संसद के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने टैरिफ पर जो कहा उसे सबने देखा है। प्रधानमंत्री मोदी हर जगह जाते हैं, दोस्त बनाते हैं और फिर हमें बदले में यही मिलता है।

### पनीरसेल्वम ने राजग को कहा अलविदा

**चेन्नई।** तमिलनाडु में आसन्न विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा नीत गठबंधन को गुरुवार को उस समय झटका लगा, जब ऑल इंडिया द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के पूर्व नेता और तीन बार मुख्यमंत्री रहे ओ पनीरसेल्वम राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से अलग हो गए। श्री पनीरसेल्वम का राजग छोड़ने का फैसला ऐसे समय में आया है, जब पिछले सप्ताह राज्य के दौरे पर आए पीएम मोदी ने उन्हें मिलने के लिए कथित तौर पर समय नहीं दिया। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के सहयोगी के रूप में रामनाथपुरम निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ा, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। श्री पनीरसेल्वम ने राजग छोड़ना उन खबरों की पृष्ठभूमि में आया है, जिनमें कहा गया था कि वह अभिनेता-राजनेता विजय की उभरती हुई तमिलझगा वेत्री कषगम (टीवीके) के साथ गठबंधन कर सकते हैं। इससे पहले, हालांकि दिन में श्री पनीरसेल्वम की सुबह की नियमित सैर के दौरान मुख्यमंत्री और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एमके स्टालिन से मुलाकात हुई थी।

# भारत-अरब अमीरात व्यापक रणनीतिक साझेदारी की मजबूती को प्रतिबद्ध

- पीएम मोदी ने शेख मोहम्मद बिन जायद से की फोन पर बात

**नई दिल्ली।** भारत और संयुक्त अरब अमीरात ने द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि पीएम मोदी ने बुधवार देर रात संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति महामहिम शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से टेलीफोन पर बात की। दोनों नेताओं ने भारत और अमीरात के बीच द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मज़बूत करने प्रतिबद्धता दोहराते हुए द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति का सकारात्मक मूल्यांकन किया।

# किसान संपदा का बजट 6,520 करोड़ हुआ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सरकार ने प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना-(पीएमकेएसवाई) के लिए 1920 करोड़ रुपये के अतिरिक्त कुल 6520 करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दी है।

सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की यहां हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि आज 15वें वित्त आयोग 2021-22 से 2025-26 की अवधि में चल रही पीएमकेएसवाई के लिए 1920 करोड़ रुपये के अतिरिक्त परिव्यय के साथ ही इस अवधि के लिए कुल 6520 करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दी गई है।

## सरकार ने दी रेलवे की 11,169 करोड़ रुपये की चार परियोजनाओं को मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश भर में आवागमन एवं माल परिवहन के बुनियादी ढांचे के विस्तार को गति देने के लिए गुरुवार को छह राज्यों में विभिन्न रेल खंडों पर अतिरिक्त लाइनों के निर्माण के लिए कुल 11,169 करोड़ रुपये की चार परियोजनाओं को मंजूरी दी।

# कबूतरों को दाना चुगाने पर बॉम्बे हाईकोर्ट की रोक

मुंबई, वार्ता



- कहा: यह सेहत के लिए भी खतरा
- बीएमसी को दाना डालने वालों पर एफआईआर करने की परमिशन दी

**बॉम्बे हाईकोर्ट** ने कहा कि कबूतरों के झुंड को दाना डालना सार्वजनिक रूप से परेशानी पैदा करने वाला है। यह मुद्दा जन स्वास्थ्य से जुड़ा है और सभी उम्र के लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर और संभावित खतरा है।

जस्टिस जीएस कुलकर्णी और जस्टिस आरिफ डाक्टर की बेंच ने पशु प्रेमियों की दायर याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने मुंबई नगर निगम को दाना डालने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का भी निर्देश दिया। इसके अलावा कोर्ट ने बीएमसी को शहर के कबूतरखानों में कबूतरों के जमावड़े को रोकने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने और कड़े उपाय लागू करने का निर्देश भी दिया। दरअसल, 3 जुलाई को इसी मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने बीएमसी को किसी भी पुराने विरासती कबूतरखाने को ध्वस्त करने से रोक दिया था, लेकिन कहा था कि दाना डालने की अनुमति नहीं दे सकती। पल्लवी पाटिल, स्नेहा विसारिया और सविता महाजन ने याचिका में दावा किया था कि बीएमसी का यह काम पशु क्रूरता निवारण अधिनियम का उल्लंघन करता है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि अनुमति न मिलने के बावजूद लोग कबूतरखानों में कबूतरों को दाना डालना जारी रखे हुए हैं। अब यह स्थिति और भी जटिल हो गई है, क्योंकि पिछले आदेश में याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था। नगर निगम के अधिकारियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने से रोका जा रहा है। कानून की अवहेलना की जा रही है। हम बीएमसी को ऐसे किसी भी व्यक्ति और समूहों के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति देते हैं।

# तेलंगाना में दलबदलू विधायकों को SC का अल्टीमेटम

शाह टाइम्स ब्यूरो



- अदालत ने विधायकों की अयोग्यता पर तेजी से निर्णय लेने का निर्देश विधानसभा अध्यक्ष को दिया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना में दलबदल करने वाले भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायकों की अयोग्यता पर तेजी से निर्णय लेने का निर्देश विधानसभा अध्यक्ष को दिया है।

कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि यह फैसला तीन महीने के भीतर हो जाना चाहिए, वरना लोकतंत्र को नुकसान पहुंच सकता है। कोर्ट का यह आदेश तब आया है जब कांग्रेस में शामिल हुए 10 बीआरएस विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर सात महीने बाद भी कोई फैसला नहीं हुआ। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि यदि स्पीकर समय पर कार्रवाई नहीं करते तो यह 'ऑपरेशन सफल, मरीज मृत' वाली स्थिति होगी। कोर्ट ने कहा कि यह मामला 10वीं अनुसूची से जुड़ा है, जिसमें दलबदल की स्थिति में स्पीकर को त्वरित फैसला लेना होता है। कोर्ट ने स्पीकर से कहा कि वे विधायकों को प्रक्रिया में देरी नहीं करने दें और यदि ऐसा होता है, तो उनके खिलाफ प्रतिकूल निष्कर्ष निकाल सकते हैं। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि राजनीतिक दलबदल देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा हैं। अगर इसे रोका नहीं गया तो यह पूरी प्रणाली को अस्थिर कर सकता है। कोर्ट ने संसद से भी आग्रह किया कि वह विचार करे कि क्या दलबदल मामलों में स्पीकर को ही निर्णय देने का मौजूदा तंत्र उचित है या इसमें बदलाव की जरूरत है।

# हादसे में कांवड़ती की मौत

## घायलों को उपचार के लिए भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** भगवान शिव में आस्था और मन में मन्नत लिए हुए हरिद्वार से गंगा जल लेकर गंतव्य की ओर जा रहे कांवड़तियों की बाइक सवार से हुई टक्कर में एक कांवड़ती कि मौत हो गई तथा दूसरा कांवड़ती व बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया।





गत बुधवार की रात्रि लगभग 10:15 बजे तीन कांवड़ती सुमित (20 वर्ष) पुत्र चुन्नू, सत्यवीर पुत्र प्रेम सिंह व राजीव पुत्र उदयपाल निवासी ग्राम धारा नगला थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद का दल हरिद्वार से गंगा जल लेकर गंतव्य की ओर जा रहा था। थाना क्षेत्र के ग्राम मनोहरवाली के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 734 पर एक बाइक सवार से उनकी टक्कर हो गई। बाइक संख्या यूपी20बीएल6409 के चालक धर्मेंद्र निवासी हाफिजाबाद सर्की थाना शेरकोट अपने गांव से अफजलगढ़ आ रहा था कि उसने कांवड़तियों को पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें सभी घायलों को मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा तत्काल सीएचसी अफजलगढ़ लाया गया, जहां पर सुमित को चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया है व गम्भीर रूप से घायल सत्यवीर पुत्र प्रेम सिंह को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। बाइक चालक धर्मेंद्र भी गंभीर रूप से घायल है जिसको हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

पुलिस ने मृतक युवक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना अध्यक्ष सुमित कुमार राठी ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

# बिंदल शुगर मिल में पीस एजुकेशन कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** प्रेम रावत फाउंडेशन के तत्वाधान में बिंदल शुगर मिल्स में चल रहे पीस एजुकेशन प्रोग्राम का दूसरा दिन 'आंतरिक शक्ति और अपने आप को जानना' विषय पर केंद्रित रहा, जिसने प्रतिभागियों में खासा उत्साह जगाया। यह कार्यशाला व्यक्तियों को जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने और उनसे सीखने के लिए सशक्त बनाने पर केंद्रित है।



बिन्दल शुगर मिल्स के वाईस प्रेसिडेंट जितेंद्र मलिक ने बताया कि प्रेम रावत सरल भाषा में व्यक्ति के कौशल विकास (स्किल डेवलपमेंट) और सामाजिक जिम्मेदारी (सोशल रिस्पांसिबिलिटी) के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास कर रहे हैं। इस कार्यशाला का मुख्य संदेश यह था कि मनुष्य की सबसे बड़ी उपलब्धि स्वयं को जानना और अपनी आंतरिक शक्ति को पहचानना है। प्रेम रावत ने अपने संबोधन में छात्रों और अधिकारियों को स्वयं पर जीत हासिल करने का महत्व समझाया। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब कोई व्यक्ति अपनी आंतरिक शक्ति को पहचान लेता है, तो वह बलवान हो जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि जीवन में समस्याएं आना-जाना लगा रहता है, लेकिन कोई भी समस्या मनुष्य से बड़ी नहीं होती। श्री रावत ने असफलता को जीवन की एक स्वाभाविक प्रक्रिया बताते हुए कहा कि असफलता को स्वीकार न करना ही सफलता की सीढ़ी है। यह दृष्टिकोण व्यक्ति को चुनौतियों का सामना करने और उनसे सीखने में मदद करता है।

बिंदल शुगर मिल्स के प्रेसिडेंट शशि गुप्ता ने इस कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब कर्मचारी लक्ष्य प्राप्त नहीं कर पाते तो वे जल्दी निराश हो जाते हैं। ऐसे में प्रेम रावत का संदेश आशा का एक महत्वपूर्ण स्रोत बन जाता है, और यह पीस एजुकेशन प्रोग्राम एक मजबूत सहारा साबित हो रहा है, जो उन्हें सही दिशा दिखा रहा है। यह कार्यशाला कंपनी के अधिकारियों और स्टाफ को अपनी आंतरिक शक्ति का एहसास कराकर उन्हें मानसिक रूप से सशक्त बनाएगी, जिससे वे जीवन की बाधाओं का सामना आत्मविश्वास के साथ कर सकें। बिंदल टीम और कंपनी के सीनियर केन मैनेजर इन्द्रवीर सिंह ने प्रेम रावत फाउंडेशन के स्वयंसेवकों को उनके अथक प्रयासों और इस महत्वपूर्ण कार्यशाला को सफल बनाने के लिए विशेष धन्यवाद ज्ञापित करते कहा कि विश्वास है कि 'आंतरिक शक्ति और अपने आप को जानना' विषय पर आधारित यह कार्यशाला प्रतिभागियों को न केवल शैक्षणिक रूप से बल्कि व्यक्तिगत रूप से भी सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। आज कार्यशाला के द्वितीय दिवस के अवसर पर सत्र में कुल 50 प्रतिभागियों (फील्ड ऑफिसर /प्रोडक्शन) ने प्रतिभाग किया। यह जानकारी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक (गन्ना परिषद) चांदपुर से विश्वामित्र पाठक ने दी।

# चांदपुर में टैक्सी के रूप में चल रही निजि रजिस्ट्रेशन वाली गाड़ियां

## परिवहन व पुलिस विभाग मौन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** तहसील क्षेत्र में एक नहीं बल्कि कई दर्जन निजि रजिस्ट्रेशन वाली गाड़ियां आजकल नहीं बल्कि एक लम्बे समय से बतौर टैक्सी के रूप मे चल रही है जो कि प्रतिदिन रोडवेज विभाग को हजारों रूपए का चूना लगा रही है, मगर आश्चर्य वाली बात यह है कि न तो पुलिस का ही इनपर डण्डा चल पाता और न ही संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय से इन पर कोई शिकंजा कसा जाता है।

चांदपुर नगर में लगभग कई दर्जन गाड़ियां ऐसी है जो कि अनाधिकृत रूप से टैक्सी के रूप में दिल्ली, बरेली चल रही है जिनका संचालन बड़े ही धड़ल्ले से हो रहा है। यह गाड़ियां दिल्ली, मेरठ, मुरादाबाद ही नहीं बल्कि हर जगह के लिये बुक कर ले जाई जाती है। देहरादून मसूरी तो इनके लिये ऐसा है जैसा कि चांदपुर से सटा हुआ स्याऊ। इन टैक्सियो के खड़े होने के अड्डे भी नगर की चारों बाहरी सीमाओ में है, जहां पर कार सेल प्वाईंट की आड़ में बुकिंग का कार्य चलता है। गौरतलब है कि प्रात: को दिल्ली जाने के लिये कराल, खेड़की मसीत, मंडैयो, गांगू नंगला, जलीलपुर गोयली सिंघा, नूरपुर आदि से भी चांदपुर रोडवेज बस स्टैण्ड होकर कुछ बुक और कुछ बिना बुक सवारी लेकर गुजरती देखी जा सकती है। क्या योगी सरकार का दम भरने वाले भाजपाई अपनी सरकार में सरकारी तंत्र की धज्जियां उड़ाने वालों की उच्चाधिकारियों से शिकायत करेंगे, यह देखना होगा।

# जीवन का असली धर्म भगवान की भक्ति : महाराज

## भागवत कथा का चतुर्थ दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर के नवीन मंडी स्थल पर चल रही श्री मद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस गुरुवार को को व्यास पीठ से परमपूज्य श्री राम कृपाधाम आश्रम वृंदावन के पीठाधीश्वर रामदास जी महाराज ने बताया कि धार्मिक सिद्धांत भगवान द्वारा स्थापित किए जाते है। धर्म को समझने के लिए बड़े बड़े ऋषि मुनियों की बुद्धि कुंठित हो जाती है तो असुर, विद्यार्थी क्या समझ पाएंगे। जीव का असली धर्म भगवान की भक्ति होता है।



प्राय: यह कहा जाता है कि भगवान धर्म की पुनर्स्थापना के लिए भिन्न भिन्न अवतार लेने पड़ते है। महाराज श्री ने बताया प्रत्येक अवतार में भगवान विभिन्न प्रकार की लीलाएं करते है। इन लीलाओं के माध्यम से उन्होंने अपने नाम, रूप, गुण, धाम और संतों को पृथ्वी पर शाश्वत निधि के रूप में छोड़ दिया जाता है जो कि करोड़ों जीवात्माओं की भक्ति का आधार बने है। यह निधि हमें वास्तव में हमारे मन को ईश्वर में लीन कर हृदय में भक्ति सिंचाई करती है। महाराज श्री ने बताया कि यदि हम अपना मन भगवत विषय में लगाते हैं तो हमारा मन पावन होगा और हमारे जीवन का कल्याण होगा। महाराज श्री ने बताया कि धर्म को मुख्य रूप से दो श्रेणियों में बांटा गया है। भौतिक धर्म और आध्यात्मिक धर्म। जीव का परमधर्म भगवान की भक्ति करना है।

महाराज श्री ने भगवान कृष्ण के जन्म की कथा सुनाई। जिसमें भक्तगण कृष्ण जन्म की खुशी में झूमते हैं और आतिशबाजी करते हैं. भगवान कृष्ण के जन्म के समय कीर्तन करते है और बधाईयों से पंडाल गुंजायमान हो जाता है।

गुरुवार को मुख्य यजमान संजय मारवाड़ी एवं बबीता मारवाड़ी रही जबकि सहयजमान में आशुतोष नागर सपत्नीक रहे। पूजन कार्य पुरोहित पंडित कृष्ण कुमार पाण्डे एवं पंडित ब्रजेश शर्मा ने कराया।

कथा में रघुवीर शरण शर्मा, रघुराज नागर, संजीव चंद्रा, केके चंद्रा, अरविंद महादेव, मास्टर जितेंद्र शर्मा, ठाकुर योगेन्द्र चौहान, डॉ. श्रीश शर्मा, पुनीत शर्मा, संजय वशिष्ठ, सुरेश कुमार, पप्पू फूल वाले, चंचल वशिष्ठ, सुरेश कुमार, रमेश मुंशीजी, राहुल वर्मा, अमित वर्मा, शगुन चौहान, राजकुमार चौहान, रोहित कुमार, संजय वशिष्ठ, प्रतिभा शर्मा, रेखा यादव, मधु यादव, डॉ. प्रदीप कुमार दुबे, जगदीश शर्मा, डॉ. श्रीकांत वर्मा सहित कार्यकारणी के समस्त पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

# प्रदेश में अराजकता का माहौल : मुदित यागी

## 2027 में बनेगी सपा की सरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** समाजवादी पार्टी के जिला सचिव मुदित कुमार त्यागी ने कहा की वर्तमान में प्रदेश में अराजकता का माहौल पैदा हो रहा है। प्रदेश सरकार विफल साबित हो रही है। प्रदेश में बेरोजगारी चरम सीमा पर है। 2027 में प्रदेश में एक बार फिर से समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी।



समाजवादी पार्टी के जिला सचिव मुदित कुमार त्यागी ने प्रेस वार्ता में कहा कि पीडीए 2027 में उत्तर प्रदेश में एकजुट होकर सरकार बनाएगी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एक बार फिर से उत्तर प्रदेश की कमान संभालेंगे। दलित, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, किसानों, गरीबों और युवाओं के लिए काम करेंगे। आज के वर्तमान समय में प्रदेश में गरीबों का रहना मुश्किल हो गया है। महंगाई चरम सीमा पर है। समाजवादी पार्टी का जनाधार तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में वर्ष 2012 से 2017 तक जनहित के अनेकों कार्य कराए गए, जिनका लाभ आम जनमानस को आज भी मिल रहा है। जिसमें सबसे महत्वपूर्ण एंबुलेंस सेवा, डायल 100, कन्या विद्या योजना आदि योजनाएं थी। भाजपा सरकार हमेशा हिंदू मुस्लिम का कार्ड खेलती है और गरीबों का शोषण किया जा रहा है। प्रदेश में लोग इस कार्ड को समझ चुके हैं और आने वाला समय समा. जवादी पार्टी का है। समाजवादी पार्टी ने हमेशा बिना भेदभाव के राजनीति की है और समाजवादी की सरकार में गरीबों के लिए कई जनहित योजनाएं चलाई गई थी।

# प्रसिद्ध गुदड़ी दोयज मेला खटाई में पड़ा

## मंडरा रहे संकट के बादल

**मानपाल सिंह**

**हल्दौर।** नगर के पोखर बाजार में भाद्रपद माह में वर्षों से परंपरागत रूप से आयोजित होने वाला प्रसिद्ध गुदड़ी दोयज मेला इस बार खटाई में पड़ता नजर आ रहा है। मेला स्थल की भूमि को लेकर उच्च न्यायालय में लंबित वाद और स्थानीय नागरिकों की आपत्तियों के चलते मेला आयोजन पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं।

पूर्व पालिका सभासद रवि कुमार ने अधिशासी अधिकारी सीमा वर्मा को शिकायती पत्र सौंपते हुए मेला स्थल से संबंधित खसरा संख्या 3314, 3316, 3318 और 3319 पर भूमि स्वामित्व को लेकर उच्च न्यायालय में वर्षों से चल रहे वाद का हवाला दिया है। शिकायती पत्र पर रेखा देवी, योगेंद्र सिंह, रामपाल सिंह, वेदप्रकाश सिंह, आकाश कुमार, मीनू सैनी, कपिल कुमार, जितेंद्र सिंह आदि के हस्ताक्षर भी है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि विवादित भूमि पर हर साल मेला आयोजित कर कुछ लोग दुकानदारों और मनोरंजन मंडलियों से लाखों रुपये की अवैध वसूली करते हैं। जिससे नगर पालिका को राजस्व हानि होती है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नगर क्षेत्र में लगने वाले मेलों से राजस्व वसूली का अधिकार केवल पालिका प्रशासन को है। किसी निजी व्यक्ति या समूह को नहीं है। नगरवासियों ने मांग की है कि या तो इस बार मेले के आयोजन को स्वीकृति न दी जाए अथवा मेला यदि लगाया जाए, तो समस्त राजस्व वसूली नगर पालिका प्रशासन द्वारा ही की जाए। साथ ही शिकायतकर्ताओं ने अवैध वसूली की जांच की मांग करते हुए मामले को उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने की बात भी कही है। स्थानीय परिस्थितियों को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि इस बार गुदड़ी दोयज मेले का आयोजन अधर में लटक सकता है। वर्षों पुरानी परंपरा पर मंडराते इस विवाद ने नगरवासियों में असमंजस और चिंता की स्थिति उत्पन्न कर दी है। रवि कुमार ने बताया वार्ड संख्या चार में वर्तमान सभासद व जिला योजना समिति की सदस्य रुकमणि ने डीएम को भी इस संबंध में शिकायती पत्र दिया है। उनकी अब देखना यह होगा कि पालिका प्रशासन और जिला अधिकारी इस विवाद पर क्या निर्णय लेते हैं। अधिशासी अधिकारी से संपर्क किया गया, तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज संगठन की बैठक

## स्वर्णकार आयोग के गठन की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक का मुरादाबाद रोड वाटिका में आयोजन किया गया, जिसमें समाज की मजबूती और अधिकारों को लेकर कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई।



बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल वर्मा कानपुर ने की। साथ ही राष्ट्रीय संरक्षक अरुण कुमार वर्मा तथा उनके सुपुत्र जिला अध्यक्ष अमित कुमार वर्मा ने विशेष भूमिका निभाई।अमित कुमार वर्मा जो न केवल जिला अध्यक्ष हैं बल्कि संगठन में एक प्रेरणास्रोत के रूप में जाने जाते हैं ने कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा और संचालन अत्यंत कुशलता से किया। उन्होंने समाज को एकजुट रखने, युवाओं को संगठन से जोड़ने और सरकार तक स्वर्णकारों की आवाज पहुंचाने में अपनी विशेष सक्रियता दिखाई। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल वर्मा ने सरकार से मांग की कि स्वर्णकार आयोग का शीघ्र गठन किया जाए और सरकार में स्वर्णकार समाज की प्रतिनिधित्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि स्वर्णकार समाज के लोगों के साथ लूट, चोरी, डकैती व अपहरण जैसी घटनाएं निरंतर बढ़ रही हैं। ऐसे में सरकार को चाहिए कि बिना जटिल प्रक्रिया के पुराने शस्त्र लाइसेंसों को नवीनीकरण कराए और नई व्यवस्था को सरल बनाए। वहीं जिला अध्यक्ष अमित कुमार वर्मा ने समाज को संगठित रहने और हर स्तर पर अधिकारों के लिए संघर्ष करने का संदेश देते हुए कार्यक्रम का संचालन सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया और एकजुट होकर स्वर्णकार समाज के अजमेढ़ जी महाराज भगवान की पूजा अर्चना वंदन और धर्मशाला बनवाने पर बल दिया। राष्ट्रीय संरक्षक अरुण कुमार वर्मा ने कहा है कि हमारा लक्ष्य है कि स्वर्णकार समाज को पूरे तरीके से सुरक्षा मिले। हम हर तरीके से सामाजिक कार्य करते हैं। सरकार की अर्थव्यवस्था में अपना योगदान करते हैं।

इस मौके पर घनश्याम वर्मा प्रदेश प्रवक्ता उत्तराखंड, मोहित सोनी जिला कार्यसमिति सदस्य रुड़की, चंद्र प्रकाश बटा प्रदेश प्रभारी उत्तराखंड, बसंत वर्मा हरिद्वार जिला अध्यक्ष, प्रियंक वर्मा नगर महासचिव रुड़की, धनंजय वर्मा प्रदेश महासचिव, अशोक वर्मा जिला अध्यक्ष रुड़की ज्वेलर्स एसोसिएशन, मनोज वर्मा प्रदेश अध्यक्ष उत्तराखंड ज्वेलर्स एसोसिएशन, बसंत वर्मा जिला अध्यक्ष रुड़की स्वर्णकार समाज, विनोद वर्मा जिला चेयरमैन हरिद्वार, जिला महामंत्री अवनीश निगम, जिला कोषाध्यक्ष रवि कुमार वर्मा, जिला उपाध्यक्ष विजय वर्मा नगीना, मनोज वर्मा नूरपुर, राजकुमार वर्मा बिजनौर, जिला मंत्री अजय कुमार वर्मा चांदपुर, मनोज वर्मा चांदपुर, अशोक वर्मा नूरपुर, धर्म अवतार वर्मा ताजपुर, मनोज वर्मा धामपुर, जिला संगठन मंत्री कमल वर्मा, सुनील वर्मा, इंद्रदेव आर्य, योगेश्वर वर्मा, अरुण वर्मा, विनोद वर्मा, जिला संयुक्त मंत्री डॉ. सौरव वर्मा. जिला मीडिया प्रभारी पारस वर्मा, जिला सचिव कनिष्क वर्मा, अजय वर्मा, अर्पित वर्मा, मनीष वर्मा, उमेश वर्मा, विकास वर्मा, सोनू वर्मा, शोभित वर्मा, संजीव वर्मा और अन्य गणमान्य सुहाग स्वर्णकार समाज संगठन से सोनू वर्मा अध्यक्ष, निखिल वर्मा महामंत्री नहटौर से अध्यक्ष दीपक कुमार आर्य, नगीना से संजीव कुमार वर्मा, नूरपुर से राम रतन लाल वर्मा, अमन वर्मा, जितेंद्र वर्मा, कमल वर्मा, नरेंद्र वर्मा, राकेश वर्मा, मनोज वर्मा, चांदपुर हरिओम वर्मा, सुनील वर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# चोर धर्मवीर व राजकुमार अरेस्ट

**बिजनौर।** जनपद हरिद्वार के थाना लक्सर अंतर्गत ग्राम टांडा महनादा निवासी जितेन्द्र कुमार पुत्र रामबहादुर सिंह ने मण्डावर थाने में तहरीर दी थी कि ग्राम नारायणपुर में शराब के ठेके के पास से वादी की जेब से मोबाइल चोरी कर लिया गया। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस ने चोरी के आरोपी ग्राम ईनामपुरा निवासी बाले उर्फ धर्मवीर पुत्र घिस्सू एवं राजकुमार उर्फ अजय पुत्र यशपाल निवासी ग्राम मिर्जापुर खादर को गिरफ्तार कर लिया है।

# भगवान पार्श्वनाथ के समक्ष लड्डू समर्पण



**नहटौर।** नूरपुर मार्ग स्थित बलदाना में 1008 भगवान पार्श्वनाथ मंदिर में भगवान पार्श्वनाथ के समक्ष निर्वाण महोत्सव के अवसर पर लडडू समर्पण किया गया। मंदिर परिसर में नहटौर जैन समाज की महिलाए व पुरूषों ने पहुंचकर पंडित संमति जैन ने धार्मिक अनुष्ठान क्रियाओं के साथ पूजा अर्चना कराई। कार्यक्रम में शांति धारा अभिषेक नितिन जैन द्वारा व लड्डू समर्पण राजेश जैन व हेमा जैन द्वारा किया गया। निर्वाण महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर प्रबंधक राजीव जैन, सुनील कुमार जैन, पुनीत जैन, अशोक जैन, सौरभ जैन, संजय जैन, अजय जैन, सुकेश जैन, अनुराधा जैन, किरण जैन, मोनिका जैन, रेखा जैन, वंदना जैन, कामिनी जैन आदि ने भाग लिया।

# करोड़ों सनातनियों से माफी मांगे कांग्रेस: योगी

## मुख्यमंत्री ने माले गांव विस्फोट में सभी आरोपियों के बरी होने पर दी प्रतिक्रिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माले गांव विस्फोट में सभी आरोपियों के बरी होने के बाद कांग्रेस पर निशाना साधते हुए माफी मांगने की मांग की है।



योगी ने गुरुवार को अपने ट्वीट में लिखा- मालेगांव विस्फोट प्रकरण में सभी आरो. पियों का निर्दोष सिद्ध होना 'सत्यमेव जयते' की सजीव उद्घोषणा है। यह निर्णय कांग्रेस के भारत विरोधी, न्याय विरोधी और सनातन विरोधी चरित्र को पुन: उजागर करता है, जिसने 'भगवा आतंकवाद' जैसा मिथ्या शब्द गढ़कर करोड़ों सनातन आस्थावानों, साधु-संतों और राष्ट्रसेवकों की छवि को कलंकित करने का अपराध किया है। कांग्रेस को अपने अक्षम्य कुकृत्य को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करते हुए देश से माफी मांगनी चाहिए।

महाराष्ट्र के मालेगांव ब्लास्ट केस में एनआईए स्पेशल कोर्ट ने साध्वी प्रज्ञा समेत सातों आरोपियों को बरी कर दिया है। इस केस में सात मुख्य आरोपी थे। इनमें पूर्व भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर, कर्नल प्रसाद पुरोहित, रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर चतुर्वेदी, समीर कुलकर्णी और सुधाकर धर द्विवेदी शामिल थे।

### जनप्रतिनिधियों एवं शहीदों के गांवों की सड़कों के निर्माण को प्राथमिकता मिले

वहीं मुख्यमंत्री योगी लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा है कि जनप्रतिनिधियों एवं शहीदों के गांवों की सड़कों के निर्माण को प्राथमिकता पर रखें। योगी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत किए गए सड़क, दीर्घ सेतु, लघु सेतु, आरओबी और आरयूबी, धर्मार्थ स्थलों की सड़कें, फ्लाईओवर निर्माण से सम्बन्धित प्रस्तावों पर जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए वरीयताक्रम के आधार पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय को चार लेन एवं ब्लॉक मुख्यालय को दो लेन से जोड़ने, चीनी मिल की सड़कें, सिगल कनेक्टिविटी वाली सड़कों का निर्माण और ब्लैक स्पॉट सुधार के कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण कराएं। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर लखनऊ मण्डल के जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद बैठक की। उन्होंने निर्देशित किया कि 42,891 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत के प्राप्त 3,397 विकास प्रस्तावों पर जनप्रतिनिधियों के सुझावों को गम्भीरता से लिया जाए और इन परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर चरणबद्ध ढंग से पूर्ण कराया जाए।

## गुलामी के युग में भी भक्ति और शक्ति से तुलसीदास ने जाग्रत रखी जनचेतना

**चित्रकूट।** धार्मिक नगरी चित्रकूट में संत तुलसीदास के जयंती समारोह (तुलसी जयंती) में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 500 वर्ष पूर्व जब इस गांव की स्थिति शायद साधनों के अभाव और कठिनाइयों से ग्रस्त रही होगी, ऐसे समय में एक दिव्य आत्मा ने जन्म लिया और बाल्यावस्था में ही प्रभु श्रीराम के चरणों में स्वयं को समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि उस कालखंड में जब अकबर का साम्राज्य विस्तार पर था और दरबार में जगह पाने की होड़ थी, तब तुलसीदास जी ने रामबोला के रूप में खुद को किसी दरबारी की सेवा में नहीं बल्कि केवल प्रभु श्रीराम की भक्ति में समर्पित किया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**मालेगांव...**

साक्ष्य के आधार पर किसी को दोषी नहीं ठहरा सकती। इसके लिए ठोस सबूत होना जरूरी है। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने साबित किया कि मालेगांव में विस्फोट हुआ था, लेकिन यह साबित नहीं कर पाया कि उस मोटरसाइकिल में बम रखा गया था। अदालत इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि घायलों की संख्या 101 नहीं, बल्कि केवल 95 थी। कुछ मेडिकल प्रमाणपत्रों में भी हेराफेरी की गई थी। कोर्ट ने कहा कि श्रीकांत प्रसाद पुरोहित के आवास में विस्फोटकों के भंडारण या संयोजन का कोई सबूत नहीं मिला। पंचनामा करते समय जांच अधिक. ारी की ओर से घटनास्थल का कोई स्केच नहीं बनाया गया था। घटनास्थल से कोई फिंगरप्रिंट, डंप डेटा या अन्य कोई जानकारी एकत्र नहीं की गई थी। नमूने गड़बड़ थे, इसलिए रिपोर्ट निर्णायक और विश्वसनीय नहीं हो सकी। विस्फोट में कथित रूप से शामिल बाइक का चेसिस नंबर स्पष्ट नहीं था। अभियोजन पक्ष यह साबित नहीं कर सका कि विस्फोट से ठीक पहले वह साध्वी प्रज्ञा के पास थी। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में यूएपीए लागू नहीं किया जाएगा, क्योंकि नियमों के अनुसार मंजूरी नहीं ली गई थी। इस मामले में यूएपीए के दोनों मंजूरी आदेश दोषपूर्ण हैं। अभियोजन पक्ष ने अभिनव भारत संगठन को एक सामान्य संदर्भ के रूप में इस्तेमाल किया था। इस बात का कोई सबूत नहीं है कि अभिनव भारत के धन का इस्तेमाल आतंकवादी गति. विधियों के लिए किया गया था। हमने एडीजी एटीएस को आरोपी सुधाकर चतुर्वेदी के घर में विस्फोटक रखने के मामले की जांच शुरू करने का आदेश दिया है। इससे पहले सुबह सातों आरोपी दक्षिण मुंबई स्थित सत्र न्यायालय पहुंचे, जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। आरोपी जमानत पर बाहर थे। मामले के आरोपियों में प्रज्ञा ठाकुर, पुरोहित, मेजर (सेवा. निवृत्त) रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर द्विवेदी, सुधाकर चतुर्वेदी और समीर कुलकर्णी शामिल थे। उन सभी पर यूएपीए और भारतीय दंड संहिता तथा शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आतंकवादी कृत्य करने का आरोप लगाया गया था। अभियोजन पक्ष का दावा था कि स्थानीय मुस्लिम समुदाय को आतंकित करने के इरादे से दक्षिणपंथी चरमपंथियों ने विस्फोट की योजना बनाई थी। फैसले के बाद साध्वी प्रज्ञा ने कहा कि मैंने शुरू से ही कहा था कि जिन्हें भी जांच के लिए बुलाया जाता है, उनके पीछे कोई न कोई आधार जरूर होना चाहिए। मुझे जांच के लिए बुलाया गया और मुझे गिरफ्तार करके प्रताड़ित किया गया। इससे मेरा पूरा जीवन बर्बाद हो गया। मैं एक साधु का जीवन जी रही थी, लेकिन मुझ पर आरोप लगाए गए और कोई भी हमारे साथ खड़ा नहीं हुआ। मैं जिंदा हूं, क्योंकि मैं एक संन्यासी हूं। उन्होंने एक साजिश के तहत भगवा को बदनाम किया। आज भगवा की जीत हुई है, हिंदुत्व की जीत हुई है और ईश्वर दोषियों को सजा देगा। हालांकि, भारत और भगवा को बदनाम करने वालों को आपने गलत साबित नहीं किया। लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित ने कहा कि मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे उसी दृढ़ विश्वास के साथ अपने देश और अपने संगठन की सेवा करने का मौका दिया, जैसा मैं इस मामले में फंसने से पहले कर रहा था। मैं इसके लिए किसी भी संगठन को दोष नहीं देता। जांच एजेंसियों जैसे संगठन गलत नहीं हैं, बल्कि संगठनों के अंदर के लोग ही गलत कर रहे हैं। मैं आपको व्यवस्था में आम आदमी का विश्वास फिर से बहाल करने के लिए धन्यवाद देता हूं।

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पुलिस व ग्रामीणों के बीच टकराव

## पकड़े गए संदिग्धों को छुड़ाने के लिए करनी पड़ी खूब मशक्कत






मुजाहिद फारूकी

**नूरपुर।** दम्पति की हत्या के बाद जंगल में दो संदिग्धों के मिलने से हड़कम्प मच गया। ग्रामीणों ने उन्हें बंधक बना लिया। बंधकों को छुड़ाने गई पुलिस व ग्रामीणों के बीच टकराव हो गया। पहले ग्रामीणों ने पुलिस को पीटा और उसके बाद पुलिस ने भी हलका बल प्रयोग किया। गोली चलाने की चेतावनी देकर पुलिस ने बंधकों को अपने कब्जे में ले लिया। समाचार लिखे जाने तक ग्राम में हालात तनावपूर्ण बने हुए थे।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के ग्राम अब्दुल्ला रहमानपुर पुरैनी निवासी 35 वर्षीय परवेन्द्र कुमार पुत्र मोतीलाल सैनी कल सुबह अपनी पत्नी गीता देवी के साथ ईख के खेत में घास काटने गए थे। जब दोपहर बाद सात वर्षीय बेटी पिंकी व दस वर्षीय पुत्र रितिक स्कूल से घर वापस आए, तो अपने मां-बाप को घर में मौजूद न पाकर उन्हें चिंता सताने लगी। वह अपने मां-बाप को देखने के लिए खेत पर चले गए। वहां का नजारा देखकर बच्चों की चीख निकल गई थी। मौके पर परवेंद्र सैनी की लाश पड़ी थी। बच्चों ने शोर मचा दिया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने जब खेत में छानबीन की, तो बच्चों की मां गीता देवी की लाश भी खेत में कुछ दूरी पर पड़ी थी। लाश को देख कर ऐसा लग रहा था कि गीता देवी को बाल पकड़ कर खींचा गया था। ग्रामीणों ने उसके साथ बलात्कार की आशंका भी जताई थी। पति-पत्नी की हत्या की खबर क्षेत्र में जंगल की आग की तरह फैल गई। घटनास्थल पर थाना प्रभारी जय भगवान सिंह फोर्स के साथ पहुंचे। पुलिस के पहु. चने से पहले ही परिजन उनकी लाशों को घर पर ले गए। ग्रामीणों ने घटना को लेकर हंगामा करना शुरू कर दिया। मौके पर पहुंचे एसपी अभिषेक, एएसपी ग्रामीण विनय कुमार, एसडीएम चांदपुर नितिन तेवतिया एवं सीओ देश दीपक आदि कई थानों की पुलिस व दो कम्पनी पीएसी के साथ ग्राम में पहुंचे। पूरा ग्राम पुलिस की छावनी में तब्दील हो गया। पुलिस ने ग्रामीणों को समझाने का बहुत प्रयास किया, मगर ग्रामीणों ने पुलिस की एक नहीं मानी। काफी देर बाद कार्यवाही के आश्वासन पर दोनों की लाशें पोस्टमार्टम के लिए पुलिस को सौंप दी गई।

इस बीच आज सुबह ग्रामीणों ने दो युवकों को चोर समझ कर पकड़ लिया उनके साथ मारपीट करने लगे। सूचना मिलने पर पुलिस फौरन मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों युवकों को ग्रामीणों से छुड़ाना चाहा। लेकिन ग्रामीण काफी गुस्से में थे। ग्रामीणों ने पुलिस की मौजूदगी में भी पकड़े गए सोनू सैनी (20 वर्ष) व मोनू सैनी (19 वर्ष) पुत्रगण चन्द्रपाल सैनी निवासी मौहल्ला सैनीपुरम, नूरपुर के साथ मारपीट की। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दोनों युवकों को बचाया। गनीमत यह रही कि सही वक्त पर पुलिस पहुंच गई। अगर पुलिस वहां पर नहीं पहुंचती, तो कोई बड़ी घटना भी हो सकती थी। पुलिस ने जब पकड़े गए युवकों को छुड़ाकर थाने ले जाने का प्रयास किया, तो गुस्साई महिलाओं ने पुलिस पर डंडों से वार कर दिया। जिसमें दो दर्जन से ज्यादा पुलिसकर्मी मामूली चोट लगने से घायल हो गए। एक पुलिसकर्मी को बंछी मारने का भी प्रयास किया गया। पुलिस ने हालात बिगड़ते देख हलका लाठी चार्ज किया और गोली चलाने की चेतावनी दी। दोनों युवकों को पुलिस ने भीड़ के बीच में से जैसे-तैसे निकाल कर मेडिकल के लिए भेज दिया। इस दौरान महिलाओं ने पुलिस की गाड़ियों को चारों तरफ घेर लिया था। पुलिसकर्मियों ने वीडियोग्राफी भी की। ताकि ग्रामीणों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया जा सके।

दूसरी तरफ पुलिस ने वक्त की नजाकत को भांपते हुए पति-पत्नी की लाशों का पोस्टमार्टम कराने के बाद उनका अंतिम संस्कार गंगा बैराज पर करा दिया।

ग्राम में भारी पुलिस बल मौजूद है। साथ ही तनावपूर्ण शांति बनी हुई है।





### बाल-बाल बची सिपाही महेश कुमार की जान

**नूरपुर।** उपद्रवियों युवकों ने हीमपुर थाने में तैनात कांस्टेबल महेश कुमार के ऊपर धारदार बंछी से हमला कर दिया। अगर सही वक्त पर धारदार बंछी नहीं पकड़ी जाती, तो वह सीधा कांस्टेबिल के पेट में घुस जाती। जिससे बड़ा हादसा हो सकता था। महेश कुमार ने हिम्मत दिखाते हुए बंछी को युवक के हाथ से छीन लिया। धारदार बंछी देखकर पुलिसकर्मियों के भी हाथ पैर फूल गये। वहीं ग्रामीणों से पुलिस की नोकझोंक के दौरान भीड़ में से किसी युवक ने होमगार्ड के ऊपर डंडे से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

### विधायक राम अवतार सैनी ने ग्रामीणों को दी सांत्वना

**नूरपुर।** ग्राम अब्दुल्ला रहमानपुर पुरैनी में बिगड़े हालात के बीच क्षेत्रीय सपा विधायक राम अवतार सैनी ने ग्रामीणों के बीच पहुंच कर उन्हें सांत्वना दी। विधायक ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और गुनाहगारों को बख्शा नहीं जाएगा। विधायक के पुत्र एवं बिजनौर लोकसभा क्षेत्र से सपा के पूर्व प्रत्याशी दीपक सैनी ने भी ग्रामीणों को समझाया। उन्होंने कहा कि यह घटना बेहद दुखद है। उन्होंने कहा कि सपा पूरी तरह से ग्रामीणों के साथ है। इस मौके पर वरिष्ठ सपा नेत्री डॉ. कुंतेश सैनी, देवेन्द्र यादव, सलीम इदरीसी, विधानसभा अध्यक्ष नसीम अहमद इदरीसी, जुल्फकार कुरैशी, वाजिद मलिक, वरिष्ठ नेता खादिम अंसारी भी मौजूद थे।

## पप्सरा के पंचायत सचिव ने सरकारी रकम डकारी

### ग्राम प्रधान ने की शिकायत

शाह टाइम्स संवाददाता

**नहटौर।** पप्सरा के पंचायत सचिव सरकारी रकम डकारने के मामले में फंस गए है। अगर ब्लॉक क्षेत्र के अन्य पंचायत सचिवों की भी जांच कराई जाए, तो बड़ी धांधलियां सामने आ सकती हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम पंचायत पप्सरा की ग्राम प्रधान सीमा राठी ने 22 जुलाई को उपनिदेशक पंचायत मुरादाबाद से की गई शिकायत में बताया था कि वर्तमान में अंकित कुमार ग्राम पंचायत अधिकारी के रूप में तैनात है। आरोप है कि अंकित ने आठ मई 2025 को 19,450 एवं 19,700 रूपये का भुगतान एसके इन्टरप्राईजेज का बिल ऑनलाईन संलग्न करके बासदेव कॉन्ट्रेक्टर एण्ड सप्लायर को ग्राम पंचायत में एन्टी लार्वा और फॉगिंग कार्य के नाम पर भुगतान कर दिया। जिसके दो अलग-अलग बाउचर बनाए गए हैं। लेकिन इन पर बिल एक ही संलग्न किया गया है। आरोप है कि धनराशि फर्जी तरीके से निकाली गई। क्योंकि ग्राम पंचायत में एन्टी लार्वा और फॉगिंग कार्य कराया ही नहीं गया है और न ही पत्रावली तैयार की गयी। पत्र में ग्राम पंचायत अधिकारी अंकित कुमार के विरूद्ध अवैध रूप से 39,150 रूपये का भुगतान करने के सम्बन्ध में विभागीय कार्यवाही करने की मांग की गई थी। खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह ने बताया कि इस मामले की जांच के लिए एक टीम गठित कर दी गई थी।

गठित टीम के प्रभारी एडीओ पंचायत मनोज कुमार ने गुरुवार को ग्राम पप्सरा पहुंच कर मामले की जांच शुरू की। एडीओ पंचायत मनोज कुमार ने बताया कि जांच शुरू कर दी गई है। जांच पूरी होने पर रिपोर्ट खंड विकास अधिकारी को दी जाएगी।

गौरतलब है कि नहटौर ब्लॉक में सबसे ज्यादा धांधली हो रही है। अगर पंचायत सचिवों के द्वारा निक. ाले गए भुगतान की ईमानदारी के साथ जांच करा ली जाए, तो बड़ी धांधली उजागर हो सकती है। ब्लॉक क्षेत्र के पंचायत सचिव ग्रामों में नहीं जाते है। वह स्वयं को सीडीओ से बड़ा अधिकारी समझते है।

## एक नजर

### महिलाओं के रंगारंग कार्यक्रम



**नजीबाबाद।** पंजाबी समाज की महिलाओं द्वारा मौहल्ला मकबरा स्थित गीता भवन में तीज महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। महिलाओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। महिलाओं ने झूला झूलते हुए सावन के गीत गाए। ढोल की थाप पर महिलाओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कनिका कालरा तीज क्वीन चुनी गई। कार्यक्रम में नीरा भारद्वाज, श्वेता शर्मा, प्रिया कालरा, नेहल, रजनी, रेनू आनंद, मीनाक्षी, सीमा छाबड़ा, दीपा, सिल्की आनंद, अवंतिका, सिंदूरा, चितवन छाबड़ा, सिम्मी, गीता, मनीषा, नीलम, रजनी आदि शामिल रही।

### चिकित्सालय का बुरा हाल



**नजीबाबाद।** राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय भागूवाला के भवन का निर्माण हुआ था। रास्ते में खड़न्जा बिछाया गया था। पानी की निकासी न होने व रास्ता सही न बनाने पर खड़न्जा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। जिससे चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को भारी परेशानी हो रही है। चिकित्सालय के सामने स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा खोखे इत्यादि सामान रखकर अवैध कब्जा किया गया है। जिससे चिकित्सालय की बाउंड्री अधूरी पड़ी है और रास्ते में कीचड़ हो रही है। जिससे मरीजों को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है।

### पत्रकार धनपाल गुप्ता जख्मी

**चंदक।** वरिष्ठ पत्रकार धनपाल गुप्ता के मकान की रैलिंग पर बंदर तार काट रहे थे। उन्होंने जब बंदरों को एक डंडी से डरा कर भगाने की कोशिश की, तो सारे बंदरों ने उन पर हमला बोल दिया। बंदरों ने उन्हें काट लिया। बंद. रों के काटने से उनके पैर का मांस उतर गया। उन्हें स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर इंजेक्शन लगवाया। सरकारी अस्पताल के कर्मचारियों ने बताया कि दो इंजेक्शन फिर लगाए जाएगे। बंदरों के काटने पर तीन इंजेक्शनों का कोर्स होता है। चंदक में पहले भी बंदर महिलाओं व बच्चों को काट चुके है। लेकिन इसके बावजूद बंदरों को पकड़वाने का अभियान नहीं चलाया गया। छतों पर महिलाओं व बच्चों का जाना दुश्वार हो गया है। बंदर घरों के अंदर से सामान उठाकर ले जाते है। बंदरों के द्वारा फसलों को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। ग्रामीणों ने बंदरों को पकड़ने की मांग की है।

### रीलबाज महिला पर शिकंजा

**नजीबाबाद।** रीलबाज महिला पर रेलवे पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। आरपीएफ इंचार्ज डीएस चौहान ने बताया कि आरोपित महिला के विरूद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शाह टाइम्स ने इस संबंध में प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। खबर का असर हुआ कि आरोपित महिला पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। महिला ने चलती ट्रेन के आगे रील बनाई थी। रील को वायरल कर दिया गया था। रेनू रानी 148 नाम से सोशल मीडिया पर आईडी बनाई गई है।

### हल्दौर में नवनीत गिरफ्तार

**बिजनौर।** हल्दौर थाने में 29 जुलाई को वादिनी ने तहरीर दी थी कि उनकी नाबालिग पुत्री दुकान से सामान लेकर वापस घर आ रही थी। रास्ते में नवनीत उर्फ फुल्ली पुत्र होशराम सिंह एवं बंटी पुत्र खेम सिंह निवासीगण ग्राम शफीपुर हीरा ने उसके साथ छेड़छाड़ की और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने धारा 74 व 351 (3) बीएनएस एवं नौ एम/10 पोक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने नवनीत को गिरफ्तार कर लिया है।

### बिजनौर में फैजल गिरफ्तार

**बिजनौर।** मौहल्ला चाहशीरी बी 24 बड़वान निवासी आफताब पुत्र शहाबुद्दीन ने आज शहर कोतवाली में तहरीर दी थी कि वह अपनी पत्नी के साथ नूरपुर से वापस घर आ रहा था। रामलीला ग्राउण्ड के पास अभियुक्त फैजल पुत्र सिराजुद्दीन निवासी इरशाद कॉलोनी ने उसका पर्स छीन लिया। भीड़ ने उसे पकड़ लिया था। पुलिस ने उसका चालान कर दिया।

### मोहित व दीपक सहित चार अरेस्ट

**बिजनौर।** नजीबाबाद थाने में ग्राम भौनावाला निवासी कल्वा पुत्र रतन सिंह ने तहरीर दी थी कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी ई रिक्शा से चार बैटरे चोरी कर लिए गए है। पुलिस ने धारा 303 (2) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने ग्राम खेड़ा निवासी मोहित कुमार पुत्र रामधन, पदम कुमार पुत्र महीपाल एवं अभिषेक व दीपक कुमार पुत्रगण मवासी सिंह गिरफ्तार कर उनके पास से चारी किए गए चारों बैटरे बरामद कर लिए गए है।

### नजीबाबाद में बिलाल व उस्मान अरेस्ट

**बिजनौर।** नजीबाबाद थाने में आबिद पुत्र इरशाद निवासी ग्राम अलीपुर जट, थाना नगीना ने तहरीर दी थी कि अज्ञात अभियुक्तों ने कोटद्वार रोड पर स्थित उसकी रिपेयरिंग की दुकान का ताला तोड़ कर अल्टीनेटर व सैल्फ चोरी कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में मौहल्ला पठानपुरा निवासी बिलाल पुत्र इलियास एवं उस्मान उर्फ छोटू पुत्र रफीक को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी किया गया सामान बरामद कर लिया है।

## वसीम गलकटा सहित चार शातिर बदमाशों को उम्र कैद

### दो लाख दस हजार रुपये का अर्थदण्ड

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** न्यायालय एडीजे प्रथम ने स्योहारा के अलीम हत्याकांड में धामपुर के हिस्ट्रीशीटर बदमाश वसीम उर्फ गलकटा एवं स्योहारा के हिस्ट्रीशीटर बदमाश अकरम सहित चार को उम्र कैद एवं दो लाख दस हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्योहारा के मौहल्ला भजड़ो सराय निवासी अमीरूद्दीन पुत्र बाले मिया ने स्थानीय थाने में 11 मार्च सन् 2018 को अकरम उर्फ सीनू निवासी मौहल्ला मिल्कियान, अशरफ पुत्र असलम निवासी मौहल्ला मिल्कियान, कल्वा पुत्र अख्तर निवासी ग्राम मुकरपुरी एवं वसीम उर्फ गलकटा पुत्र फुरकान निवासी मौहल्ला बंदूकचियान, कस्बा व थाना चांदपुर के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि इन्होंने तमंचे से फायरिंग करते हुए उसके पुत्र अलीम को गोली मार दी। साथ ही वसीम के सिर पर तमंचे की बट मारी गई। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 115/18 धारा 307 आईपीसी में पंजीकृत कराया था। उपचार के दौरान अलीम की मौत हो गई थी। जिसके बाद अभियोग में धारा 302 की वृद्धि की गई थी। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। अभियुक्तों को सजा दिलाने के लिए पुलिस ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की थी। न्यायालय एडीजे प्रथम ने वसीम उर्फ गलकटा व अकरम सहित चारों को उम्र कैद एवं दो लाख दस हजार रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया है। वसीम उर्फ गलकटा धामपुर थाने का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। साथ ही जनपद का टॉप टैन अपराधी भी है। अकरम भी स्योहारा थाने का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है।

### लूट का झूठा मुकदमा दर्ज कराया

**बिजनौर।** झालू के मौहल्ला इस्लामाबाद निवासी शावेज पुत्र नवाब अहमद ने 29 जुलाई को शाम लगभग साढ़े तीन बजे बरूकी नहर पर अपने साथ लूट होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि कार सवार तीन चार बदमाशों ने उसकी पत्नी के जेवरात व चार हजार रुपए लूट लिए थे। वह अपनी पत्नी के साथ नगीना स्थित ससुराल जा रहा था। पुलिस ने जब विवेचना शुरू की, तो यह लूट फर्जी निकली। शावेज ने बताया कि एक वर्ष पूर्व बीमारी के कारण उसके पिता की मौत हो गई थी। एक माह बाद उसकी चचेरी बहन कहकशा पुत्री दिलशाद की शादी होनी थी। उसे डर था कि उसकी पत्नी के जेवरात मां चचेरी बहन की शादी में दे देगी। जिसकी वजह से उसने व उसकी पत्नी सना परवीन ने लूट की झूठी सूचना दी थी।

### चांदपुर में मेहर आलम अरेस्ट

**बिजनौर।** चांदपुर पुलिस ने जानलेवा हमला करने के मामले में मौहल्ला मुफ्ती सराय निवासी मेहर आलम पुत्र नूर इलाही को गिरफ्तार किया है।

### बिजनौर में अंशू गिरफ्तार

**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने मण्डावर क्षेत्र के ग्राम मौहम्मदपुर अक्कू निवासी अंशू पुत्र रामप्रसाद को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

# नहटौर की जनता नहीं चाहती सीमा विस्तार

## पहले हो नगर का चौतरफा विकास, नहीं तो लगेगा समस्याओं का अम्बार




शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** नहटौर नगर पालिका की सीमा विस्तार के लिए की जा रही कवायद के बीच आम जनता चाहती है कि पहले नगर का चौतरफा विकास हो और उसके बाद ही कुछ सोचा जाए।

नगर की ज्यादातर जनता सीमा विस्तार के पक्ष में नहीं है। जनता का मानना है कि सीमा विस्तार से समस्याओं में इजाफा हो जाएगा और विकास कार्य भी नहीं हो पाएंगे। जनता का कहना है कि परिवार जितना छोटा होता है, उतनी ही शांति रहती है और वह परिवार तरक्की करता है। परिवार जितना बड़ा होता है, उतना ही समस्याओं में इजाफा होता है। आम जनता का मानना है कि अधिकारी अपने फायदे के लिए काम करते है। उन्हें जनता की फिक्र नहीं होती है। नहटौर की ज्यादातर जनता का मानना है कि अधिकारियों को मौजूदा समस्याओं का समाधान कराने के लिए गंभीरता से प्रयास करने चाहिए। सीमा विस्तार के बारे में सोचना भी नहीं चाहिए। मौहम्मद शाहिद का कहना है कि नहटौर नगर की अपनी अलग पहचान है। इस पहचान को कायम रखा जाना चाहिए। आसपास के गांवों को इसमें शामिल करने से नहटौर की पहचान खत्म हो जाएगी और आपसी विवाद काफी ज्यादा बढ़ जाएंगे। उनका कहना है कि अधिकारियों को नगर की समस्याओं के बारे में जानकारी हासिल कर उनका समाधान कराने के लिए गंभीरता से प्रयास करने चाहिए। वसीम अहमद व नसीम अंसारी का कहना है कि नहटौर नगर की सीमा विस्तार की फिलहाल कोई जरूरत नहीं है। सबसे पहले नहटौर नगर की मौजूदा आबादी को वो सभी सुविधाएं मिलनी चाहिए, जिसकी उसे जरूरत है। उन्होंने कहा कि बाइपास रोड का पुनः निर्माण सरकार को कराना चाहिए। जब नगर में मुख्य मार्ग से शोभायात्राएं व जुलूस निकलते है, तो इसे यातायात के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया जाता है। वाहनों को बाइपास से गुजारा जाता है। लेकिन इस बाइपास की हालत इतनी ज्यादा खराब है कि यहां पर जाम लग जाता है। दो वाहन एक साथ नहीं निकल पाते है।

पुलिस तो सिर्फ वाहनों को नगर के अंदर भेज देती है। वह यह नहीं देखती है कि अंदर जाम लग गया है और स्थानीय नागरिक सहित वाहनों में सवार यात्री परेशान है। इस मार्ग को बनाने में करोड़ों रुपए का खर्चा आएगा। जनप्रतिनिधियों को सरकार से इसके लिए अलग से बजट लाना चाहिए। लेकिन अफसोस की बात है कि ऐसा नहीं हो पा रहा है। यह नगर की प्रमुख समस्या है। यामीन अहमद, तसलीम, आबिद व फरमान का कहना है कि नगर में उद्योग धंधे चौपट हो रहे है। कारोबारी परेशान है। बेरोजगारी की समस्या बढ़ रही है। सरकार को स्थानीय कारोबार को बढ़ावा देने में मदद करनी चाहिए। पूर्व में यहां पर कई औद्योगिक इकाईयां थी। कपड़ा बाजार के लिए नहटौर की अलग पहचान थी। लेकिन आज नहटौर अपनी पहचान खो रहा है। सरकार के द्वारा इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

सीमा विस्तार बेवजह की कवायद है और यह सिर्फ आगामी चेयरमैनी चुनाव को लेकर की जा रही है। इससे आम जनता का कोई भला होने वाला नहीं है। आसपास के ग्रामों को नगर क्षेत्र में शामिल करने से समस्याएं कम होने वाली नहीं है और न ही विकास होगा। उन्होंने कहा कि आम जनता को अपना अच्छा व बुरा समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता को इस चाल को समझते हुए इसके विरोध में आवाज उठानी चाहिए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# विवादित चकमार्ग की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंपी

## दूसरे पक्ष ने डीएम से की निर्माण रूकवाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** राजस्व विभाग की टीम ने विवादित चकमार्ग की नाप कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंप दी, जिसमें द्वितीय पक्ष ने बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी को पत्र लिखकर निर्माण रुकवाने की मांग की।

गौरतलब है कि आमिर हुसैन पुत्र अब्दुल करीम वह रईस अहमद पुत्र अब्दुल रशीद वह सरफराज अहमद पुत्र रईस अहमद आदि के दरमियान चक मार्ग को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है। जिसमें एक बार न्यायालय नगीना ने आमिर हुसैन आदि के पक्ष में निर्णय दे दिया था। परंतु उसके बावजूद मुक्त विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को विवादित भूमि वह चेक मार्ग के नाप के लिए राजस्व विभाग की एक टीम पहुंची। जिसमें नायब तहसीलदार मजिस्ट्रेट कपिल कुमार आजाद, कानूनगो नरेश कुमार, कानूनगो मुनेश कुमार के अलावा लेखपाल आस मौहम्मद, लेखपाल तेजपाल सिंह, लेखपाल नरेंद्र सिंह आदि की टीम ने सीरवासुचंद स्थित पुक्खावाला मार्ग के शून्य बिंदु से जांच कर नपाई नायब तहसीलदार कपिल कुमार आजाद ने बताया कि रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंप दी जाएगी। भूमि निरीक्षक को नाप के दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत थाना अध्यक्ष सुमित कुमार राठी, चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह, उप निरीक्षक शेर सिंह, महिला उप निरीक्षक रीनू, उप निरीक्षक शिवम तायल आदि भारी पुलिस बल मौजूद था।

उधर द्वितीय पक्ष रईस अहमद वह सरफराज आदि ने बृहस्पतिवार को जिला अधिकारी को लिखे पत्र में बताया कि आराजी खसरा न. 12 जो कि रास्ता चकमार्ग है, जो पुराने समय से चकमार्ग चला आ रहा है। जिस पर ग्राम पंचायत द्वारा सरकारी अनुदान से खण्जा लगवाया गया था। इस चकमार्ग के दक्षिण में खसरा न. 13 जो तानाबाना, जिसमें सूत आदि फैलाया जाता है का नम्बर है। उस आराजी में बिजली का ट्रासफार्मर भी लगा है और सामुदामिक शौचालय भी बना है तथा रास्ते के दक्षिण साईड में बिजली के खम्मे भी पुराने खड़े है। जो पुराने समय से गले आ रहे है और बिजली के खम्बे के उत्तर में खसरा नं. 13 रास्ता चकमार्ग सड़क पर खडन्जा लगा है और इस खड़न्जे के उत्तर की ओर खसरा न. 8, 10 से 11 है तथा इस रास्ते से होकर खसरा न. 10 व 11 के किसान अपने अपने खेतों पर जाते है तथा खसरा ना 10 व 11 के कुछ भाग में आबादी भी बनी है, तथा खसरा न. 8 के अमीर हुसैन व उसके पुत्रों आदि खड़न्जे रास्ते जमीन पर लगे खड़न्जे की ईटों को उखाड़कर नाजायज तौर से रास्ते चकमार्ग व तालाब की सरकारी भूमि को अवैध रूप से कब्जा कर भूमि को हड़पना चाहते है तथा रोकने पर झगड़ा व मारपीट कर रहे है। जिसके सम्बन्ध में न्यायालय सिविल जज जूडि नगीना के न्यायालय में मुकदमें विचाराधीन है।

आज समय करीब सुबह के आठ बजे की घटना है कि अमीर हुसैन पुत्र अ. रहीम जाकिर शाकिर, साबिर जाफर पुत्रगण अमीर हुसैन, हारिस तलहा पुत्रगण जाकिर हम्माद पुत्र शाकिर निवासीगण ग्राम सीरबासूचन्द, थाना अफजलगढ़ ने एक साथ एक राय होकर रास्ते चकमार्ग की आराजी पर लगे खडन्ते इटों को उखाड़कर रास्ता चकमार्ग पर अवैध रुप से निर्माण कर रहे है। जिस पर पीड़ित की पत्नी रुकसाना व अन्य औरतें अकलीमा, मोहसिना, राबिया, फिरदोष जरीसा, शकीला, भूरे, वसीम, शहजाद आदि गांव वाले अमीर हुसैन आदि को अवैध रुप से निर्माण करने को रोकने का प्रयास किया, तो अमीर हुसैन आदि ने भी पुरुषों, महिलाओं को भी लात घुसों से मारा पीटा, जब पीड़ित पुलिस को मोबाइल पर घटना की सूचना दे दो मौके पर उपनिरीक्षक शेर सिहं हाल तैनात थाना अफजलगढ़ व उनके साथ दो महिला कांस्टेबिल व तीन पुरुष कांस्टेबिल मौके पर आये और अमीर हुसैन आदि से हमसाज होकर पीड़ित व उसकी पत्नी एंव अन्य पुरुष महिलाओं की कोई बात नहीं सुनी। बल्कि उपनिरीक्षण शेर सिंह ने व उनके साथ आये महिला व पुलिस कांस्टेबिल ने अमीर हुसैन आदि से हमसाज होकर पीड़ित पक्ष की महिलाओं पुरुषों के उपर लाठी चार्ज किया तथा लाठी डण्डों से मारा पीटा और मां-बहन की गन्दी गन्दी गालियां दी और सभी औरतों के साथ बदतमीजी की और घसीट-घसीट कर मारा पीटा। जिसके सम्बन्ध में उपनिरीक्षक शेर सिंह की गाली देते हुए लाठी चार्ज करते हुए वीडिओ बनायी, तो पुलिस ने मोबाइल भी छीन लिया तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। थाने और गाड़ी में बैठाकर थाने ले जाने लगे तथा पीड़ित की पत्नी व अन्य औरतों के साथ गाली-गलौच व मारपीट की और पुलिस ने रास्ते में ही उतार दिया। रूखसाना के काफी गम्भीर चोटे आयी और अन्य पुरुषों महिलाओं के भी चोटे आयी। रईस अहमद को सरफराज आदि ने थाना अफजलगढ़ पुलिस पर अमीर हुसैन आदि से हमसाज होने का आरोप लगाते हुए उचित कार्रवाई करने की मांग की।

## एक नजर

### मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाई



**कोतवाली देहात।** मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर उनका भावपूर्ण स्मरण किया गया। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। ग्राम शादीपुर स्थित विवेक पुस्तकालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षाविद देवेन्द्र कुमार ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद ने बेहद सरल भाषा में अपना साहित्य लिखा। उन्होंने अपनी लेखनी के माध्यम से जनता की आवाज को बुलंद किया। मुंशी प्रेमचंद ने तत्कालीन समाज में व्याप्त कुरी. तियों पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने सती प्रथा, विधवा विवाह तथा जाति धर्म के भेदभाव पर लिखा। मुंशी प्रेमचंद ने अपनी लेखनी के माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन में भी सहयोग दिया। मुंशी प्रेमचंद द्वारा लिखी गई कहानी सोजे वतन को अंग्रेजी हुकूमत द्वारा प्रतिबंधित कर दिया गया था। मुंशी प्रेमच. ंद के द्वारा लिखी गई कहानियां आज भी प्रासंगिक हैं। उनके रचित उपन्यास आज भी पूरे विश्व में पढ़े जाते हैं। वह ऐसे लेखक रहे जिनकी कहानियों का दुनिया की कई भाषाओं में अनुवाद हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मास्टर बलराम सिंह ने तथा संचालन संयम गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में विजेंद्र सिंह,देवेंद्र मौर्य, रमेश सिंह,जलालुद्दीन, अखिलेश मौर्य, विकुल कुमार आदि मौजूद रहे।

### रोबोटिक सर्जरी व घुटना परीक्षण शिविर



**स्योहारा।** रोटरी क्लब स्योहारा संपूर्ण के तत्वावधान में दिगंबर जैन इंटर कॉलेज में एक दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. मनोज कुमार वर्मा, क्लब अध्यक्ष शोभित जैनख सचिव समीर रस्तोगी व डॉ. रिसालत चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में मुरादाबाद के तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज से आए विशेषज्ञ डॉ. रविंद्र सिंह एमएस, डॉ. सचिन चौहान (एमबीबीएस) और उनकी टीम ने 100 से अधिक मरीजों के घुटनों, ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच की, जिन मरीजों को गंभीर समस्या पाई गई उन्हें आयुष्मान कार्ड के माध्यम से एक लाख तक की निशुल्क ऑपरेशन सुविधा देने की घोषणा की गई। अन्य रोगियों को नि:शुल्क दवाएं वितरित की गई। डॉ. रविंद्र सिंह और एमएचओडी आशुतोष कुमार ने बताया कि मंडल में पहली बार रोबोटिक सर्जरी सुविधा तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज में शुरू की गई है, जिसमें आयुष्मान कार्ड से पूरी तरह नि:शुल्क इलाज किया जा रहा है। इस मौके पर क्लब के वरिष्ठ रोटेरियन के.पी पुष्पक, लव कुमार रस्तोगी, राजू अरोड़ा, क्षितिज अग्रवाल, हैरी गुज्जर, शगुन दुआ, प्रदीप दुबे सहित अन्य सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### बैनामा दस्तावेज निष्पादित कराने को लगी भीड़



**कासमपुर गढ़ी।** कृषि व आवासीय भूमि के रेट बढ़ने की आशंका से सब रजिस्ट्रार धामपुर में बैनामा दस्तावेज निष्पादित कराने वालों की भारी भीड़ रही। कार्यालय व कार्यालय के बाहर भीषण गर्मी में लोग अपनी बारी के इंतजार में घंटों बैठे रहे। वहीं दस्तावेज आनलाईन कराते समय दस्तावेज निष्पादित कराने वालों के मोबाइल पर बार-बार ओटीपी आने की प्रक्रिया लागू होने से जहां बैनामा कराने वालों को भारी परेशानी हो रही। वहीं एक दस्तावेज आनलाईन होने में घंटों लग रहे। उधर सब रजिस्ट्रार धामपुर चन्द्र रेणू विक्रम ने बताया कि पहली अगस्त से रेट बढ़ने वाले थे। लेकिन किसी कारण या ओटीपी की आनलाइन प्रक्रिया शुरू होने पर कुछ दिन के लिए रेट बढ़ने की प्रक्रिया रोक दी गई है। उन्होंने बताया कि गत दिवस साइट न चलने के कारण केवल 80 बैनामा निष्पादित हुए और काफी संख्या में दस्तावेज वापिस करने पड़े थे। आज सुबह से ही बैनामा/दस्तावेज निष्पादित कराने की भीड़ लगी रही। एक दिन में चार काउंटर पर केवल 160 दस्तावेज निष्पादित हो सकते है। आज 155 दस्तावेज निष्पादित किये गये। वहीं बैनामा/दस्तावेज निष्पादित कराने वालों में तीव्र रोष देखा गया। उनका कहना था कि बार-बार ओटीपी की प्रक्रिया लागू होने से जहां भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं लोग इसका गलत इस्तेमाल भी कर सकते हैं।

# कपिल सर्राफ ने किया क्रॉकरी के शोरूम का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** सुपर मार्केट स्टेशन रोड पर एक नया शोरूम बिलाल क्रोकरी के नाम से खुल गया है। जिसके स्वामी बिलाल अहमद है। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष कपिल सर्राफ ने फीता काटकर किया।

इस मौके पर बिलाल क्रोकरी के मालिक बिलाल अहमद ने फूल माला पहनाकर मुख्य अतिथि सर्राफ का स्वागत किया।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के नगर अध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी, शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा, उपाध्यक्ष सिताब खान, जिला उपाध्यक्ष मुकीम कुरैशी, जिला महासचिव रईस कुरैशी, नगर सचिव धीरज झा, युवा अध्यक्ष शेर अली, अजमल खान रोड के अध्यक्ष मौहम्मद जाकिर सम्राट, जावेद कुरैशी, खुर्शीद, सोहेल, आलम, मौहम्मद दाऊद, फैसल, रहीम अहमद सिद्दीकी, फरात खान, उपाध्यक्ष शानू भाई, मौहम्मद इरफान, मौहम्मद उस्मान, मौहम्मद इकबाल, शाहिद सहित सैकड़ों सम्मानित व्यापारी मौजूद थे।

## मण्डावर में फैजान गिरफ्तार

**बिजनौर।** मण्डावर थाने में 17 जुलाई को वादी ने तहरीर दी थी कि मौहल्ला शाहविलायत निवासी फैजान पुत्र तौफीक बेग उर्फ भाईजान ने उनकी 17 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसला कर ले जाने के बाद अपने परिजनों से उनके साथ गाली-गलौच कराते हुए जान से मारने की धमकी दिलवाई। पुलिस ने धारा 137 (2), 352 व 351 (2) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। विवेचना के दौरान साक्ष्यों के आधार पर अभियोग में इज्जत लूटने की धारा 64 (1) व 87 बीएनएस एवं 3/4 पॉक्सो एक्ट की वृद्धि की गई। पुलिस ने फैजान को गिरफ्तार कर लिया है।

# जिला महासचिव बने शाहनवाज सैफी

## फूलमालाओं के साथ किया जोरदार स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नगर के मौहल्ला हवेली तला में अन्नदाता किसान यूनियन की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश व जिला अध्यक्ष की संस्तुति पर शाहनवाज सैफी को अन्नदाता किसान यूनियन का जिला महासचिव मनोनीत किया गया। वहीं शाहनवाज सैफी को परिचय पत्र देकर सम्मानित किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार बीती रात नगर के मौहल्ला हवेली तला स्थित शाहनवाज सैफी के आवास पर अन्नदाता किसान यूनियन की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अन्नदाता किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष आलमगीर उस्मानी ने की तथा संचालन अल्ताफ रजा ने किया। अन्नदाता किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष आलमगीर उस्मानी के निर्देश व जिला अध्यक्ष अनस अंसारी की संस्तुति पर नगर के मौहल्ला हवेली तला निवासी समाजसेवी शाहनवाज सैफी को जिला महासचिव पद पर मनोनीत किया गया । इस दौरान अन्नदाता किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के नगर अध्यक्ष नौशाद सैफी के छोटे भाई शाहनवाज सैफी का फूल मालाओं के साथ स्वागत कर परिचय पत्र दिया । अन्नदाता किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष आलमगीर उस्मानी ने शाहनवाज सैफी को बधाई देते हुए कहा कि शाहनवाज सैफी समाजसेवा के साथ अच्छे कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। उन्होंने शाहनवाज सैफी से आशा व्यक्त करते हुए कहा कि वो अपनी मेहनत के साथ संगठन को मजबूत कर ऊंचाइयों पर ले जाने का कार्य करेंगे तथा अपने संगठन से केवल जिम्मेदार लोगों को जोड़ने का काम कर किसानों की आवाज उठाने तथा पीड़ितों को न्याय दिलाने का कार्य करेंगे।

जिला महासचिव शाहनवाज सैफी ने प्रदेश अध्यक्ष जिला अध्यक्ष व उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो भरोसा अन्नदाता किसान यूनियन ने मुझ पर जताया है, मैं उस भरोसे पर खरा उतरने का पूर्ण रूप से प्रयास करूंगा। किसानों के हक की लड़ाई में बढ़-चढ़कर हिस्सा लूंगा। किसी पीड़ित के साथ न इंसाफी हुई है उसे इंसाफ दिलाने का कार्य करूंगा । नजीबाबाद पहुंचने पर अन्नदाता किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष आलमगीर उस्मानी का फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया। उपस्थित लोगों ने अन्नदाता किसान यूनियन जिंदाबाद प्रदेश अध्यक्ष जिंदाबाद के नारे लगाए।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष आलमगीर उस्मानी, जिला अध्यक्ष अनस अंसारी विधानसभा अध्यक्ष बढ़ापुर, उबैद मालिक, जिला सचिव अर्शी, वरिष्ठ कार्यकर्ता रोषिक, पत्रकार हाशिम अहमद, अशरफ अली, अल्ताफ रजा, मरगूब हुसैन नासिर, नौशाद सैफी, मयंक कश्यप, सुहेल राजू, शमीम सिद्दीकी, अनवर मालिक, अनीस मालिक, रशीद, कय्यूम, वाजिद, वरिष्ठ समाजसेवी मौहम्मद शादाब, समाजसेवी रियासत सैफी, मौहम्मद शहजाद सैफी, अफाक सैफी, हाजी शमशुद्दीन, अनीस खान, अय्यूब, वसीम अहमद बख्श, मुकीम कुरैशी, गुलजार कुरैशी, मुकीम कुरैशी, मौहम्मद नईम, मौ फजल, सरफुद्दीन, शराफत, कफिल, मुजम्मिल, नाजिम, अजरूद्दीन, कमरुद्दीन, फकरुद्दीन, मकसूद, सऊथ, शौकत, सलीम, फैजान, दानिश कुरैशी, फुरकान अहमद, मौ. असलम, मौ. रिजवान, मौ. नाजिर, लियाकत सैफी, बबलू, शोएब, वसीम, शाकिर आदि उपस्थित रहे।

# होमगार्ड चेतराम सिंह को दी भावभीनी विदाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** होमगार्ड के सेवानिवृत होने पर थाना परिसर में आयोजित विदाई समारोह में थाना अध्यक्ष व उसके साथी होमगार्डों ने उपहार देकर सम्मानित करते हुए विदाई दी।

जानकारी के अनुसार नहटौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव फरीदाबाद निवासी होमगार्ड चेतराम सिंह के सेवानिवृत होने पर नहटौर थाना परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। चेतराम सिंह ने करीब 35 वर्षों तक होमगार्ड के पद पर रहकर अपनी सेवाए दी। विदाई समारोह में थाना अध्यक्ष धीरज नागर, वीओ अवेंद्र सिंह, कंपनी कमांडर विरेशपाल सिंह, टीसी रविंद्र त्यागी, सलीम व होमगार्ड सोहित कुमार, अनिल कुमार, करन सिंह, हरिराज सिंह, प्रीतम सिंह, सुरेंद्र कुमार आदि ने चेतराम सिंह को फूल माला पहनाकर उपहार देकर विदाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# चोरी की झूठी सूचना देने पर महिला सहित तीन गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** पुलिस ने बुधवार को एक महिला सहित तीन व्यक्तियों को झूठी चोरी की सूचना देकर पुलिस प्रशासन को गुमराह करने और शासकीय कार्य में बाधा डालने के आरोप में गिरफ्तार किया। यह मामला थाना क्षेत्र के ग्राम मंगलखेड़ा का है, जहाँ एक महिला द्वारा आपातकालीन सेवा डायल 112 पर दी गई झूठी सूचना के बाद पुलिस तत्काल हरकत में आई।

ग्राम मंगलखेड़ा निवासी अंजली पत्नी हरिओम सिंह ने डायल 112 पर चोरी की सूचना दी थी। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस वाहन संख्या 2451 मौके पर पहुँचा। जहाँ क्षेत्रीय प्रभारी उपनिरीक्षक उमेश कुमार द्वारा तत्काल जाँच की गई। पूछताछ के दौरान अंजली ने स्वीकार किया कि उनके घर से कोई चोरी नहीं हुई है तथा सारा सामान सुरक्षित है। जाँच में यह भी सामने आया कि अंजली के ससुर दलवीर सिंह एवं चचेरे ससुर खुशीराम ने गाँव में झूठी अफवाह फैलाकर पुलिस को गुमराह किया और कानून व्यवस्था में बाधा उत्पन्न की। इस पूरे प्रकरण में गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता दलवीर सिंह पुत्र गरीबा सिंह, खुशीराम पुत्र गरीबा सिंह, अंजली पत्नि हरिओम सिंह निवासी गण ग्राम मंगलखेडा थाना स्योहारा को न्यायालय समक्ष पेश किया गया। थाना प्रभारी अमित कुमार की सतर्क निगरानी और कुशल नेतृत्व के चलते त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई संभव हो सकी। उन्होंने अपनी टीम को स्पष्ट निर्देश देते हुए घटना की सच्चाई उजागर कर दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की। इस कार्रवाई से पुलिस की सक्रियता पारदर्शिता और उत्तरदायित्व की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है।

# रोष मार्च की सफलता के लिए संपर्क

## इंदिरा बाल भवन में पहुंचने का आह्वान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर अटेवा/एनएमओपीएस के राष्ट्रीय आह्वान पर आगामी एक अगस्त को इंदिरा बाल भवन बिजनौर से अपराह्न 2:30 बजे से होने वाले एनपीएस-यूपीएस एवं निजीकरण के विरोध में रोष मार्च की सफलता को लेकर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह विद्युत प्रावैधिक कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष एवं अटेवा के जिला प्रवक्ता लोकेंद्र चौधरी डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रवि द्वारा मौहम्मदपुर देवमल एवं हल्दौर ब्लॉक के अनेक विद्यालयों में शिक्षकों एवं कर्मचारियों से संपर्क किया।

वहीं जिला कोषाध्यक्ष अध्यक्ष विनीत कुमार गहलौत की अध्यक्षता एवं मौहम्मदपुर देवमल ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के संचालन में राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर में बैठक आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन का विषय श्रेय या अस्तित्व का नहीं है। यह देश के करोड़ों शिक्षकों एवं कर्मचारियों के भविष्य की सुरक्षा से जुड़ा सवाल है। इसलिए संकेत होकर संघर्ष करने की आवश्यकता है। उत्तर प्रदेश विद्युत प्रावैधिक कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष एवं अटेवा जिला प्रवक्ता लोकेंद्र चौधरी ने कहा कि अब नहीं तो कभी नहीं इसलिए संघर्ष को आंदोलन की मजबूती देने के लिए अपनी उपस्थिति निश्चित दर्ज करें। जिला संरक्षक अतुल कुमार रस्तौगी ने कहा कि अटेवा ने आंदोलन को बड़ी ईमानदारी से किया है। एक अगस्त का आंदोलन पूरे भारत के जिले मुख्यालय पर है। इसमें हमें अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों से रोष मार्च शामिल होने का आह्वान किया। इस अवसर पर डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन जिला अध्यक्ष राजेश कुमार रवि भारतीय किसान यूनियन प्रधान राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह एवं पीडब्ल्यूडी नियमित वर्क चार्ज कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार, जिला मंत्री विनोद कुमार ने रोष मार्च की सफलता के लिए अपना समर्थन पत्र दिया। वीरेंद्र कुमार, अभिषेक कुमार, बलेश कुमार, एसपी गंगवार, विनोद कुमार यादव, करणवीर सिंह, डॉक्टर सुनील कुमार, अलका रानी, रश्मि चौहान, छवि गर्ग, कुमुद गुप्ता, मौहम्मद अनस, वाजिद हुसैन, पुष्पेंद्र चौहन, प्रदीप कुमार सिंह, नरेश कुमार, जयप्रकाश पटेल, जितेंद्र पाल सिंह, अमन यादव भोलानाथ आदि मौजूद रहे।

# प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ की बैठक

## संगठन को सशक्त बनाने पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर के बीआरसी कार्यालय में बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें वर्तमान परिस्थितियों पर गहन विचार-विमर्श किया गया और संगठन को अधिक सशक्त एवं संगठित बनाने पर जोर दिया गया।

महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष राधा चौधरी एवं महामंत्री ने शिक्षा मित्रों से एकजुट होकर कार्य करने और संगठन को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि चुनौतियों के इस दौर में संगठित प्रयास ही समस्याओं के समाधान का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार पर पिछले आठ वर्षों से शिक्षा मित्रों के साथ हो रहे शोषण का आरोप लगाते हुए कहा कि महंगाई के इस दौर में वर्तमान मानदेय में जीवन-यापन करना अत्यंत कठिन हो गया है। बैठक की अध्यक्षता जिला महामंत्री अनुज राणा ने की, जबकि संचालन हल्दौर ब्लॉक महामंत्री मानेंद्र कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर राक. ेश कुमार, विकास दत्त शर्मा, इलियास, राजकुमार, विपिन, मनोज, संजीव, भूपेंद्र, सुरेश तोमर, नीरज चौधरी, नीतू चौहान, सविता, सुनीता आदि मौजूद रहे।

# नवनियुक्त जिला संयोजक एड. जहीर खान सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधि विभाग के नव नियुक्त जिला संयोजक जहीर अहमद खान एड. के सम्मान में बार भवन नगीना में एक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेस विधि विभाग के जिला चेयरमैन प्रशांत कुमार गोयल एड. मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नवनियुक्त जिला संयोजक जहीर अहमद खान के सम्मान में आयोजित समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित संगठन के जिला चेयरमैन प्रशांत कुमार गोयल एड. ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के विधि विभाग के संगठन को सक्रिय करने के मकसद से इसमें सक्रिय अधिवक्ताओं को शामिल किया जा रहा है, जिसमें मुख्य रूप से जिला संयोजक के पद पर जहीर अहमद खान की नियुक्ति से संगठन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने संगठन के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों का भी आभार व्यक्त किया, जो संगठन को दिन प्रतिदिन मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार दो अगस्त को दिल्ली के विज्ञान भवन में होने वाले विधि विभाग के सम्मेलन में अधिक से अधिक अधिवक्ताओं से शामिल होने की अपील की। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता मौ. आरिफ खान, पूर्व बार अध्यक्ष दीपक कुमार बिश्नोई एड., दीपक सक्सेना (पूर्व अध्यक्ष), पूर्व महासचिव निशात अहमद, मौ. नईम, फरीद अहमद खान एड. (जिला सह संयोजक), मुख्तार अहमद, जसीम अहमद, असलूब अहमद, सरफूराही, फैसल, शफक्कत रईस आदि अधिवक्ता उपस्थित थे। इस कार्यक्रम से पूर्व अपने नगीना भ्रमण के दौरान जिला चेयरमैन प्रशांत कुमार गोयल ने नगीना सिविल कोर्ट के अधिवक्ता रफत नईम को विधि विभाग का ब्लॉक कोतवाली का संयोजक मनोनीत किया है।

**कार्यालय सहायक निबंधक फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स, मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री उमर द्वारा संस्था मदीना मस्जिद जलीलपुर इन्तेजामिया कमेटी, ग्राम व पो. जलीलपुर तह. चांदपुर, जिला बिजनौर का मोहतमिम/प्रबंधक दर्शाते हुए संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री 1. अनीश खान-सदर/अध्यक्ष, 2. इतजार-नायब सदर/ उपाध्यक्ष, 3. उमर-मोहतमिम/प्रबंधक, 4. रिजवान अहमद-नायब मोहतमिम/उपप्रबन्धक, 5. हबीब-खजान्ची/कोषाध्यक्ष, 6. रहीश अहमद, 7. खुर्शीद, 8. जरीफ 9. मोमिन, 10. मौ. रशीद-मेम्बर/सदस्य दर्शाये गये है।

अत: यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। विदित हो कि उक्त नोटिस सो.रजि.एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

**आज्ञा से ( आनन्द विक्रम सिंह ) सहायक निबंधक**

# अनियंत्रित स्कूल वैन खाई में गिरी

## वैन में सवार 16 बच्चों की चीख-पुकार से मची अफरा-तफरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** बच्चों की जिंदगी से हो रहा खिलवाड़ आखिर कब थमेगा? धामपुर में एक निजी स्कूल की लापरवाही और प्रशासन की निष्क्रियता के कारण मासूमों की जान खतरे में पड़ गई। टी.सी.ए. कॉन्वेंट स्कूल की वैन, जो दोपहर 2:10 बजे के करीब छुट्टी के बाद बच्चों को उनके घर छोड़ने जा रही थी, वह ढक्का करमचंद से मिलक जहांगीराबाद रोड पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरी।

इस वैन में 16 स्कूली छात्र सवार थे। वैन जैसे ही पेट्रोल पंप के पास पहुंची, तेज रफ्तार और चालक की लापरवाही के चलते वह खाई में जा गिरी। बच्चों को खुली व गहरी चोटें आईं। कई बच्चों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया। बच्चों की चीख-पुकार से गांव में





अफरा-तफरी मच गई।

घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में अभिभावक मौके पर पहुंचे और अपने बच्चों को देखकर रो पड़े। कई बच्चे घबराहट और सदमे में थे। परिजन स्कूल प्रबंधन पर गुस्सा निकालते रहे। कुछ बच्चों को घायल अवस्था में बिना मेडिकल परीक्षण के परिजन घर ले गए।

### अभिभावकों की चिंता: हर दिन डर के साए में भेजते हैं बच्चों को स्कूल

एक अभिभावक ने कहा, हम मजबूरी में बच्चों को इन खटारा गाड़ियों में भेजते हैं क्योंकि विकल्प नहीं है। लेकिन स्कूल वाले सिर्फ फीस लेना जानते हैं, सुरक्षा उनकी जिम्मेदारी नहीं समझते। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने बताया कि वैन चालक से पूछताछ की जा रही है और वाहन से जुड़े दस्तावेजों की जांच की जा रही है। परिवहन विभाग को भी जानकारी दे दी गई है। प्रशासन ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। अब जरूरी है कि सरकार और प्रशासन हादसे के बाद कार्रवाई की नीति छोड़कर रोकथाम पर ध्यान दें। निजी स्कूलों पर सख्त नियम लागू हों और किसी भी गड़बड़ी पर तुरंत कार्रवाई हो। मासूम बच्चों की जान से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जा सकता।

### पहले भी हो चुके हैं ऐसे हादसे

**धामपुर।** ध्यान देने वाली बात यह है कि अभी कुछ दिनों पहले ही शेरकोट और अफजलगढ़ क्षेत्र में भी इसी प्रकार की वैन पलटने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इसके बावजूद स्कूल प्रबंधन और परिवहन विभाग की आंखें बंद हैं। अधिकांश निजी स्कूलों की वैनें ओवरलोड चलती हैं। ड्राइवर के पास उचित लाइसेंस नहीं होता। वाहन की फिटनेस, बीमा और सीट बेल्ट जैसी मूलभूत व्यवस्थाएं नहीं होतीं। स्कूलों की निगरानी के लिए कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचता।

## एक नजर

### कुर्बानी के अवशेष का गड्ढा बंद कराया



**नांगल सोती।** ग्राम सराय आलम में बकरीद पर जानवरों की कुर्बानी के बाद अवशेष दबाने के लिए कब्रिस्तान में खोदा गया गड्ढा दो माह बाद भी बंद नहीं कराया गया, जिससे दुर्गंध फैलने से आसपास का वातावरण दूषित हो रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर बृहस्पतिवार को प्रशासन ने गड्ढे को बंद कराया। बकरीद के मौके पर जानवरों की कुर्बानी के बाद अवशेष दबाने के लिए खोकर वाले तालाब के निकट कब्रिस्तान में प्रशासन ने गड्ढा खुदवाया था, अवशेष दबाने के बाद गड्ढे को बंद करना था, लेकिन दो माह बाद भी गड्ढे को बंद नहीं कराया गया। जिससे अवशेषों की दुर्गंध फैलने से आसपास का वातावरण दूषित हो रहा है। इससे संक्रामक रोग फैलने की आशंका बनी हुई थी। ग्रामीणों मौहम्मद यूनुस, सरफराज, मुस्तकीम अहमद, मौहम्मद नासिर, इस्माइल, जमशाद, अख्तर मंसूरी, आदि का कहना है कि गड्ढा बंद करवाने के लिए कई बार ग्राम प्रधान और क्षेत्र के लेखपाल को अवगत कराया गया, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। जिससे ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों की शिकायत पर बृहस्पतिवार को प्रशासन हरकत में आया और गड्ढे को बंद करवाया गया। उधर सीओ नितेश प्रताप सिंह ने बताया कि गड्ढा बंद न होने की सूचना मिली थी, पुलिस को मौके पर भेजा गया है। तत्काल गड्ढे को बंद कराया जाएगा।

### गुलदार पकड़ने को लगाया पिंजरा



**नांगल सोती।** ग्राम जीतपुर खास और हरचंदपुर में आए दिन गुलदार देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत है। वानिकी विभाग ने गुलदार को पकड़ने के लिए जीतपुर खास में पिंजरा लगाया। ग्राम जीतपुर खास में नहर के समीप आए दिन गुलदार देखा जा रहा है। गुलदार अब तक दो कुत्तों को निवाला बना चुका है। जिससे ग्रामीणों में दहशत है। ग्रामीणों ने वानिकी विभाग से गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की थी। देर शाम दरोगा विकास कुमार के नेतृत्व में पहुंची वानिकी विभाग की टीम ने नहर के समीप गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया। उधर ग्राम हरचंदपुर में भी गुलदार ने बुधवार की शाम बकरी चराते समय शरीफ की बकरी को निवाला बना लिया था, गुलदार के भय से किसान अपने खेतों पर जाते हुए घबरा रहे हैं, दरोगा विकास कुमार ने बताया कि जीतपुर खास में पिंजरा लगा दिया गया है, जबकि हरचंदपुर में जहां गुलदार ने बकरी को निवाला बनाया था वह क्षेत्र राजगढ़ रेंज के अंतर्गत आता है, पिंजरा लगाने के लिए वहां के अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

### दिनदहाड़े चोरी के बाद लगाई आग



**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र के ग्राम गंधौर में भूरे खां पुत्र नईम की पत्नी कपड़ों पर प्रेस कर रही थी कि अचानक कुछ अज्ञात व्यक्ति घर में घुस आए। बताया जाता है कि उस वक्त वह घर में अकेली थी, उसके पति चक्की से आटा जबकि उसके ससुर जंगल से चारा लेने गए थे । पीड़िता ने बताया कि शातिर चोरों ने उसे नशीला पदार्थ सुंघाते हुए उनके जैकेट भरे कमरे में आग लगा दी। जबकि सोने-चांदी के आभूषण और कीमती सामान लेकर शातिर चोर रफूचक्कर हो गए । उधर घर में आग लगी देख ग्रामीणों ने घर की ओर दौड़ लगा दी और किसी तरह आग पर काबू पाया । पूरे मामले की जानकारी हीमपुर दीपा पुलिस को दी गई। जिसके बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी गई ।

### जेबा को डीएम ने किया सम्मानित



**शेरकोट।** गत वर्ष इंस्पायर अवार्ड योजना के अंतर्गत शासन द्वारा विज्ञान मेले का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रदेश भर के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग करते हुए ऑनलाइन प्रोजेक्ट जमा कराए थे। प्रतियोगिता में दक्ष आदर्श वैदिक इंटर कॉलेज की छात्रा जेबा ने भी विद्युत क्विज बोर्ड विषय पर अपना प्रोजेक्ट जमा किया था। चयन समिति की ओर से जेबा का प्रोजेक्ट चयनित होने पर सरकार की ओर से जेबा को दस हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई थी। बुधवार को जिलाधिकारी द्वारा भी चयनित छात्रा को सम्मानित किया गया, जिससे विद्यालय परिवार सहित छात्रा के परिजनों में खुशी का माहौल है।

### ड्रोन उड़ा रहे दो दहशतगर्द पकड़े



**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र के ग्राम सबदलपुर रेहरा में बीती रात उस समय हड़कंप मच गया जब एक ड्रोन काफी नीचे उड़ रहा था। ड्रोन को देख लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई और ड्रोन के पीछे-पीछे जंगल की ओर दौड़ पड़ी। जहां ग्रामीणों ने डंडा मारकर उसे गिरा लिया। जो रंग बिरंगी लाइट जलाता हुआ एक छोटा हेलीकॉप्टर निकला। देर रात्रि में लाठी डंडों से लैश ग्रामीण जैसे ही जंगल से हैलीकॉप्टर (खिलौने) को लेकर चले वैसे ही ग्राम के बाइक सवार दो व्यक्ति अपना हैलीकॉप्टर मांगने आ गए। उन्होंने बताया कि वही इस हैलीकॉप्टर को उड़ा रहे थे। ग्रामीणों ने बाइक सवार दोनों व्यक्तियों को खरी खोटी सुनाते हुए रात में ही पुलिस के हवाले कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि इन लोगों ने ड्रोन के नाम पर एक महीने से ग्रामीणों की नींद हराम की हुई थी । इन पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं ग्रामीणों ने आरोपितों की वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल कर दी जो चर्चा का विषय बनी हुई है।

## बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर गृह विज्ञान का परीक्षाफल घोषित




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एमजेपी रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर (गृह विज्ञान) के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड इन्फोर्मेशन टैक्नोलॉजी, बिजनौर की छात्राओं का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर (गृह विज्ञान) की छात्रा रचना ने (8.00 सी.जी.पी.ए.) प्रथम, इरफा नाज़ और उर्वशी चौधरी ने (7.52 सी.जी.पी.ए.) द्वितीय तथा मिस्बाह ने (7.24 सी.जी.पी.ए.) प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं। कृष्णा कॉलेज के प्रबंधक मनोज कुमार ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अत्युत्तम रहा है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्राओं को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को बेहतर रुप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें। कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा तथा गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डा. शालिनी शर्मा, सहायक प्रवक्ता श्रीमति ज्योति चौहान, श्रीमति प्रीति चौहान ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## गुलाब सिंह महाविद्यालय में शिक्षक संघ का चुनाव संपन्न

### प्रो. दिनेश सिंह अध्यक्ष निर्वाचित



प्रो ० दिनेश सिंह (अध्यक्ष) | सुरेन्द्र सिंह (उपाध्यक्ष) | मौहम्मद सुलेमान (सचिव) | डॉ० अमित कुमार (उपसचिव) | अरविन्द कुमार (कोषाध्यक्ष)

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू (पी.जी.) महाविद्यालय में आज शिक्षक संघ का चुनाव शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. अनिल कुमार वर्मा ने शिक्षक संघ की भूमिका, लोकतांत्रिक प्रक्रिया की महत्ता एवं पदाधिकारियों की जिम्मेदारियों पर विस्तृत प्रकाश डाला। चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुआ जो महाविद्यालय के प्राध्यापकों की एकता, समन्वय और परस्पर विश्वास का प्रतीक रहा। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में प्रो. दिनेश सिंह को अध्यक्ष, सुरेंद्र सिंह को उपाध्यक्ष, डॉ. मोहम्मद सुलेमान को सचिव, डॉ. अमित कुमार को उपसचिव तथा अरविंद कुमार को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। संरक्षक एवं मार्गदर्शक मंडल में प्रो. अशोक कुमार, प्रो. महिपाल सिंह, डॉ. जैनुल आबिदीन सहित अन्य वरिष्ठ शिक्षकगण उपस्थित रहे। उन्होंने नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएँ देते हुए आशा व्यक्त की कि संघ शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा तथा अकादमिक गुणवत्ता के संवर्धन में अग्रणी भूमिका निभाएगा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रो. दिनेश सिंह ने कहा यह सम्मान मेरे लिए एक जिम्मेदारी है। हम सभी मिलकर शिक्षक हितों की रक्षा हेतु संघ को एक मजबूत मंच बनाने का प्रयास करेंगे। सचिव मोहम्मद सुलेमान ने कहा कि संघ को पारदर्शी, सक्रिय और संवादधर्मी बनाना हमारी प्राथमिकता होगी। हम शिक्षकों की आवाज को प्रभावशाली ढंग से संस्थागत मंचों तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

कार्यक्रम के अंत में सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को महाविद्यालय परिवार की ओर से शुभकामनाएँ दी गईं।

## एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम में झलकी अरुणाचल और मेघालय की संस्कृति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कन्या इंटर कॉलेज में एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना के अंतर्गत एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अरुणाचल प्रदेश और मेघालय की संस्कृति की झलकियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्या रेखा देवी ने दीप प्रज्वलन कर की। इसके पश्चात छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अरुणाचल प्रदेश की पारंपरिक वेशभूषा में प्रस्तुत लोकनृत्य और गीतों ने दर्शकों को प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता से परिचित कराया। वहीं मेघालय के खासी और गारो जनजातीय लोक नृत्यों ने सभी को आकर्षित किया।

छात्राओं ने प्रदर्शनी के माध्यम से दोनों राज्यों की खाद्य परंपराओं, त्यौहारों, वेशभूषा, ऐतिहासिक स्थलों और कलाओं की जानकारी दी। पोस्टर, चार्ट और मॉडल के माध्यम से इन राज्यों की झांकी प्रस्तुत की गई। आयशा, मीनाक्षी, अकक्षा, अर्शी, गौरी, प्रिया आदि छात्राओं ने विशेष प्रस्तुति दी।

प्रधानाचार्या रेखा देवी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से छात्रों में राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक समरसता और विविधता के प्रति सम्मान की भावना उत्पन्न होती है। कार्यक्रम की सफलता में शिक्षिकाओं पुष्पा वर्मा, उषा रानी, धर्मवती और अंजलि का सहयोग सराहनीय रहा।

## एसबीडी कॉलेज में तुलसीदास व प्रेमचंद जयंती पर संगोष्ठी



### साहित्यिक चेतना पर हुआ विमर्श

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एसबीडी महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा गोस्वामी तुलसीदास एवं मुंशी प्रेमचंद की जयंती के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में दोनों साहित्यिक मनीषियों के जीवन, साहित्यिक योगदान और उनके सामाजिक प्रभाव पर विस्तार से चर्चा हुई।

कार्यक्रम की शुरुआत में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा कनक चौहान ने प्रेमचंद की कहानियों पर चर्चा करते हुए तुलसीदास के दोहों का पाठ किया। रीतिका शर्मा ने तुलसीदास के जीवन पर प्रकाश डाला। अलीशा और फातिमा ने तुलसीदास व प्रेमचंद के सामाजिक दृष्टिकोण की तुलना करते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए।

बीएड विभाग की अध्यक्ष डॉ. बिमला ने कहा कि साहित्य समाज को दिशा देने वाला साधन है। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. पायल शर्मा ने प्रेमचंद की कहानी 'कफन' के माध्यम से सामाजिक यथार्थ को समझाया। हिंदी विभाग की डॉ. रेणुका ने तुलसीदास की समन्वयवादी सोच को आज के समाज के लिए प्रासंगिक बताया।

प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान ने कहा कि तुलसीदास की रामराज्य की अवधारणा आज भी आदर्श शासन की मिसाल है।

## एक नजर

### युवती व किशोरी से छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

**शेरकोट।** गांव भनोटी में एक युवती और एक किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी और उसके पिता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। गांव के ही एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसकी पुत्री और सलोत परिजनों के साथ छत पर सो रही थीं, तभी पड़ोस का प्रिंस पुत्र सुरेश ने उनके साथ अश्लीलता की। आरोपी प्रिंस के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

### तीज मिलन समारोह का आयोजन




**हल्दौर।** मौहल्ला खेड़ा स्थित पवन ठाकुर के आवास पर नारी शक्ति फ्रेंड्स कॉलोनी समूह के तत्वावधान में तीज मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हरी चूड़ियां पहनाकर व तिलक लगाकर हुआ, जिसमें महिलाओं ने पूरे उत्साह और उल्लास के साथ भाग लिया। समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण, भारतीय परंपराओं के संरक्षण तथा आपसी सौहार्द का सुंदर संदेश भी दिया गया। निर्णायक मंडल की सदस्य उर्मिला देवी व पवन ठाकुर ने प्रिया रस्तौगी को तीज क्वीन के खिताब से सम्मानित किया, जबकि सुमन सिंह को प्रथम रनर-अप घोषित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राखी लोईवाल ने की, जबकि संचालन का दायित्व दीपमाला व ईशा मारवाड़ी ने संयुक्त रूप से निभाया। कार्यक्रम में वीना चौहान, मंजू सिंह, शीतल देवी, ज्योति रस्तौगी, लवली शर्मा, पूजा चौधरी एवं स्वाति चौधरी सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं। इस उत्सव ने नारी सशक्तिकरण और सामाजिक समरसता की एक सशक्त मिसाल पेश की।

### तुलसी जयंती श्रद्धा के साथ मनाई



**धामपुर।** लाला केदारनाथ सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में गुरुवार को गोस्वामी तुलसीदास जयंती श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में छात्राओं को भारतीय संस्कृति, संत परंपरा और तुलसीदास जी के साहित्यिक योगदान से रूबरू कराया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या आभावती ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने 'श्रीरामचरितमानस' जैसे कालजयी ग्रंथ की रचना कर जन-जन को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों से जोड़ा। उन्होंने बताया कि तुलसीदास जी ने न केवल धर्म और भक्ति का प्रचार किया, बल्कि समाज को नैतिकता और आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा भी दी। छात्राओं को बताया गया कि तुलसीदास जयंती श्रावण मास की सप्तमी को मनाई जाती है। इस दिन को साहित्य, भक्ति और संस्कृति के प्रति समर्पण दिवस के रूप में भी देखा जाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ भी किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन में शिक्षिकाएं रेनू, अपर्णा, अनीता, मीनाक्षी, पारुल, पूर्णिमा, सरिता, प्रीति, इशिका, खुशबू, प्रियंका, मेघना सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## सभासद के कार्यालय पर बैठे व्यक्ति से मारपीट, आरोपियों का चालान

**नहटौर।** मोहल्ला बागबान नकटा निवासी हेमराज सिंह वार्ड सभासद बिट्टू के कार्यालय में बुधवार की रात करीब नौ बजे बैठा हुआ था। आरोप है कि मोहल्ले का ही राजा पुत्र सतीश कुमार, आयुष पुत्र संजय ने उसके साथ गाली गलौज करनी शुरू कर दी। जान से मारने की धमकी देकर चले गए। कुछ देर बाद जब वह अपने घर जा रहा था। रास्ते में दोनों आरोपियों ने रोक कर दोबारा से गाली गलौच करते हुए मारपीट कर उसे जमीन पर गिराकर घायल कर दिया। शोर शराबा सुनकर कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। थाना अध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर संबंधित धारा में चालान कर दिया गया है।

## एनपीएस-यूपीएस के विरोध में रोष मार्च आज

### कई शिक्षक एवं कर्मचारी संगठनों ने दिया समर्थन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर एनपीएस-यूपीएस एवं निजीकरण के विरोध में अटेवा/एनएमओपीएस के राष्ट्रीय आह्वान पर होने वाले जिला मुख्यालय पर रोष मार्च की सफलता को लेकर अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रवि एवं विद्युत प्रावैधिक कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने विभिन्न विद्यालयों एवं कार्यालयों में संपर्क कर शिक्षकों एवं कर्मचारियों से रोष मार्च में शामिल होने का आह्वान किया।

साथ ही रोष मार्च को उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ, डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, सिंचाई संघ एवं पीडब्ल्यूडी वर्क चार्ज आदि संगठनों के द्वारा अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह को समर्थन पत्र दिया गया। अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने संघ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन बहाली का संघर्ष यदि हम सभी शिक्षक एवं कर्मचारी संगठित होकर करेंगे तो निश्चित पुरानी पेंशन शीर्घ बहाल होगी। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अश्वनी कुमार व डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रवि ने कहा कि कल (आज) होने वाले जिला मुख्यालय पर रोष मार्च में हमारे संघ के प्रत्येक कर्मचारी प्रतिभाग करेगा। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष दिग्विजय सिंह एवं पूर्व जिला अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद के जिला कोषाध्यक्ष जय प्रकाश पाल ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली का संघर्ष अटेवा ईमानदारी से संघर्षरत है। कल (आज) जनपद के शिक्षक एवं कर्मचारी लामबंद होकर रोष मार्च में शामिल होने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर जिला मंत्री दीपक कुमार चौटाला, अमोद कुमार, श्रवण कुमार, नरवेश कुमार, चतर सिंह, अश्वनी कुमार, कृष्ण कुमार, सुभाष कुमार, पीतम कुमार आदि मौजूद रहे।

# कर करेत्तर की समीक्षा बैठक में एडीएम हुए नाराज़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कर करेत्तर/न्यायालय, राजस्व वाद, एवं प्रवर्तन/कार्यो की समीक्षा में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए जबकि खराब प्रगति पर नाराजगी जतायी।

जिसमें सर्वप्रथम सीएम डैशबोर्ड पर विभिन्न संबंधित विभागों की जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में मंडी आय एवं मंडी आवक को लेकर जानकारी प्राप्त की गयी। जबकि आर सी वसूली को लेकर जानकारी ली। एडीएम ने कम प्रगति होने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आरसी की शत प्रतिशत वसूली के संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन विभागों की आरसी हैं उनसे समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाए। इसके उपरांत प्रवर्तन कार्यो की समीक्षा की गई खनन विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रवर्तन के कार्य को बढ़ाया जाए। श्रम विभाग से लंबित आरसी को लेकर जानकारी प्राप्त की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मंडी समिति, खनन विभाग, आबकारी विभाग, खाद्य सुरक्षा विभाग एवं जिला औषधि निरीक्षक से कार्यवाहियों के विषय में जानकारी प्राप्त की जिसको लेकर अपर जिलाधिकारी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित किया उन्होंने कहा की लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति को बढ़ाया जाए। इस अवसर पर डीएफओ प्रीति यादव, उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी, उप जिलाधिकारी गुन्नौर वंदना मिश्रा, उपजिलाधिकारी सम्भल विकास चन्द्र,डिप्टी कलक्टर विनोद कुमार पांडे, निधिपटेल एवं चकबंदीअधिकारी,समस्त तहसीलदार संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



सम्भल। कर करेत्तर की समीक्षा बैठक लेते अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा।

# शाही जामा मस्जिद के सदर जफर अली की आज होगी रिहाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** शाही जामा मस्जिद के सदर जफर अली एड. की कानूनी पैचीदगियों को पूरा करते हुए स्थानीय अदालत से भी दो धाराओं में जमानत मंजूर कर ली गई है। उनकी देर रात अथवा सुबह तक जेल से रिहा होने की पूरी उम्मीद है।

विगत वर्ष 24 नवम्बर 24 को शाही जामा मस्जिद में दूसरी बार सर्वे कराने पर हिंसा भड़क गयी थी। जिसमें पथराव और आगजनी व गोलीबारी में पांच की मौत हो गयी थी। हिंसा की जांच के लिए न्यायिक आयोग के साथ एसआईटी का भी गठन किया गया था। एसआईटी की टीम ने जामा मस्जिद इंतेजामिया कमेटी के सदर जफर अली एड. को दो बार पूछताछ के लिए कोतवाली बुलाया था। दूसरी बाइ कई घंटे पूछताछ के बाद उन्हे हिंसा की साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया था। अदालत ने उन्हे जेल भेज दिया था। उनके जमानत प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया गया था। जिसके विरूद्व इलाहाबाद उच्च न्यायालय में जमानत याचिका दाखिल की गई थी। उच्च न्यायालय से उनकी जमानत मंजूर कर ली गई,लेकिन एसआईटी की ओर से दाखिल की गई चार्जशीट में दो ओर धाराओं की बढ़ोत्तरी कर दी गई थी। याचिका में दोनों धाराएं न होने से उनकी रिहाई में पेंच फंस गया था। उनके अधिवक्ता ने जिला अदालत में दो धाराओं में जमानत आवेदन दाखिल किया। जिस पर उसे मंजूर कर लिया गया। उनके देर रात तक जेल से बाहर आने की सम्भावना है।

# गाय का दूध शिफा मांस वबा: नुसरत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भारतीय सद्भावना मंच की राष्ट्रीय संयोजक साध्वी मां कल्पना अरुंधति ने सम्भल पहुंचकर कर गो सेवा को लेकर स्थानीय लोगों से संपर्क करते हुए खास पदों की विधिवत घोषणा की। जबकि गोसेवक पूर्व चैयरमेन नगर पालिका परिषद को मंच के गो प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक की कमान सौंपी।

बुधवार को भारतीय सद्भावना मंच की राष्ट्रीय संयोजक साध्वी मां कल्पना अरुंधति सम्भल के रेलवे क्रॉसिंग के निकट स्थित कोल्ड स्टोर में नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन हाजी नुसरत इलाही को भारतीय सद्भावना मंच गो प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक पद की विधिवत घोषणा कर उन्हे चिश्तिया चादर ओढ़ाकर चाँदी का मुकुट पहनाया और माल्यार्पण कर सम्मान किया। इस दौरान उन्होने कहा कि बीते 20 दिन पूर्व हाजी नुसरत इलाही को राष्ट्रीय सदभावना मंच गो प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक का दायित्व दिया गया था। जिसकी आज विधिवत घोषणा की गयी है। मीडिया कर्मियों से वार्ता करते हुए साध्वी मां कल्पना अरुंधति ने कहा कि हाजी नुसरत इलाही लगातार गाय की सेवा कर जो फर्ज निभा रहे हैं समाज को ऐसे ही लोगों की आवश्यकता है। सब मिलकर गाय की सेवा करें। गाय हमारी माता है, सभी का फर्ज है गाय की सेवा करना और इसमें आगे बढ़कर भाग लेना। हाजी नुसरत इलाही ने कहा कि गाय के दूध में शिफा है घी हमें फायदा करता है जबकि गाय के मांस में बवा है। हमे चाहिए कि हम गाय की सेवा करें और इस नेक काम को जरूर करें। हम गाय के संरक्षक को गोशाला का निर्माण करेंगे। सड़कों पर गाय को नहीं फिरने देंगे, गए की सेवा करना हमारा फर्ज है। इस मौके पर सीरत उरूज, मौहम्मद चांद, मोहम्मद अकरम, एहसान, महबूब आदि रहे।



## एक नज़र इधर भी



सम्भल- तारिक अनवर की पुस्तक का विमोचन करते।

### तारिक अनवर की पुस्तक का समारोह पूर्वक विमोचन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** इस्लामी शिक्षा और समाज से जुड़े मुद्दों पर लेखन करने वाले लेखक तारिक अनवर रसूलपुरी की नई पुस्तक 'मुकददस किताब हदीसे उरैना का तहकीकी जायजा' का विमोचन सताराकह पूर्वक किया। मदरसा अजमल उल उलूम में आयोजित समारोह में पुस्तक में लेखक ने ऊंट मूत्र से संबंधित इस्लाम पर लगाए जाने वाले एक निराधार आरोप का मुकददस किताब और हदीस के आलोक में विश्लेषण करते हुए स्पष्ट खंडन किया है। लेखक का कहना है कि इस्लाम में किसी भी जानवर का मूत्र पीना न तो जायज है और न ही इसकी अनुमति किसी इस्लामी स्रोत से मिलती है। यह पुस्तक रियाज उल उलूम एकेडमी,दिल्ली से प्रकाशित हुई है। तारिक अनवर रसूलपुरी इससे पहले भी 'भारतीय तुर्कों का इतिहास' और 'इस्लाम में जात पात की हकीकत' जैसी महत्वपूर्ण पुस्तकें लिख चुके हैं। लेखक की यह नई पुस्तक न केवल एक गंभीर सवाल का जवाब देती है, बल्कि इस्लाम की सही समझ को भी आम पाठकों तक पहुंचाने का प्रयास है। किताब को लेकर पाठकों में रुचि देखी जा रही है और इसे इस्लामी साहित्य में एक अहम योगदान माना जा रहा है।विमोचन समारोह की सदारत मुफ्ती आलम रजा खान नूरी मुफ्ती-ए-आजम सिरसी ने की। इस अवसर पर मदरसे के अध्यापक, विद्यार्थी और कई इस्लामिक विद्वान भी मौजूद रहे।



सम्भल- शिक्षकों की मांगों को डीआईओएस को ज्ञापन देते ।

### पुरानी पेंशन की मांग को शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

**सम्भल।** पुरानी पेंशन देने और वित्तविहीन शिक्षकों की सेवा नियमावली एवं सम्मानजनक मानदेय दिये जाने की मांग को एक ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय नेतृत्व के आहवान पर शिक्षकों का एक प्रतिनिधि मंडल शयामा कुमार से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान शिक्षकों ने पुरानी पेंशन और शिक्षकों के सभी प्रकरणों को निस्तारित कराने की मांग की। जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी प्रकरण शीघ्र निस्तारण करने का आश्वासन दिया। संगठन ने यह भी तय किया कि प्रत्येक माह की 15 एवं अन्तिम तारीख को जनपद के शिक्षको की उत्पन्न हुई समस्याओं को लेकर माह में दो बार जिला विद्यालय निरीक्षक से भेंट वार्ता करेंगें। जनपद के किसी शिक्षक की जो समस्या होगी वह संगठन को अवगत कराकर प्रतिनिधिमंडल के साथ अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु उपस्थित रह सकते है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष नसीम हुसैन, जिला मंत्री राजेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष डा तालिब, पूर्व जिला मंत्री ब्रजलाल, आर एन निगम, आनन्दपाल, आर्य, दीपचन्द, अविनाश मिश्रा आदि अनेक शिक्षक शामिल हुए। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नवाब हसन ने किया।

### बारिश से गर्मी में मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** नगर क्षेत्र में हुई बारिश से गर्मी में कुछ राहत मिली है।वहीं किसानों को भी लाभ मिला है। गर्मी बेतहाशा थी।अब उसमे कुछ सकून मिला है। बारिश होने से राहत मिली है। सभी गर्मी से परेशान थे। अब बारिश होने से गर्मी कुछ कम होगी। बारिश ने मौसम नरम कर दिया। वहीं बारिश से सड़क पर जलभराव हो गया। सड़कों पर कीचड़ फैलने से रपटन हो गयी। नगर में वर्षा से जहाँ एक ओर गर्मी से राहत मिली वहीं दूसरी ओर जलभराव होने से घरों में व सड़क पर पानी भर गया। बरसात थमने के काफी देर बाद जल भराव दूर हो सका। नगर में बारिश से रेलवे रोड की सड़क जलमग्न हो गयी। नगर के गली व मोहल्लों में पानी ही पानी हो गया। बरसात थमने के काफी देर बाद सड़कों से पानी दूर हो सका। लेकिन कीचड़ दूर नहीं हो सकी। किसानों को वर्षा से खेतों की सिंचाई का लाभ मिल गया। किसान नत्थू सिंह, प्रेमपाल सिंह, भूरे, जितेंद्र सिंह ने बताया कि गर्मी में वर्षा से राहत के साथ ही फसलों को पानी मिल गया। इससे फसलों को फायदा है।

### नशे की हालत में पड़ा मिला युवक

**बबराला।** नशे की हालत में युवक मिला।जिसको पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर में भर्ती कराया। गुरुवार को गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव बहलोलपुर पर नशे की हालत में युवक किशनगोपाल उर्फ छोटे पुत्र नौबत सिंह निवासी चमरपुरा थाना रजपुरा पड़ा मिला। सूचना पर गांव में पहुंची 112 पुलिस युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लेकर आई। जहां चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है।

# ग्राम प्रधान के साथ बर्बरता पर एसपी को होना पड़ा सख्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** मुरादाबाद में अतिक्रमण के नाम पर शोषण के विरोध में छत से आढ़ती के कबूदकर जान देने के बाद ही जनपद की पुलिस को सखत होना पड़ गया। ग्राम प्रधान पर बर्बरता दिखाकर उसकी चमड़ी उधेड़ने के आरोपी दारोगा को लाइन हाजिर कर दिया गया।

भाजपा समर्थित कंवलपुर सराय निवासी वर्तमान ग्राम प्रधान को मामूली शिकायत पर थाने बुलाकर उपनिरीक्षक ने जमकर थर्ड डिग्री का इस्तेमाल किया। सौ पटटे मारकर उसकी चमड़ी उधेड़ दी गई। बेदर्दी के साथ पीटे जा रहे ग्राम प्रधान चींख्ता रहा,लेकिन पुलिस कर्मियों ने जैसे कानों में तेल डाल लिया था। उसकी चींख को किसी ने नहीं सुना। लगातार पटटे से पीटे गए ग्राम प्रधान की खाल उधड़ने के बाद ही क्रूर पुलिस के हाथ रूके लेकिन तब तक ग्राम प्रधान अधमरा हो चुका था। किसी तरह उसको छोड़ा गया। अपने घर पहुंचे ग्राम प्रधान के परिजन पुलिस की इस बर्बरता को देखकर सकते में रह गए। परिजनों

**ग्राम प्रधान की खाल उधेड़ने वाला दारोगा लाइनहाजिर**

ने थाना व पुलिस के अन्य अधिकारियों से आरोपी दारोगा व अन्य पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही की मांग की। मामला मीडिया की सुखियां बनने और मुरादाबाद में भाजपा नेता के भाई द्वारा आत्म हत्या कर लेने से शासन प्रशासन पर अंगुलियां उठते ही पुलिस अधीक्षक को सख्त होना पड़ गया। और आरोपी दारोगा पर कार्रवाई करनी पड़ गयी। पुलिस अधीक्षक के के विशनोई ने आरोपी दारोगा को लाइन हाजिर कर दिया है। बहरहाल मीडिया की सुर्खियाँ बनने के बाद मामला शासन तक गूंज होने पर एसपी ने दारोगा को लाइन हाजिर कर दिया है लेकिन पुलिसिया इस क्रूरता ने जहां नौकरशाही की बेलगामी सामने ला दी हे वहीं सत्ता सर्मथकों के पुलिस के इस व्यवहार ने अनेको सवालों को जन्म दे दिया है। वहीं बेकसूर ग्राम प्रधान की खाल उधेड़ने वाले दारोगा को सिर्फ लाइन हाजिर कर देना इंसाफ है।



सम्भल- ग्राम रसूलपुर में छड़ी मेले में अपने जौहर दिखाते पहलवान

# छड़ी मेले में पहलवानों ने दिखाए जौहर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** साम्प्रदायिक सदभाव के प्रतीक छड़ी मेले का सभी सम्प्रदाय वर्ग के लोगों ने आनंद लिया। जबकि मेले में लगी दुकानों से बच्चों और महिलाओं ने खरीदारी की।

ग्राम रसुलपुर धतरा में छड़ी के मेले में दंगल का आयोजन हुआ। मेले में दंगल में भाग लेने वाले पहलवानों ने अपना जौहर दिखाया। दंगल में छोटे बड़े पहलवान की कुश्ती करायी गई। राजू

**ग्राम प्रधान ने पहलवानों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित**

पहलवान और रसूलपुर और रजा पहलवान रसूलपुर की भिड़ंत में कुश्ती बराबरी पर छोड़ी गयी। दूसरे मुकाबले आंसू पहलवान को अल्फाज पहलवान सरायतरीन ने शिकस्त दी। सुल्तान पहलवान रसूलपुर और धर्मेंद्र पहलवान सौधन का मुकाबला बराबरी पर छूटा। फाइनल मुकाबले में मुस्तफा पहलवान को अल्फाज ने शिकस्त दी। कार्यक्रम का संचालन नाजिम मलिक ने कराया। इस मौके पर राजवीर प्रधान की ओर से पहलवानो को सम्मानित किया गया। मेले में हयातनगर थाने की पुलिस का भरपूर सहयोग रहा। दंगल में नाजिम मलिक, शाहरुख मंसूरी कुरेशी, इरशाद, लियाकत ,बदलू, सैफी, नासिर, शाहजेव समेत बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। अंत में नाजिम मलिक ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### अतुल को बनाया संयोजक

**बबराला।** आर्यव्रत विश्व सनातन विकास परिषद (बोर्ड) भारत गोवर्धन, मथुरा द्वारा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष कृष्ण कांत महाराज व संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीष कृष्ण नंदाचार्य द्वारा नगर गुन्नौर के मौहल्ला सराय निवासी अतुल माथुर को जिला सम्भल का संयोजक मनोनीत किया गया। उनसे आशा की गई कि वह ईमानदारी वह कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य कर सनातन धर्म के प्रति कर्तव्य निर्वाहन करेंगे। उनके मनोनयन पर नगर के अमित शर्मा, सुमित शर्मा, गौरव, सर्वेश, राकेश शर्मा, हरिशंकर आदि लोगों ने हर्ष व्यक्त किया।

### किसान सभा में उर्वरक की दी गई जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** खंड विकास सम्भल के ग्राम धीमर खेड़ी मोहम्मदपुर मालिनी में किसान सभा आयोजन किया गया जिसमें लगभग 80 से 90 किसानों ने भाग लिया। इफको के डा. आदर्श विश्नोई द्वारा संपन्न किया गया। आयोजन के सहायक चौधरी इरशाद खान भारतीय किसान यूनियन मुलायम के राष्ट्रीय प्रभारी धीमर खेड़ी में इफको केंद्र के सचिव तथा मोहित कुमार भी उपस्थित रहे।

# सड़क पर चलते नियमों का ज़रूर करें पालन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** बढ़ते हादसों को रोकने और यातयात नियमों को जागरूकता लाने के उददेश्य से स्कूली बच्चों को रोककर यातयात पुलिस कर्मियों ने जागरूक किया और उन्हे पैदल सड़क पार करना भी सिखाय।

पुलिस अधीक्षक के के विशनोई के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत कस्बा बबराला में यातायात पुलिस के उप निरीक्षक प्रमोद मान व हेड कांस्टेबल सोनू अहलावत के द्वारा विद्यालय से छुट्टी के समय सड़क पर स्कूली बच्चों को रोककर उन्हें यातायात नियमों की जानकारी दी गई। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने बच्चों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें सड़क पार करने के सुरक्षित तरीके, पैदल चलने के नियम, ट्रैफिक लाइट्स का महत्व, जेब्रा क्रॉसिंग का प्रयोग, हेलमेट पहनने और सड़क पर सतर्कता बरतने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से समझाया।

बच्चों को यह भी बताया गया कि यातायात नियमों का पालन केवल कानून का सम्मान नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा के लिए आवश्यक है। जागरूकता के इस प्रयास में बच्चों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लिया और यातायात नियमों के प्रति सकारात्मक रुझान दिखाया। यातायात पुलिस द्वारा किए गए इस प्रयास का उद्देश्य आने वाली पीढ़ी को ट्रैफिक अनुशासन के प्रति जागरूक करना और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाना है। पुलिस कर्मियों ने बच्चों को स्कूल से आते इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर कांस्टेबल अंकित एवं अन्य यातायात पुलिस कर्मी मौजूद रहे। नियमों की अंदेखी नहीं करने और नियमों का पालन करके ही सड़क को पार करने के लिए भी प्रेरित किया। साथ ही पुलिस कर्मियों को स्कूल के समय ध्यान से काम लेने को निर्देशित किया।



सम्भल- सकूली छात्र-छात्राओं को जागरूक करते यातायात पुलिस कर्मी।

### गृह कलेश में फांसी के फंदे पर झूली विवाहिता

**सम्भल।** गृहक्लेश के चलते महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामाभर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र के कैलमुंडी गांव निवासी महिला राजेश्वरी (21) पत्नी नंदकिशोर ने ग्रहक्लेश के चलते घर में फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। बदायूं के जरीफ नगर थाना क्षेत्र के गांव निवासी राजेश्वरी की शादी नंदकिशोर के साथ 2 वर्ष से पहले हुई थी। घर में झगड़े के चलते गुरुवार देर शाम महिला राजेश्वरी ने फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या कर दी। सूचना पर जरीफनगर निवासी मायके वाले मौके पर पहुंच गए तथा हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। वहीं आत्महत्या की सूचना और मायके वालों के हंगामा करने की सूचना पर कैलादेवी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया।

# पाइप लाइन के गड्ढे में फंसकर सम्भल के युवक की दिल्ली में मौत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवक की दिल्ली के जहांगीरपुरी में पाइपलाइन बचाने के कार्य के दौरान गहरे गडढे में दबकर मौत हो गई।सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची दिल्ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

संभल के कैला देवी थाना क्षेत्र के रुदायन गांव निवासी विकास पुत्र महेश अपने साथी अमीन और

**सूचना मिलने पर परिवार मे मचा कोहराम, परिजन दिल्ली रवाना**

गुडडू के साथ दिल्ली के जहांगीरपुरी में पाइपलाइन बिछाने का कार्य कर रहा था। जहां पाइपलाइन बिछाने के लिए गडढे खोदे गए थे। बुधवार देर शाम पाइप लाइन के लिए खोदे गए गडढे में गिरकर विकास की मौत हो गई। जिसको सूचना साथिया ने परिजनों को दी। सूचना पर दिल्ली पुलिस की मौके पर पहुंचकर तथा शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं सूचना पर मृतक के परिजन भी दिल्ली के लिए रवाना हो गए। मृत्यु की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

# शिव कथा करती है सबको पवित्र: आचार्य अनंतदास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नगर के चामुंडा मंदिर हल्लू सराय में श्री शिव महापुराण कथा के प्रथम दिन शिव की कथा का महत्व बताया।



कथा व्यास आचार्य अंनतदास जी महाराज ने शिव कथा का महत्व बताते हुए कहा कि शिव कथा सबको पवित्र करती है। एकमात्र भगवान शिव ही है जो जीवों के अवगुणों को नहीं देखते और कृपा करते हैं, क्योंकि उनका नाम ही भोलानाथ है। कथा प्रसंग में श्रावण मास क्या है और भगवान शिव को क्यों प्रिय है। इसकी कथा सुनाई, दीपक ब्राह्मण और चंचुला का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि स्त्री अपने कुल को भी भवसागर से पार लगा देती है। विदुंक जो अपने आप से प्रेत बना था भगवान शिव की कथा सुनकर शिव जी की कृपा से शिव रूप होकर कैलाश में शिव के गढ़ पदवी को प्राप्त करता है। कथा में पंकज शर्मा तथा निधि शर्मा मुख्य यजमान रहे। जबकि महंत मुरली, मनोज कुमार गुप्ता, रामकिशन ठकराल, रजनीकांत चौहान,योगिता गुप्ता, मोनिका अरोड़ा, दयावती शिवओम गुप्ता शुभम गुप्ता, राजू ठाकुर, शिवम ठाकुर, संजय ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### आज से बढ़े रेट पर होंगे बैनामे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** । उप निबन्धक कार्यालय गुन्नौर के रजिस्टार नारेंद्र सिंह ने बताया कि एक अगस्त (आज) से भूमि की बड़ी रेट लिस्ट के अनुसार बैनामे किये जायेंगे। नये रेट आज से प्रभावी हो गये हैं। लोग इसी बैनामा करा सकते हैं।

# सार्वजनिक वितरण प्रणाली में भ्रष्टाचार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली में भृष्टाचार व अनियमित्ताओं के विरोध में आजाद अधिकार सेना के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रर्दशन किया जबकि उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर लाभार्थी को निर्धारित खाद्यान्न दिलाने की मांग की।

प्रदेश महासचिव खिजर गाँस के नेतृत्व में जिला आजाद अधिकार सेना के कार्यकर्ता उपजिलाधिकारी के कार्यालय पर पहुंचे। सार्वजनिक वितरण प्रणाली में घोर भ्रष्टाचार और अनियमितता के आरोप लगाकर कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रर्दशन किया। जबकि महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी विकास चंद्र को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में भ्रष्टाचार के कारण पूरे देश के लोग पीड़ित और प्रताड़ित है, किंतु इस मामले में केंद्र सरकार की नीति ऐसी है, जिसके कारण समस्याओं का समाधान होने की जगह हालात बिगड़ते जा रहे हैं। ज्ञापन में कहा गया कि जहां प्रत्येक लाभार्थी को 5 किलोग्राम अनाज मिलना चाहिए वहीं वास्तविक रूप में चार से साढ़े चार किलोग्राम अनाज ही दिया जा रहा है। साथ ही अनाज की कालाबाजारी, कम तौल और गैर लाभार्थियों को अनाज वितरण के तमाम मामले आ रहे हैं। जबकि राशन कार्ड धारकों को समय से अनाज नहीं मिल रहा है और कई बार दुकानों पर स्टॉक की कमी का बहाना बनाकर लाभार्थियों को वापस भेज दिया जा रहा है। कार्यकर्ताओं ने इस स्थिति में सुधार के लिए राशन वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और दोषी राशन दुकानदारों के खिलाफ पारदर्शी ढंग से कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही इस योजना के सही क्रियान्वयन के लिए आधुनिक तकनीकी और एआई के प्रयोग की मांग भी की गई है। इसके अलावा भ्रष्टाचार को रोकने के लिए डिजिटल ट्रैकिंग और स्वतंत्र शिकायत निवारण तंत्र की मांग की गई है। विरोध प्रदर्शन के दौरान रहे, मंडल अध्यक्ष जरीफ मिर्जा, जिला उपाध्यक्ष फैजान खान, डा शहनवाज चौहान, रागीब हुसैन, उस्मान खान, मनोज कुमार, आसिफ एडवोकेट, आरिफ मसूदी, जावेद खान, शानू खान, रऊफ किदवई, फुरकान अल्वी, इलियास कुरैशी, फहीम, जुनैद आदि लोग रहे।



# निजी अस्पताल में ताला डालकर कथित महिला चिकित्सक फरार

## दलपतपुर में फर्जी चिकित्सक के खिलाफ रिपोर्ट, प्रसव के दौरान महिला की हो गई थी मौत, परिजनों ने किया था हंगामा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** प्रसव के दौरान महिला की मौत होने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दलपतपुर स्थित झोलाछाप महिला चिकित्सक के निजी अस्पताल पर छापा मारा। इससे पहले ही महिला चिकित्सक अस्पताल में ताला ठोक कर फरार हो गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूंढापांडे में तैनात डॉ. अशरफ अली बिना कार्रवाई के वापस आ गए। डॉ. अशारफ ने महिला चिकित्सक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की बात कही है। बीते दिन मिलक कामरू निवासी सतपाल की पत्नी शशि को प्रसव प्रीड़ा के दौरान दलपतपुर ब्लाक कार्यालय के निकट आकांक्षा हेल्थ केयर सेंटर में भर्ती कराया गया था। जहां महिला चिकित्सक शशि द्वारा गलत इंजेक्शन लगाने से उसकी हालत खराब हो गई।



जिसपर परिजन उसे मुरादाबाद ले गए थे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। विरोध में परिजन मृतक के शव को वापस ले आए और दलपतपुर पुलिस चौकी पर रख कर प्रदर्शन किया। उन्होंने थाने में तहरीर देकर कथित डॉ. शशि के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी। स्थानीय पुलिस द्वारा आश्वासन देने पर ही प्रदर्शनकारी शांत हुए थे। गुरुवार को स्थानीय पुलिस और स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ डॉ. अशरफ अली के नेतृत्व में झोलाछाप डॉ. शशि का अस्पताल सीज करने पहुंचा लेकिन महिला चिकित्सक गेट में ताला लगा कर फरार हो गई।

ग्रामीण मुहम्मद नईम, अहमद अली व फहीम ने बताया कि कथित महिला चिकित्सक लंबे समय से फर्जी अस्पताल चलाकर लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रही है। अनेक मामले बिगाड़ भी चुके है जिससे लोगों में रोष है।दलपतपुर पुलिस चौकी इंचार्ज ने कहा कि पुलिस कथित महिला चिकित्सक को तलाश कर रही है। उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

## कर-करेत्तर एवं राजस्व प्रगति की मंडलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

**मुरादाबाद।** मण्डलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व प्रगति की मण्डलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। मण्डलायुक्त ने बिक्री व्यापार कर एवं निबंधन, परिवहन, खनन, आबकारी, राजस्व, विद्युत, आदि की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। अवैध खनन के विरुद्ध प्रवर्तन कार्य की प्रगति खराब होने पर मण्डलायुक्त ने प्रवर्तन बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी मुरादाबाद अनुज सिंह, जिलाधिकारी बिजनौर जसजीत कौर, जिलाधिकारी अमरोहा निधि गुप्ता वत्स, जिलाधिकारी रामपुर जोगिंदर सिंह, जिलाधिकारी सम्भल राजेन्द्र पैंसिया के साथ ही सभी जनपदों के अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सहित संबंधित विभागों के मण्डल स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### बजरंगी कर रहे दिन-रात कांवड़ियों की सेवा, भंडारा लगातार जारी



**कांठ।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता 17 जुलाई से दिन रात कॉवडियों की सेवा में लगे हुए हैं आज भी गांधी आश्रम में भंडारा संचालित हैं बतादे की विश्व हिंदू परिषद द्वारा हर वर्ष सावन के महीने में कॉबड़ियों की सेवा के लिए शिबिर का संचालन किया जाता है जो इस वर्ष 17 जुलाई को शुरू हुआ तभी से यह शिविर दिन रात 24 घंटे कॉबड़ियों की सेवा में लगा है शिविर में चिकित्सा भोजन आराम की सुविधा उपलब्ध है।

मोनू बिश्नोई बजरंगी का कहना है कि जब तक कांवड़िए इस मार्ग से गुजरेंगे शिविर उनकी सेवा में संचालित रहेगा। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### वंदना बिश्नोई बनीं पीएम श्री विद्यालय की इंचार्ज प्रधान अध्यापिका



**कांठ।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने एक आदेश जारी कर विकास खंड छजलैट के 22 विद्यालयों में वरिष्ठ शिक्षकों को 2 अगस्त तक चार्ज ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं स नगर के पीएम श्री विद्यालय में अब वरिष्ट शिक्षिका वंदना बिश्नोई इंचार्ज प्रधान अध्यापिका होगी स जानकारी के अनुसार मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने गुरुवार को एक आदेश जारी कर 22 विद्यालयों के कनिष्ठ शिक्षकों को 2 अगस्त तक अपने विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों को चार्ज देने के निर्देश दिए हैंस जानकारी के अनुसार 17 जुलाई के आदेश के क्रम में विद्यालय में नियमानुसार कार्यरत वरिष्ठ अध्यापक / अध्यापिका को विद्यालय का समस्त चार्ज देने के आदेश प्राप्त हुए है, संलग्न सूची के अनुसार अध्यापक जनपद मुरादाबाद की वरिष्ठता के क्रम में अपने विद्यालय का समस्त वित्तीय एंव शैक्षिक प्रभार ग्रहण करते हुए दिनांक 02 अगस्त तक सूचना उपलब्ध कराएंगे। चार्ज ग्रहण करने वाले 22 शिक्षकों में परम सिंह,सत्यवीर सिंह, अनिता गुप्ता,आदर्श त्यागी, बृज बाला,रजनी देवी,वंदना विश्नोई,संजय कुमार,संगीता भटनागर,नजमा बानो,रचना सक्सेना,विकास कुमार, लोकेश सिंह,अकरम अली, बबिता रानी,अशोक कुमार, शाइस्ता अंजुम,कृष्णा रानी, धर्मेंद्र सिंह,गौरव सिंह, रोहित कुमार, के नाम शामिल है।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'लीन स्टार्ट-अप एंड मिनिमम वायबिल प्रोडक्ट/बिजनेस' शीर्षक पर हुआ एक मार्गदर्शन सत्र का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूशन्स इन्नोवेशन काउंसिल (आईआईसी) एवं स्कूल ऑफ साइंसेज के संयुक्त तत्वावधान में "लीन स्टार्ट-अप एंड मिनिमम वायबिल प्रोडक्ट/बिजनेस" शीर्षक पर एक मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने इस सेशन के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस सत्र में जनपद मुरादाबाद की बिलारी स्थित "फैमिली फार्मर मुरादाबाद एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी" के निदेशक श्री अरिंदर बड़गोती मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने गन्ने को रस से सम्बन्धित उद्योग को एक फलते-फूलते उद्योग के रूप में वर्णित करते हुए कहा कि गन्ने के रस का सेवन अपनी प्राकृतिक मिठास और स्वास्थ्य लाभों के कारण देश भर में व्यापक रूप से किया जाता है। गर्मियों के दिनों में इसकी माँग विशेष रूप से अधिक होती है, जिसके कारण यह एक लाभदायक मौसमी व्यवसाय बन जाता है। उन्होंने बताया कि सही रणनीतियों के साथ इसको साल भर चलने वाले व्यवसाय में बदला जा सकता है। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रणनीतिक योजना, सही उपकरण और गुणवत्ता पर ध्यान देकर कोई भी उद्यमी गन्ने को



विविध ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने वाला एक फलता-फूलता व्यवसाय बना सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि कम लागत व जलवायु परिवर्तन के प्रति लचीलेपन एवं विविध मूल्यवर्धित उत्पादों की क्षमता के कारण मिलेट्स (मंडुआ) की खेती भी एक छोटा व्यवसाय हो सकता है। इसकी उत्पादन लागत कम होती है और यह एक टिकाऊ और लाभदायक कृषि मॉडल साबित हो सकता है। आईआईसी के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार ने सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि एक न्यूनतम व्यवहार उत्पाद जारी करके कंपनी ग्राहकों की प्रतिक्रिया से अपने उत्पाद को ग्राहकों की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप बना सकती है। इस मौके पर कुलसचिव डॉ. अग्रवाल ने कहा कि सत्र के दौरान मुख्य वक्ता श्री बड़गोती द्वारा प्रस्तुत किए गए दृष्टिकोण से व्यवसाय के जोखिमों को कम करके व उनमें निरंतर सुधार करके नवाचार को बढावा दिया जा सकता है। स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह ने बताया कि 'लीन स्टार्टअप एंड मिनिमम वायबिल प्रोडक्ट/बिजनेस' प्रक्रिया का प्रयोग करके बिजनेस में संसाधनों के अनावश्यक उपयोग से बचा जा सकता है। डॉ. सिंह ने जानकारी दी कि इस मार्गदर्शन सत्र के दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के 60 से अधिक प्रतिभागी विद्यार्थियों के अलावा कई शिक्षक भी उपस्थित रहे। सत्र के सफल आयोजन में आईआईसी के समन्वयक डॉ. अतनु नाग, आयोजन सचिव डॉ. सारिका अरोड़ा समेत डॉ. अशोक कुमार, डॉ. निधि तिवारी एवं डॉ. स्मिता ज्योति का योगदान रहा।

# टीएमयू नर्सिंग कॉलेज के कोर्स जॉब्स की संभावनाओं से लबरेज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** इंटरमीडिएट के बाद युवाओं को स्वर्णिम भविष्य के लिए ऐसे कोर्स का चुनाव करना चाहिए, जो जॉब्स की संभावनाओं से लबरेज हों। हेल्थ सेक्टर में नर्सिंग हमेशा से लोकप्रिय प्रोफेशन्स में शुमार है। नर्सिंग ऐसा पेशा है, जिसका सेवा भाव अनमोल है। डॉक्टर को समाज में जैसे भगवान का दर्जा प्राप्त है, वैसे ही नर्सों को भी बेहद सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। 10+2 यानी बारहवीं के बाद अगर युवा नर्सिंग में अपना करियर बनाना चाहते हैं, तो तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की ओर से संचालित तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ नर्सिंग और तीर्थंकर पार्श्वनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग बेहतर विकल्प हैं। अगर आपका 10+2 बायोलॉजी वर्ग से है, तो बीएससी नर्सिंग वर्तमान में एक बेहतरीन करियर ऑप्शन है। कला, मैथ और वाणिज्य वर्ग के स्टुडेंट्स के लिए एएनएम उत्कृष्ट विकल्प हैं। टीएमयू में बीएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग के संग-संग पीएचडी की सहूलियत भी है। नर्सिंग की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी बताती हैं, टीएमयू के सभी नर्सिंग कोर्सेज यूपी नर्सेस एंड मिडवाइफ काउंसिल, लखनऊ एवम् इंडियन नर्सिंग काउंसिल, न्यू दिल्ली से मान्यता प्राप्त हैं। कोई भी नर्सिंग कोर्स करने के बाद स्टुडेंट्स के लिए करियर के बहुतेरे द्वार खुले हैं। युवा सरकारी, निजी क्षेत्र के अस्पतालों में नर्सिंग ऑफिसर, नर्सिंग सर्विस एडमिनिसट्रेटर, सहायक नर्सिंग अधीक्षक, उप नर्सिंग अधीक्षक के रूप में जॉब कर सकते हैं। नर्सिंग कॉलेज में एक शिक्षक के रूप में भी अपना करियर बना सकते हैं। हेल्थ इंडस्ट्री में इंडस्ट्रियल नर्स के रूप में कार्य कर सकते हैं। मिल्ट्री नर्स, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर- सीएचओ, स्कूल हेल्थ नर्स के रूप में भी अपनी सेवाएं देने के संग-संग सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं में रिसर्चर के रूप में कार्य कर सकते हैं। जैसे-जैसे इस क्षेत्र में आपके अनुभव और कौशल में वृद्धि होती है, वैसे ही करियर में तरक्की के राह आसान होती रहेगी।

# प्रीग्रैड प्रा. लिमिटेड कम्पनी में टिमिट की बी.कॉम की छात्रा का इंटर्नशिप के लिए चयन

**मुरादाबाद।** टिमिट की बी.कॉम की होनहार छात्रा श्रीमा अग्रवाल को प्रतिष्ठित कंपनी प्रीग्रैड प्रा. लिमिटेड, नोएडा में इंटर्नशिप के लिए एसईओ कंटेंट राइटर इंटर्न के पद पर चयन किया गया है। श्रीमा का चयन कम्पनी की उच्चतम स्तरीय चयन प्रक्रिया के माध्यम से हुआ है, जिसमें कम्पनी उनके शिक्षागत प्रदर्शन, व्यक्तिगत गुणवत्ता, तकनीकी ज्ञान और योग्यता के माध्यम से उनकी प्रवीणता को मापा गया। इंटर्नशिप के दौरान, छात्रा को आपक्रिया में लाने, उच्चतम स्तरीय तकनीकी उपायोगिता के साथ प्रौद्योगिकी नवाचारों को समझने और विकास के साथ काम करने का अवसर मिलेगा। प्रीग्रैड प्रा. लिमिटेड एक नवाचार-आधारित शैक्षिक प्लेटफॉर्म है, जो युवाओं को करियर उन्मुख



श्रीमा अग्रवाल

प्रशिक्षण, स्किल डेवलपमेंट और इंडस्ट्री प्रोजेक्ट्स के माध्यम से व्यावसायिक रूप से सक्षम बनाता है। कंपनी का उद्देश्य शिक्षा और इंडस्ट्री के बीच की दूरी को कम करना है, जिसमें कंटेंट का अत्यधिक महत्त्व है। इस अवसर पर टिमिट के डीन-फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट प्रो. विपिन जैन ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि हमें उम्मीद है कि यह इंटर्नशिप छात्रा के करियर के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। हम श्रीमा अग्रवाल को उनके इंटर्नशिप के लिए बधाई देते हैं और उनकी सफलता की कामना करते हैं। उम्मीद है कि इस अनुभव से वे नए आदर्श और नई उच्चताओं की ओर अग्रसर होंगी। इस अवसर पर कार्पोरेट रिसोर्स सेन्टर के असि0 डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर और जॉइंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ सिंह ने कम्पनी के अधिकारियों का धन्यवाद व्यक्त किया व चयनित छात्रा को उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक बधाई दी व कहा कि टिमिट पूरे मंडल में सर्वोत्तम है व हमारे छात्रों को उत्तम प्लेसमेंट दिया जा रहा है।

### भाजपा नेता के घर काम कर रहे मजदूर को सांप ने काटा



**कांठ।** भाजपा नेता के घर मकान की मरम्मत का काम कर रहे राज मजदूर को आज सांप ने काट लिया भाजपा नेता मजदूर को सरकारी अस्पताल लेकर आए और सांप काटने से बचाव का इंजेक्शन लगवाया मजदूर की हालत ठीक बताई जा रही है। बतादें कि भारतीय जनता पार्टी के नेता संजय ढाका अपने पैतृक आवास रमपुरा में मकान की मरम्मत का कार्य करा रहे थे जिसमें राजमिस्त्री के साथ अनिल कुमार पुत्र करन सिंह निवासी भीकनपुर मजदूर का काम कर रहा था। बताया गया कि तभी घर में निकले सांप ने अचानक उसे काट लिया सांप काटने की जानकारी मिलते ही हड़कंप मच गया गांव के सांप पकड़ने वालों ने सांप को तो पकड़ लिया लेकिन भाजपा नेता मजदूर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए और वहां सांप कांटे से बचाव का इंजेक्शन लगवा दिया। गनीमत रही कि सांप जहरीला नहीं था और उसके जहर ने मजदूर पर कोई खास असर नहीं किया। चिकित्सको ने 12 घंटे तक मजदूर को निगरानी में रखे जाने की बात कही। कुल मिलाकर मजदूर की हालत ठीक बताई जा रही है।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड के अनुसार मंडलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मण्डलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में सीएम डैशबोर्ड के अनुसार विकास कार्यों की मण्डलीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में मण्डलायुक्त ने सभी संबंधित विभागों की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर तरीके से संचालित करने के निर्देश दिए। सभी जनपदों में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की खराब प्रगति होने पर मण्डलायुक्त ने सभी सीएमओ को सुधार लाने के निर्देश दिए। जनपद अमरोहा में आशाओं का 34 प्रतिशत भुगतान होने पर वहां के सीएमओ को शतप्रतिशत भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ई-कवच, नियमित टीकाकरण, होम विजिट, वीएचएसएनडी सर्विसेज का भी सीएमओ को समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों को सेशन पर वेट मशीन की उपलब्धता बनाए रखने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने मंडल में जिला चिकित्सालयों में उपलब्ध हेल्थ एटीएम के संचालन की वर्तमान स्थिति के बारे में एडी हेल्थ से रिपोर्ट तलब की है। मण्डल की ग्राम पंचायतों में निर्मित आरआरसी और शवदाह गृहों की स्थिति के बारे में विस्तृत रिपोर्ट के लिए उप निदेशक पंचायत तथा सुगम्य लाईब्रेरी के संचालन और वर्तमान स्थिति को लेकर उप निदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण को अपनी रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्देश दिए कि मण्डल में प्रमुख मार्गो पर अवैध कट को लेकर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करके प्रेषित करें, ताकि जरुरी कार्य कराए जा सके। मण्डलायुक्त ने जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए रामपुर, बिजनौर, अमरोहा डी ग्रेड में होने पर सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन में पाइप लाइन बिछाने से कितने गांव के रास्ते खराब हैं, सीडीओ टीम बनाकर उन गांवों को चिन्हित करें। जिन ग्राम पंचायतों में समय सीमा के अन्तर्गत रास्ते ठीक नहीं हुए तो संबंधित की जिम्मेदारी तय करते हुए एफआईआर दर्ज करायी जाये। पीएम सूर्यघर में बिजनौर एवं रामपुर की स्थिति ठीक होने पर आयुक्त ने अन्य जनपदों को भी उनके अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए। उच्च प्राथमिक विद्यालयों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाईन की शिफ्टिंग कार्य में मुरादाबाद की प्रगति 8 प्रतिशत तथा अमरोहा की प्रगति 11 प्रतिशत होने पर सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए अधिशासी अभियंताओं को निर्देशित किया कि बरसात का मौसम है विद्युत पोलों पर बेतरकीब तार न लटकीं हों, इसको सुनिश्चित किया जाये। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने डाटा अपडेट करने के साथ ही अद्यतन जानकारी भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। किसान रजिस्ट्रेशन में सम्भल की प्रगति 46 प्रतिशत होने पर मण्डलायुक्त ने प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। एनआरएलएम रिवाल्विंग फण्ड के अन्तर्गत बैंक क्रेडिट तथा समूह में मुरादाबाद की प्रगति लक्ष्य के सापेक्ष बढ़ाने के निर्देश डीसी एनआरएलएम को दिए।

मुख्यमंत्री आवास योजना में वित्तीय वर्ष 2023-24 में बिजनौर एवं सम्भल में पेडेंसी होने पर मण्डलायुक्त ने निस्तारण करने के निर्देश दिए। विलुप्त नदियों के पुनरुद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत आयुक्त ने मण्डल के सभी मुख्य विकास अधिकारियों को शतप्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत मुरादाबाद एवं सम्भल की प्रगति खराब होने पर ठीक करने के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने कन्या सुमंगला योजना, प्रोजेक्टर अलंकार, नई सड़कों का निर्माण, कन्या विवाह सहायता योजना की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लम्बित आवेदनों का समय से निस्तारण किया जाए। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना में मुरादाबाद, सम्भल की प्रगति खराब होने पर आयुक्त ने प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी मुरादाबाद अनुज सिंह, जिलाधिकारी बिजनौर जसजीत कौर, जिलाधिकारी अमरोहा निधि गुप्ता वत्स, जिलाधिकारी रामपुर जोगिंदर सिंह, जिलाधिकारी सम्भल राजेन्द्र पैंसिया के साथ ही सभी जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी एवं संबंधित विभागों के मण्डल स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### एसडीएम ने किया कांवड़ मार्ग का निरीक्षण



**कांठ।** एसडीएम संत दास पवार ने आज कावड़ मार्ग का निरीक्षण किया और पुलिस को सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के निर्देश दिए चार अगस्त को सावन का आखिरी सोमवार है जिसे लेकर अब भारी तादाद में कांवडिया और कावड़ बेड़े नगर से गुजर रहे हैं कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है आज एसडीएम मोडी तिराहा आदि मार्गों पर पहुंचे और गुजर रहे कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था को देखा। उन्होंने पुलिस को वाहनों को सड़क से दूर रखने के लिए निर्देशित किया और कहा कि किसी भी प्रकार की रुकावट कावड मार्ग में नहीं आनी चाहिए इसके अलावा भी उन्होंने कावड़ मार्ग पर कई जगह जाकर प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्था को जांचा।

### आठ लाभार्थियों का किया साक्षात्कार

**मुरादाबाद।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सत्यवीर सिंह ने बताया कि स्थान-विकास भवन, सभागार, मुरादाबाद में वित्तीय वर्ष 2025-26 में माटीकला टूल-किट्स वितरण योजना के अन्तर्गत नि:शुल्क विद्युत चालित चाक वितरण हेतु 47 आवदेको के प्राप्त ऑनलाइन आवेदन के सापेक्ष 25 लाभार्थियो का चयन एवं पगमिल मशीन वितरण हेतु 09 आवेदको के प्राप्त ऑनलाइन आवेदन के सापेक्ष 08 लाभार्थियों का साक्षात्कार जिला स्तरीय गठित समिति द्वारा किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला विकास अधिकारी महोदय द्वारा की गयी गया। उनके अतिरिक्त चयन समिति के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

# मुख्य मार्ग पर हो रहे जलभराव की किसी को नहीं है चिंता, बनने से पहले सड़क टूटने के आसार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** मुख्य मार्ग पर हो रहे जल भराव की किसी को चिंता नहीं है सड़क अभी पूरी बनी नहीं के इसके टूटने के आसार पहले बढ़ गए हैं। आसपास के लोगों ने सड़क किनारे जल निकासी की व्यवस्था कराए जाने की मांग की है। बतादे की सहसपुर बॉर्डर से छजलैट तिराहे तक मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण होना है। जिसमें सहसपुर से भूड़ मंदिर से कुछ दूरी पहले तक सड़क बनाई गई है अभी नगर एवं आगे छजलैट तक सड़क का निर्माण होना है लेकिन सैफी धर्म कांटे के पास सड़क पर जल भराव होने के कारण सड़क टूटने के कगार पर पहुंच गई है। सड़क के दोनों और किनारे ऊंचे हैं और सड़क पर पानी की निकासी की कोई व्यवस्था न




होने के कारण इस सड़क का जल्द ही टूट जाना तय माना जा रहा है। लोगों का कहना है कि अभी तो इस मार्ग का पूरी तरह से चौड़ीकरण होकर निर्माण भी पूरा नहीं हुआ और इससे पहले ही इसके टूटने के आसार बन गए हैं। आसपास के लोगों ने जल निक. ासी की व्यवस्था कराने की मांग उठाई है।

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र सैफ अली को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति व सामाजिक रिश्तों से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में सैफ अली के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमें बाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा।
श्रीमती रूकसाना बेगम पत्नी नसीम अहमद निवासी लाकड़ी फाजलपुर, तहसील व जिला मुरादाबाद।

**संबंध विच्छेद सूचना**

हमने अपने सगा भाई मस्तराम उर्फ सूरज व मेरा सगा जेठ मस्तराम उर्फ सूरज पुत्र त्रिलोक चन्द्र को गलत संगत व गलत आचरण में पड़ने के कारण अपने पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में मस्तराम उर्फ सूरज के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। मुरारी लाल व राधेश्याम पुत्रगण त्रिलोक चन्द्र निवासीगण मौहल्ला लंकाबाग, बृजधाम कालोनी, थाना कटघर, जिला मुरादाबाद व श्रीमती रविता पत्नी विषन निवासी दक्षणी बाजार, बहजोई देहात, जिला-सम्भल हाल निवासी मौहल्ला लंकाबाग, बृजधाम कालोनी, थाना कटघर, तहसील व जिला मुरादाबाद।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी०डि०) महोदय, मुरादाबाद**
**उत्तरा. वि.वाद संख्या:** 46/2025
**तारीख पेशी:** 05.08.2025
**सूर्यकान्त भारद्वाज बनाम शिव कुमार भारद्वाज आदि।**

सूर्यकांत भारद्वाज उम्र 49 वर्ष पुत्र स्व. श्री गोपीनाथ आर्य निवासी मकान संख्या-ए/336, जिगर कालोनी तहसील व जिला मुरादाबाद हाल पता शिव विहार कालोनी गली नंम्बर-02 बंगला गांव तहसील व जिला मुरादाबाद-**वादी।**

**बनाम**

1. शिव कुमार भारद्वाज उम्र 59 वर्ष पुत्र स्व. श्री गोपीनाथ आर्य निवासी शिव विहार कालोनी गली नं.-2 बंगला गांव तहसील व जिला मुरादाबाद आदि, 2. **जनता आम।** इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा सूर्यकांत भारद्वाज हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा सूर्यकांत भारद्वाज मुसबफा श्रीमती माया रानी अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू. 14,50,000/-हरगाह मुसम्मा सूर्यकांत भारद्वाज ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 05 मास 08 सन् 2025 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज (सी०डि०), मुरादाबाद।**

**NAME CHANGE**

My name in the passing certificate and mark sheet is Mohd Afzal saifi which is wrong, my correct name is Mohammad Afzal, in future I should be known and identified by the name of Mohammad Afzal, Mohammad Afzal son of Mohammad Asim resident of Delhi Road Budh Bazar near SBI Bank Pakbara Moradabad.

**NAME CHANGE**

My name in the passing certificate and mark sheet is Mohd Kazim Saifi which is wrong, my correct name is Mohammad Kazim, in future I should be known and identified by the name of Mohammad Kazim, Mohammad Kazim son of Mohammad Asim resident of Delhi Road Budh Bazar near SBI Bank Pakbara Moradabad.

# जंगल में मिला अज्ञात युवक का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** ढकिया नरु के जंगल में सवेरे अज्ञात शव पानी भरे धान के खेत में औधे मुंह पड़ा दिखा। सूचना पर पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पहचान कराने का प्रयास किया परंतु नहीं हो सकी। फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। अपरान्ह मृतक की पहचान संभल में थाना कुढ़फतेहगढ़ के मिठनपुर मौजा गांव निवासी पैंतीस वर्षीय किशनवीर पुत्र परवत के रूप में हुई। परिवार के लोग पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पानी में डूबकर मृत्यु होने की पुष्टि हुई। स्वजनों के अनुसार बुधवार शाम घर से स्योंडारा की बाजार में सब्जी लेने को कहकर निकाला था। उसके बाद घर नहीं लौटा फोन बंद आ रहा था ऐसे में परिवार के लोगों ने खोजबीन की। लेकिन पता नहीं लगा। बृहस्पतिवार को व्हाट्सएप ग्रुप पर एक फोटो देखने पर उसकी पहचान की। जिसके परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। मृतक के भाई महेंद्र सिंह ने बताया वह तीन भाई हैं बड़े भाई सतपाल यादव की एक महीने पहले ही मौत हुई। तीनों ही भाई परिवार के साथ रहते थे। किशनवीर खेती किसानी करता था। माता-पिता की पहले से ही मौत हो चुकी थी। किशनवीर के परिवार में पत्नी पिंकी के अलावा एक डेढ़ साल का बेटा भी है।

वह स्योंडारा से बिलारी कैसे आया इसका कुछ पता नहीं चल सका। खेत में पानी में डूबने से मौत स्वाभाविक रूप से हुई या किसी अन्य व्यक्ति ने उसे खेत में धकेला। इसका कुछ पता नहीं, पुलिस की जांच के बाद ही पता चल पाएगा। इस मामले में अभी तक तहरीर नहीं दी गई है। कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा ने बताया परिजनों की तहरीर के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी

# एक सप्ताह से तेदुंए की दहशत के साए में ग्रामीण, रात को जागकर बच्चों व पशुओं की सुरक्षा कर रहे ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव गंझेडा आलम व घोटो की मंडिया मे लगातार एक सप्ताह से आबादी के निकट खेतों में तेंदूए देखे जा रहे हैं। यहां तक की 5 दिन पूर्व तेंदूए ने आवारा कुत्ते को भी अपना निवाला बना डाला था। उसी दिन से लगातार तेंदुआ आबादी के निकट खेतों में दिखाई देने से दोनो गॉव के ग्राम वासियो में दहशत व्याप्त है। इसकी सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को दी। जिस पर वन विभाग ने गांव में पहुंचकर ग्रामीणों के साथ तेंदुए की तलाश की। लेकिन तेंदुआ तो नहीं मिला जगह-जगह पजों के निशान जरूर दिखाई दिए। स्पष्ट है कि तेंदुआ इसी क्षेत्र में मौजूद है। ग्रामीणों ने दो से तीन तेंदुआ होना बताया है। गांव के महेंद्र सिंह ,बबलू ,दीपेंद्र सिंह, सुरजीत सिंह, सद्दाम, इलियास, मुस्तकीम का कहना है मुस्तकीम का कहना है कि गांव के निकट ढेला नदी के किनारे तमाम झाड़ झंकार खड़े हैं।



अपने शिकार की तलाश में आबादी की ओर बढ़ रहे हैं। बीते एक सप्ताह से लगातार तेंदूएं दिखाई दे रहे हैं। घोटो की मडइयों को जाने वाले रास्ते में भी तेंदुआ दिखाई दिया है। ग्रामीण दहशत में है दिन छिपते ही सड़कों पर सन्नाटा छा जाता है। स्कूली बच्चों को भी लाठी डंडे लेकर स्कूल छोड़ने जाना पड़ता है और लाना भी पड़ता है। एक तरफ चोरों की अफवाह से क्षेत्र के लोग परेशान है दूसरी तरफ तेंदुए ने किसानों का जीना तो ईश्वर कर दिया है। किसान रात भर जागकर अपने पशुओं की रखवाली कर रहे हैं। वन दरोगा पीयूष जोशी व मदन सिंह ने टीम के साथ बृहस्पतिवार को गांव के जंगलों में कांबिंग की। तेंदुआ नहीं मिला लेकिन उसके पद चिन्ह अवश्य मिले। जिस पर उन्होंने ग्रामीणों से समूह बनाकर खेतों को जाने व सावधान रहने की अपील की।

# पुरानी रंजिश के चलते दबंग का महिला प्रधान व जेठानी पर जानलेवा हमला

■ आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** पुरानी रंजिश के चलते दबंग युवक ने दबंगता दिखाते हुए तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत बहेड़ी ब्रह्मनान की महिला ग्राम प्रधान अल्पना शर्मा और उसकी जेठानी पर गाली-गलौज, अभद्र टिप्पणी करनी शुरू कर दी। जिस पर ग्राम प्रधान अल्पना शर्मा ने विरोध किया तो महिला प्रधान पर जानलेवा हमला कर दिया। जेठानी अंशु शर्मा ने बचाने का प्रयास किया तो दबंग युवक ने उसके साथ भी मारपीट की। शोर सूचना पर ग्रामीणों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ फरार हो गया। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। ग्राम प्रधान महिला की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम पंचायत बहेड़ी ब्रह्मांड की ग्राम प्रधान अल्पना शर्मा ने पुलिस को की तहरीर में कहा कि बुधवार सांयकाल 7.30 के आसपास वह अपनी जेठानी के साथ अपने घर के बाहर टहलने के लिए जा रही थीं, यह दोंनो जब गौरव शर्मा के घर के आवास के सामने पहुँची तो विकास कौशिक पुत्र वेदप्रकाश उर्फ डाक्टर वेदा ने इन दोंनो पर अभद्र टिप्पणी करते हुए गाली-गलौज की शुरू कर दी। विरोध करने पर जान से मारने की नियत से दोनों को धक्का दे दिया, जिससे वह दोंनो घायल हो गई। उनके शोर मचाने पर मोहल्ले के लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ फरार हो गया। मारपीट में घायल ग्राम प्रधान महिला सहित दोंनो का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। तहरीर के आधार पर भोजपुर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। गौरतलब है कि वर्ष 2021 के ग्राम प्रधान चुनाव में परा. जित प्रत्यासी विकास कौशिक अपनी हार का बदला लेने के लिए ग्राम प्रधान की हत्या की साजिश रच रहा है। जिससे सम्बन्धित वाद न्यायालय में विचाराधीन है। थाना पुलिस आरा. पी की तालाश कर रही है।

# व्यापारियों ने की मंडी सचिव को निष्कासित करने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** व्यापारियों ने आपात बैठक कर मंडी सचिव को निष्कासित करने की माँग प्रदेश सरकार से की। संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश की एक आपात बैठक कैंप कार्यालय दीवान के बाजार में बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता अरविंद अग्रवाल जॉनी ने की उन्होंने कहा कि नवीन मंडी स्थल मझोला में लगभग 550 के लगभग लाइसेंस व्यापारियों के बनाए गए हैं। जबकि 258आढती इस समय वहां दुकान चला रहे हैं यह मंडी लगभग 40 वर्ष पुरानी हो गई है जो दुकान पहले बनी हुई थी वह सवा मीटर नीचे सड़क से हो गई जल भराव होने से रोड की बड़ी जर्जर हालत रहती है मंडी में आस पास के निवासियों के लिए रास्ता खोलने से आवागमन बना रहता है फूड कॉरपोरेशन के गोदाम भी अंदर है दुकानदारों ने मजबूरी में कच्चे टीन शेड धूप और पानी से बचने के लिए डाल रखे है पिछले कई महीनों से मंडी सचिव महादेवी जी ,नगर मजिस्ट्रेट और आढ़तीयो की कई बैठक हुई जिसमें उनको जितने लाइसेंस उतनी दुकानें सड़क के लेबल से बनाकर देने की बात चल रही थी मुरादाबाद नगर की सब्जी और फल की आपूर्ति यहां से होती है लेकिन यहां पर 40 साल पहले बना मंडी स्थल आज भी सुविधाओं के लिए तरस रहा है।संयुक्त व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता ने मांग की मंडी स्थल का पुनर्निर्माण किया जाए या किसी और जगह बनाकर 550 लाइसेंस व्यापारियों को बसाया जाए इन सब मांगो को लेकर नए मंडी सचिव को अवगत कराया गया तब उन्होंने व्यापारियों की बात सुनने से इनकार कर दिया तब नगर



विधायक रितेश गुप्ता ने मंडी सचिव से फोन पर बात की तब उन्होंने उनसे भी अभद्रता से व्यवहार किया।और सभापति से बात करो मुझसे बात मत करो ऐसा कहा जब व्यापारी उनके ऑफिस में मिलने गए तो सबसे दुर्व्यवहार किया और शोर मचाने लगे कहने लगे कि में किसी से नहीं डरता हूँ यह समस्या कई महीनों से समाधान की तरफ चल रही थी लेकिन इन नए मंडी सचिव की कार्यप्रणाली की वजह से एक व्यापारी की उत्पीड़न न सह पाने से चेतन सैनी की जान चली गई।उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा कि हम प्रशासन से अपील करते है कि इसको संज्ञान में लेकर मंडी स्थल का पुन: निर्माण करने गेट बंद करने और एफ सी आई के गोदाम को अन्य जगह बनाने की मांग की और मंडी सचिव संजीव कुमार को तुरंत प्रभाव से निलंबित करने की मांग की व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल इसको लेकर जल्दी ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर इस प्रकरण को उनके संज्ञान में रखकर उचित समाधान करने की मांग करेंगे बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जोनी ,प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता ,सुप्रीत खन्ना, राजेंद्र गुप्ता,मनी आनंद,विशाल अग्रवाल, सैयद यूसुफ राजा, विकास, आकाश,शुभम यादव,राजेंद्र प्रजापति, आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# गांव का ही युवक नाबालिक को बहला फुसलाकर ले गया, किया रेप

**मुरादाबाद।** थाना पाकबड़ा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भंडरी में में उसे समय हड़कंप मच गया जब एक नाबालिक लड़की घर से हलवाई की दुकान पर दही लेने गई मगर वापस नहीं लौटी निशा पुत्री स्वर्गीय इस्तकार हलवाई की दुकान से दही लेने गई तब घर वापस नहीं लौटी तो घर वालों ने इधर-उधर सभी जगह ढूंढा तो कुछ पता नहीं चला तब शाम को लगभग 4:00 बजे बद हवास बा फटे कपड़ों में वापस आती हुई दिखाई दी तो उससे पूछने पर बताया गया कि फैजान पुत्र रफत निवासी भंडरी मेरे साथ जबरदस्ती बलात्कार किया है। जिसको लेकर निशा की मां ने शिकायती पत्र दर्ज किया है ऐसे लोगों के साथ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# पीके भटनागर को बनाया सहायक मंडल मंत्री



**मुरादाबाद।** रेलवे में मान्यता के लिए हुए चुनाव के बाद उरमू में फिर बदल होना जारी है इसी क्रम में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के विद्युत विभाग/सा0 में कार्यरत पी के भटनागर को और उरमू के महामंत्री बी सी शर्मा द्वारा ब्रांच सेक्रेटरी फिर ब्रांच अध्यक्ष बनाया था अब ब्रांच अध्यक्ष से प्रोन्नत करते हुए सहायक मंडल मंत्री मुरादाबाद मंडल के पद पर सुशोभित किया गया है पी के भटनागर अपनी सादगी ईमानदारी अपनी ड्यूटी के प्रति समर्पित मेहनती एवं जुझारूपन के लिए रेलकर्मियों के बीच में काफी लोक. प्रिय हैं।पी के भटनागर सहायक मंडल मंत्री बनने पर रेलकर्मियों में हर्ष/प्रसन्नता है एवं उन्होंने उनको बधाइयां भी दीं।

# अभाकिमस और पीड़ित परिवार के प्रदर्शन के बाद टूटी पुलिस की कुंभकरणीय नींद, अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** महिला को मशीन से बंधक बनाकर घर में लूटपाट करने के मामले में पीड़ित परिवार ने अभाकिमस के कार्यकर्ताओं के साथ सीओ कार्यालय पर पुलिस के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने पर प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के बाद जागी कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात दो चोरो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बतादें कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामूवाला गनेश निवासी सुनील कुमार पुत्र रामचंद्र सिंह, ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि 30.जुलाई की सुबह 3.00 बजे की है कि प्रार्थी की पत्नी व प्रार्थी अपने घर के बरामदे में सोए हुए थे। तभी दो अज्ञात चोर घर की चाहर दिवारी कूदकर घर में घुस आए तथा प्रार्थी की सेफ की चाबी ढूढनी शुरू कर दी लेकिन जब चाबी नहीं मिली प्रार्थी का गैस सिलेन्डर भी चूल्हे से अलग कर दिया तभी प्रार्थी की पत्नी सरोज देवी की आहट से आँख खुल गई चोरो ने उसे जागता देख कहा गया कि अगर शोर मचाया तो तेरे पति को जान से मार देगे। यह सुनकर प्रार्थी की पत्नी भी चुप हो गई और प्रार्थी की पत्नी को घर में लगी हुई कुटटी काटने की मशीन से दुप्पटा लपेटकर बांध दिया और कानो के सामने के कुंडल निकाल कर ले गए। जिसमें पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। पुलिस ने पीड़ित को टरका दिया था। बीते बुधवार को पीड़ित ने अभाकिमस के कार्यकर्ता प्रीतम सिंह के साथ सीओ कार्यालय पर पहुंचकर कोतवाली पुलिस की मनमानी का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन कर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।

बृहस्पतिवार को पीड़ित परिवार और अभाकिमस के प्रदर्शन के बाद जागी पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जाच शुरू कर दी है।

# पारिवारिक विवाद के चलते ससुराल पक्ष पर क्या मुकदमा दर्ज

**मुरादाबाद।** थाना पाकबड़ा में पारिवारिक विवाद को लेकर मुकदमा दर्ज किया गया प्रियांशी सक्सेना पुत्री नरेश चंद्र सक्सेना निवासी पुराना डाकखाना ससुराल वालों से पारिवारिक विवाद चल रहा है फैसले का दबाव बनाया जा रहा है जिसका मुकदमा न्यायालय में चल रहा है प्रियांशी सक्सेना जान से मारने की धमकी दी जा रही है साथ ही मेरे पिता के व्हाट्सएप नम्बर पर जान से मारने की धमकी के मैसेज आ रहे हैं मेरे पिता ब मेरे भाइयों को गंदी गंदी गाली है का प्रयोग किया जा रहा है इनके द्वारा व्हाट्सएप पर दिए गए मैसेज को हमने गंभीरता से नहीं लिया तभी तभी हमें पता चला कि मेरे भाई आशुतोष का एक्सीडेंट कर दिया गया है जिसमें उसकी दोनों हाथों की हड्डियां एवं कंधे की हड्डी टूट गई है और गंभीर चोट आई है। साथी मेरे ससुर प्रदीप सक्सेना ने मुझे धमकी दी है कि इस मुकदमे को वापस कर ले नहीं तो तुझे जान से मरवा देंगे प्रियांशी सक्सेना मेरे ससुराल वालों ने इस पत्र के माध्यम से मेरे पिताजी से 20 लाख रूपए की मांग रखी है मेरे ससुराल वाले मेरे व मेरे परिवार के साथ कोई अप्रिय घटना ना कर दें। लोग मेरे और मेरे भाइयों को कभी भी किसी भी तरह का नुकसान पहुंचा सकते है।

# सावन माह में बजरंग दल जसपुर की मदद से पुलिस ने बाइक सवार दो व्यापारियों को मीट के साथ पकड़ा

**ठाकुरद्वारा।** सावन माह में मीट प्रतिबंद के बाद भी पुलिस की लापरवाही से कारण खुलेआम मीट का बेचा जा रहा था। बृहस्पतिवार को कोतवाली पुलिस ने जसपुर रोड पर बाइक पर जसपुर मीट ले जाते हुए बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की मदद से पुलिस ने पकड़ लिया था। पुलिस ने मीट व्यापारियों से हमसाज होकर पकड़े मीट व्यापारियों को बिना कार्रवाई के छोड़ दिया है।

बतादें कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने सावन माह में मीट की दुकान पर पूर्णत: पाबंदी लगा दी है। इसके बाद कोतवाली पुलिस से हमसाज होकर बड़े पैमाने पर मीट की बिक्री हो रही है। बृहस्पतिवार की सुबह करीब 7.00 बजे उत्तराखंड के थाना जसपुर निवासी बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने प्रतिबंद के बाद भी ठाकुरद्वारा से जसपुर बाइक से बेचने के लिए मीट लेकर जा रहे बाइक सवार दो व्यापारियों को ठाकुरद्वारा जसपुर मार्ग पर फैजुल्लागंज के निकट पकड़ लिया। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मीट पकड़े जाने की सूचना ठाकुरद्वारा कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मौके पर जांच की और मीट सहित दोनो मीट व्यापारियों को ठाकुरद्वारा ले आयी। जहां पर पुलिस ने मीट के साथ पकड़े गए मीट व्यापारियों से हमसाज होकर बिना कार्रवाई के छोड़ दिया है। सावन माह में मीट के साथ पकड़े गए दो मीट व्यापारियों को बिना कार्रवाई के कोतवाली पुलिस द्वारा बिना कार्रवाई के छोड़ना चर्चा का विषया बना है। लोगों का कहना है कि



प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा पुलिस को ज्यादा अधिकार देना भी गलत साबित हो रहा है। पुलिस मुख्यमंत्री के अधिकार का नाजायज फायदा उठाकर जनता का उत्पीड़न कर रही है। इसका जीता जागत उदाहरणा बृहस्पतिवार को ठाकुरद्वारा में देखने और सुनने का मिला है। बतादें कि कोतवाली पुलिस के समक्ष मुख्यमंत्री का आदेश कोई मायने नही रखता है। तभी कोतवाली पुलिस खुलेआम मुख्यमंत्री के आदेशो की धज्जियां उड़ती नजर आ रही है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत आलमपुर चौहान
### विकास खण्ड-डिलारी (मुरादाबाद)।

पत्रांक मीमो/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/निविदा/विज्ञापन/2025-26 दि0: 31.07.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड डिलारी की ग्राम पंचायत आलमपुर चौहान में राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त योजना अर्न्तगत निम्नलिखित निर्माण कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 07.08.2025 की दोपहर 12.00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर आमंत्रित की जाती है एवं उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्ते एवं प्राक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएसएसी/बैंक ड्राफ्ट/एफडीआर के रूप में जमा करनी होगी, जो ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी। अवकाश की दशा में उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | जमानत की 2 प्रतिशत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मैन रोड से कृपाल के घर तक नाली मिट्टी, सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेता, बजरफुट, रोड़ा, बजरी, ईंट, सीसी टाईल्स आदि। | 136933/- | 2738/- | 300/- | 1 माह |
| 2. | मैन रोड से अनजय के घर तक नाली मिट्टी, सीसी टाईल्स कार्य। | सीमेंट, रेता, बजरफुट, रोड़ा, बजरी, ईंट, सीसी टाईल्स आदि। | 172194/- | 3443/- | 300/- | 1 माह |

**मुख्य शर्तें:-**
1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. कार्यो का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन/स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा। 3. इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा। सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होंगी।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत आलमपुर चौहान**
**विकास खण्ड डिलारी, मुरादाबाद**


# दुर्घटना में घायल व्यक्ति के घर से चोरों ने उड़ाए 16 हजार रुपये पीड़ित ने पुलिस को सौंपी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति के घर में घुसकर नकाबपोश चोरों ने उसकी जेब से ₹16,000 की नकदी चोरी कर ली। घटना के बाद मोहल्ले में हड़कंप मच गया है।

जबकि पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के काशीपुर मार्ग स्थित समाधि स्थल के पास की है। हसनपुर (अमरोहा) निवासी दानवीर सिंह पुत्र नत्थू सिंह बीते 19 वर्षों से मोहल्ले के तेजराम सिंह के मकान में किराए पर रहकर गत्ता, प्लास्टिक और कबाड़ का सामान खरीदने का कार्य करते हैं। इसी काम से वह अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। हाल ही में दानवीर एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था और घर पर ही उपचार ले रहा हैं।

पीड़ित के अनुसार, 30 जून की सुबह करीब 4-30 बजे कुछ नकाबपोश बदमाश उनके मकान में घुस आए और उन्हें डरा-धमका कर जेब में रखे₹16,000 छीनकर फरार हो गए। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और चोरों की तलाश की, लेकिन वे तब तक भाग चुके थे। बताया जा रहा है कि दानवीर कुछ ही दिनों में अपने गांव जाने की तैयारी कर रहा था और उक्त नकदी उसी के लिए एकत्र की गई थी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# नोएडा एक्सप्रेस-वे के आसपास नहीं होगा जलभराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे समानांतर ग्रीन बेल्ट के दाय और बाय और चौनेज 10.30 किमी से 20 किमी तक गहरी सीवर लाइन की मरम्मत का काम होगा। प्राधिकरण के जीएम जल आरपी सिंह ने बताया कि इसके लिए टेंडर जारी किया जा रहा है। कंपनी का चयन किया जाएगा इसके बाद गहरी सीवर लाइन का काम होगा। हालांकि ये काम उप्र जल निगम को पूरा करना था। बतौर 2002 में इसके लिए नोएडा प्राधिकरण और उप्र जल निगम के बीच एमओयू साइन हुए थे। इस एमओयू को आंशिक रूप से निरस्त कर दिया गया है।

डीप सीवर लाइन का ये काम 40 करोड़ रुपए में किया जाएगा। जबकि इसी काम को जल निगम 63.36 करोड़ में 1.5 साल में पूरा करता। इसीलिए एग्रीमेंट को आंशिक निरस्त किया गया। इसका फैसला बोर्ड में लिया जा चुका है। इस एरिया में लगातार इंडस्ट्री, संस्थागत, आवासी और ग्रामीण आबादी बढ़ रही है। यहां पहले डाली गई सीवरेज लाइन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है।

ऐसे में निकलने वाले सीवेज नोएडा एक्सप्रेस वे ग्रीन बेल्ट में जगह-जगह भर जाता है।

**जलभराव की समस्या होगी समाप्त:** सीवर लाइन बन जाने के बाद एक्सप्रेस वे से जुड़े सेक्टर, गांव और सड़कों पर जलभराव की समस्या पूरी तरह से समाप्त हो जाएगी। प्राधिकरण ने बताया कि जल निगम से एग्रीमेंट के तहत एडवांट टावर से ग्रेटरनोएडा बार्डर तक दोनों तरफ चारों डीप सीवर लाइन का निर्माण जल निगम ने नहीं कराया।

महज ग्रेविटी लाइन, राइजिंग लाइन व आरसीसी वेल का निर्माण किया गया। इसी बीच एक्सप्रेस वे तीनों अंडरपास, नोएडा मेट्रो की एक्वा लाइन और डीएफसी सीआईएल की वजह से ग्रेविटी लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। ये लाइन 2003-04 में डाई गई थी जो पूरी तरह से अक्रियाशील है।

**आईआईटी प्रोफेसर के साथ बैठक:** ड्रेनेज सिस्टम में सुधार व जल निकासी के बीच बाधा बन रहे बॉटलनेक पाइंट में सुधार के लिए आईआईटी रुड़की के प्रोफेसर कमल जैन के साथ प्राधिकरण सीईओ और डीजीएम सिविल ने की।


**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी०डि०) महोदय, मुरादाबाद**
**उत्तरा. वि.वाद संख्या:** 186/2025
**तारीख पेशी:** 11.08.2025
**श्रीमती तसलीमन बनाम इरशाद अली आदि।**

श्रीमती तसलीमन आयु 58 वर्ष पत्नी स्व. नबाव जान निवासी ग्राम चकबेगमपुर थाना भोजपुर, तहसील व जिला मुरादाबाद-**वादनी।**

**बनाम**

इरशाद अली आयु 35 वर्ष पुत्र स्व. नवाब जान निवासी ग्राम चकबेगमपुर, थाना भोजपुर, तहसील व जिला मुरादाबाद आदि, 2. **जनता आम।** इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा श्रीमती तसलीमन हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा श्रीमती तसलीमन मुसबफा नवाब जान अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू. 13,39,772/-हरगाह मुसम्मा श्रीमती तसलीमन ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 11 मास 08 सन् 2025 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें।

दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज (सी०डि०), मुरादाबाद।**



**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी०डि०) महोदय, मुरादाबाद**
**उत्तरा. वि.वाद संख्या:** 240/2025
**तारीख पेशी:** 05.08.2025

श्रीमती देवशक्ति **बनाम** जनता आम आदि

श्रीमती देवशक्ति आयु लगभग 56 वर्ष पुत्री स्व. रामचन्द्र शर्मा पत्नी श्री बृज किशोर अग्निहोत्री निवासी 521 पुरानी बस्ती, गंगा मंदिर ऐटा, वर्तमान निवासी मौजा मुकर्रबपुर शाह बुलाकी साहब की ज्यारत, चक्कर की मिलक, मुरादाबाद।

**बनाम**

1. जनता आम, 2. केनरा बैंक शाखा सिविल लाइंस, मुरादाबाद द्वारा शाखा प्रबंधक-**विपक्षीगण।** इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा श्रीमती देवशक्ति हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा श्रीमती देवशक्ति मुसबफा श्रीमती सूर्या कुमारी अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू.हरगाह मुसम्मा श्रीमती देवशक्ति ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 05 मास 08 सन् 2025 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज (सी०डि०), मुरादाबाद।**



## कार्यालय ग्राम पंचायत करनपुर
### विकास खण्ड-डिलारी, जनपद मुरादाबाद

पत्रांक 01/ग्रा.पं.करनपुर/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/2025-26 दिनांक: 31.07.2025

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन सामग्री आपूर्ति सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत करनपुर वि०ख० डिलारी, जनपद मुरादाबाद में वित्तीय वर्ष **2025-26** हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष **2025-26** के अनुसार निर्माण कार्यवार पंचम राज्य वित्त आयोग पन्द्रहवां वित्त आयोग एवं अन्य शासकीय मदों के अर्न्तगत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री कार्यवार निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें/कोटेशन आमंत्रित की जाती है। निर्माण कार्यो की सूची **https://egramswaraj.gov.in@approvedactionplan.do** पर जाकर देखी जा सकती है या ग्राम पंचायत सचिवालय में सूची/प्राक्कलन / निविदा प्रपत्र स्वयं जाकर प्राप्त कर सकतें है।

**निविदा से संबंधित विवरण-**

| क्र. सं. | निविदा का विवरण | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र **GPDP 2025-26** के क्रम में कार्यवार प्राप्त किये जा सकते है। कार्यवार निर्माण कार्य स्थल पर निर्माण से सम्बंन्धित समस्त सामग्री आपूर्ति प्राक्कलन के अनुसार करनी होगी। | निविदा प्रारंभ | 01.08.2025 | सुबह 10.00 बजे |
| 2 | | निविदा समाप्त | 08.08.2025 | दोपहर 1.00 बजे |
| 3 | | निविदा खोलने की दिनांक | 08.08.2025 | सां. 4.00 बजे |

इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता ग्राम पंचायत सचिवालय से उपरोक्त अनुसार कार्यवार निविदा प्रपत्र प्राप्त करके ग्राम पंचायत सचिवलय में सीलबन्द निविदा/कोटेशन दरें सहित जमा कर सकते है। स्वीकृत निविदा/कोटेशन की आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर कार्य आदेश जारी किया जायेगा जो कि समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधरित है।

1. कार्य से संबंधित विवरण निविदा प्रपत्र के साथ किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
2. आयकर व्यापार कर नियमानुसार देय होगा।
3. कार्यो का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन/स्वीकृती प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा।
4. कार्यादेश एवं कार्य का भुगतान शासन से धनराशि प्राप्त होने के उपरान्त ही किया जायेगा।
5. इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने या सामग्री की आपूर्ति को बढाने या घटाने का अधिकार कार्यालय ग्राम पंचायत के पास होगा।

**ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत करनपुर**
**विकास खण्ड डिलारी, मुरादाबाद**



## फोर्टिस-गंभीर विवाद

# कोच को पिच देखने का पूरा अधिकार है: गिल

● **हम सभी ने इतना क्रिकेट खेला है कोच और कप्तान समेत कई बार हम पिच पर गए है , समझ नहीं आता इतना हंगामा किस बात का था**

**लंदन, वार्ता।** मंगलवार को अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय टीम को ओवल में सरे के मुख्य ग्राउंड्समैन ली फोर्टिस द्वारा पिच को करीब से देखने से रोकने को भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने अनावश्यक करार दिया।

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर और फ़ोर्टिस के बीच तब नोकझोंक हुई जब वे मुख्य स्क्वायर के आसपास भीड़ और प्रशिक्षण सामग्री होने से चिंतित थे। कथित तौर पर उन्होंने भारतीय टीम को सुझाव दिया कि उन्हें पिच से 2.5 मीटर दूर खड़े होकर पिच देखनी चाहिए। गंभीर को फोर्टिस की ओर उंगली दिखाते और बार-बार यह कहते हुए देखा गया कि वे 'सिर्फ एक ग्राउंड्समैन' हैं।

गिल, जो उस घटना के दौरान मैदान पर मौजूद नहीं थे, ने ओवल में पांचवें टेस्ट की पूर्व संध्या पर कहा कि कल जो हुआ, मुझे लगा कि वह बिल्कुल गैर-जरूरी था। यह पहली बार नहीं है जब हम विकेट देख रहे थे, हम लगभग दो महीने से वहां हैं। एक कोच को पूरा अधिकार है कि वह पास जाकर विकेट देख सके और मुझे नहीं लगता कि इसमें कुछ गलत है। मुझे सच में समझ नहीं आ रहा कि क्यूरेटर ने हमें विकेट देखने की इजाजत क्यों नहीं दी। गिल ने कहा कि सीरीज के पिछले चार स्थानों हेडिंग्ले, एजबस्टन, लॉर्ड्स और ओल्ड ट्रैफर्ड पर किसी भी क्यूरेटर ने भारतीय टीम को पिच या स्क्वायर देखने से नहीं रोका था। गिल ने कहा कि जहां तक मुझे याद है, हमें कभी कोई निर्देश नहीं मिले थे। अगर आप रबर स्पाइक्स पहने हों या नंगे पैर हों, तो आप विकेट को पास से देख सकते हैं। हम इस सीरीज में पहले ही चार मैच खेल चुके हैं, और हमें पिच देखने से किसी ने नहीं रोका। हम सभी ने इतना क्रिकेट खेला है, हम कोच और कप्तान समेत कई बार पिच पर गए हैं, मुझे समझ नहीं आता कि इतना हंगामा किस बात का था। भारत के सीरीज में 2-1 से पिछड़ने के बाद, आखिरी टेस्ट से पहले, गिल से पूछा गया कि क्या जरूरी मैच जीतने के दबाव ने गंभीर की प्रतिक्रिया को उकसाया होगा। गिल ने कहा कि बिल्कुल नहीं, अगर कोई पिच क्यूरेटर आकर हमें विकेट की तरफ देखने के बजाय तीन मीटर पीछे से देखने के लिए कहेगा, तो ऐसा हमारे साथ पहले कभी नहीं हुआ। हम इतने लंबे समय से क्रिकेट खेल रहे हैं और जब तक आप रबर स्पाइक्स पहने हुए हैं या नंगे पैर हैं, आपको विकेट को पास से देखने की इजाजत है। यह कोच और कप्तान का काम है। लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट के बाद से टीमों के बीच कई बार तीखी बहस हुई है, इसके बावजूद गिल ने कहा कि इंग्लैंड और भारत के बीच रिश्ते मजबूत बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें और उनकी टीम ने इन घटनाओं के दौरान जिस तरह का व्यवहार किया, उसका 'कोई अफसोस' नहीं है। उन्होंने कहा, ''रिश्ता बहुत अच्छा है, लेकिन जब आप मैदान पर होते हैं, तो आप अंततः मैच जीतने की कोशिश करते हैं, और दोनों टीमें काफी प्रतिस्पर्धी रही हैं।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## नागपुर में दिव्या देशमुख का भव्य स्वागत

**नागपुर, वार्ता।** युवा शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख, जिन्होंने हाल ही में जॉर्जिया के बटुमी में फिडे महिला विश्व शतरंज कप 2025 का खिताब जीता, का नागपुर में भव्य स्वागत किया गया। समारोह की शुरुआत डा. बाबा साहेब अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुई, जहां दिव्या का भव्य स्वागत किया गया। शहर द्वारा अपनी 'शतरंज रानी' का सम्मान किए जाने पर हवाई अड्डा जयकारों, तालियों और पारंपरिक बैंड की धुनों से गूंज उठा। हवाई अड्डे से, एक भव्य अभिनंदन रैली शहर के मध्य की ओर बढ़ी, जिसके मार्ग में लोग पुष्प वर्षा कर रहे थे और तिरंगा लहरा रहे थे। विभिन्न सामाजिक और खेल संगठनों ने दिव्या का स्वागत किया और उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मनाया। दिव्या ने वैश्विक शतरंज मंच पर नागपुर, महाराष्ट्र और भारत का नाम रोशन किया है। नागपुर शहर की सड़कें दिव्या को बधाई देने वाले बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स से सजी हुई थीं।

## अलेक्जेंडरसन ने 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय अंडर-20 महिला टीम के मुख्य कोच, एलेक्जेंडरसन ने म्यांमार में 6 से 10 अगस्त तक होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशिया कप 2026 क्वालीफायर के लिए 23 सदस्यीय टीम की आज घोषणा की। यंग टाइग्रेसेस को ग्रुप डी में रखा गया है और उनका सामना 6 अगस्त को इंडोनेशिया, 8 अगस्त को तुर्कमेनिस्तान और 10 अगस्त को यांगून के थुवुन्ना स्टेडियम में मेजबान म्यांमार से होगा। ग्रुप विजेता और सभी आठ ग्रुपों में से तीन सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमें अगले साल अप्रैल में थाईलैंड में होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशिया कप के लिए क्वालीफाई करेंगी।

# बारिश के कारण दूसरी बार रुका 5वां टेस्ट

## सुदर्शन-नायर नाबाद, भारत 85/3, गिल 21 रन बनाकर रनआउट, गावस्कर का रिकॉर्ड तोडा

**ओवल, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का पांचवां टेस्ट लंदन के द ओवल स्टेडियम में खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने टास जीतकर गेंदबाजी चुनी है। फिलहाल, बारिश के कारण खेल रुका हुआ है। अगर बारिश शुरू नहीं हुई तो रात 9. 15 बजे खेल शुरू होगा। भारतीय टीम ने पहली पारी में 3 विकेट पर 85 रन बना लिए हैं।

साई सुदर्शन और करुण नायर नाबाद हैं। कप्तान शुभमन गिल 21, केएल राहुल 14 और यशस्वी जायसवाल 2 रन बनाकर आउट हुए। गिल को गस एटकिंसन ने डायरेक्ट थ्रो पर रनआउट किया। जबकि राहुल को क्रिस वोक्स ने बोल्ड और जायसवाल को एटकिंसन ने पगबाधा आउट किया। भारतीय कप्तान शुभमन गिल इस सीरीज में 743 रन बना चुके हैं। वे एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान बने हैं। गिल ने सुनील गावस्कर (732 रन) का रिकॉर्ड तोड़ा। जो गावस्कर ने 1978-79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाया था। शुभमन गिल इंग्लैंड में एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विदेशी कप्तान बने हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के गैरी सोबर्स (722 रन) का रिकॉर्ड तोड़ा। वे वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान ने 1966 में बनाया था। बारिश के कारण 80 मिनट देरी से शुरू हुआ दूसरा सेशन साउथ लंदन स्थित द ओवल मैदान पर बारिश के कारण जल्दी लंच कर दिया गया था। करीब एक घंटे 20 मिनट के बाद दूसरे सेशन का खेल शुरू हुआ। इस दौरान ग्राउंड स्टाफ ने कड़ी मेहनत करके मैदान को सुखाया। साउथ लंदन में फिर से बारिश लौट आई है। ऐसे में फिर से खेल रोकना पड़ा है। अहम बात यह कि भारत ने दूसरे सेशन के आधे घंटे में कप्तान गिल का विकेट गंवा दिया है। 28वें ओवर में भारतीय टीम ने तीसरा विकेट गंवा दिया है। यहां भारतीय कप्तान शुभमन गिल 21 रन बनाकर रनआउट हो गए। उन्हें गस एटकिंसन ने डायरेक्ट थ्रो पर रनआउट किया। गिल टेस्ट करियर में दूसरी बार रनआउट हुए हैं। इससे पहले वे राजकोट टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ रनआउट हुए थे। ओवल टेस्ट के दूसरे सेशन का खेल करीब 2 घंटे की देरी से शुरू हुआ।

शाम 5रू23 बजे बारिश के कारण जल्दी लंच का ऐलान कर दिया गया था। 23 ओवर के इस सेशन में इंग्लिश बालर्स का दबदबा रहा। भारतीय ओपनर केएल राहुल 14 और यशस्वी जायसवाल 2 रन बनाकर पवेलियन लौटे। 16वें ओवर में भारतीय टीम ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां केएल राहुल 14 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें क्रिस वोक्स ने बोल्ड कर दिया। इससे पहले यशस्वी जायसवाल (2 रन) गास एटकिंसन का शिकार बने थे। वे स्ठॅ आउट हुए। 13वें ओवर में जोश टंग की यार्कर बाल खेलने के प्रयास में साई सुदर्शन क्रीज पर गिर गए। टंग ने ओवर की दूसरी बाल पर इनस्विंग यार्कर डाली, जो आफ स्टंप की ओर से रही। बाल ने बल्ले का अंदरूनी किनारा लिया और सुदर्शन के पैड पर लगी। इससे सुदर्शन पिच पर गिर पड़े। इस ओवर के साथ पहले घंटे के खेल का समापन हुआ। ड्रिंक्स ब्रेक तक भारतीय टीम ने एक 36 रन बनाने में एक विकेट गंवाया। केएल राहुल और साई सुदर्शन की जोड़ी नाबाद रही। ओली पोप ने बतौर फील्डिंग कैप्टन 14 रिव्यू लिए हैं। इनमें से पहला रिव्यू सफल रहा है। इससे पहले 12 रिव्यू असफल रहे, जबकि एक अंपायर्स काल पर गया था। भारत ने ओवल टेस्ट की पहली पारी के तीसरे ओवर में विकेट गंवा दिया। यहां ओपनर यशस्वी जायसवाल 2 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें गस एटकिंसन ने स्ठॅ किया।

# पाकिस्तान वेटरन लीग डब्ल्यूसीएल के फाइनल में

● **भारत ने सेमीफाइनल खेलने से मना कर दिया था, चैंपियनशिप में चौथे नंबर पर रही भारतीय टीम**

**नई दिल्ली, वार्ता।** रिटायर्ड क्रिकेटर्स के टूर्नामेंट वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) में पाकिस्तान फाइनल में पहुंच गया है। डब्ल्यूसीएल ने बुधवार देर रात यह जानकारी दी। भारत ने पाकिस्तान के साथ सेमीफाइनल मैच खेलने से मना कर दिया था। यह मुकाबला कल बर्मिंघम में खेला जाना था।

इससे पहले भारतीय प्लेयर्स ने पाकिस्तान के साथ 20 जुलाई को होने वाला ग्रुप मैच भी नहीं खेला था। तब मैच रद्द करके दोनों टीमों में अंक बांट दिए गए थे, लेकिन अब पाकिस्तानी टीम अपने ग्रुप में टाप पर होने और चार जीत के साथ नौ अंक हासिल करने के कारण फाइनल में पहुंच गई है। वहीं, भारत छह टीमों वाले इस टूर्नामेंट में चौथे नंबर पर रहा। टीम को एक मैच में जीत और तीन में हार मिली, जबकि एक मैच बेनतीजा रहा। पाकिस्तान का मुकाबला दूसरे सेमीफाइनल के विजेता (आस्ट्रेलिया या साउथ अफ्रीका) से होगा। डब्ल्यूसीएल बोला- हम जो करते दर्शकों के लिए करते हैं, डब्ल्यूसीएल ने देर रात एक्स पर पोस्ट करके पाकिस्तान के फाइनल में पहुंचने की जानकारी दी। डब्ल्यूसीएल ने एक्स पोस्ट में लिखा कि हम हमेशा खेल की ताकत पर भरोसा करते हैं। हालांकि, जनभावना का हमेशा सम्मान किया जाना चाहिए। आखिर हम जो कुछ भी करते हैं, अपने दर्शकों के लिए ही करते हैं। हम भारत चैंपियंस के सेमीफाइनल से हटने के फैसले का सम्मान करते हैं व पाक चैंपियंस की प्रतिस्पर्धा करने की तैयारी का भी सम्मान करते हैं। सभी बातों को ध्यान में रखते हुए भारत चैंपियंस और पाकिस्तान चैंपियंस के बीच का मैच रद्द कर दिया गया है। पाकिस्तान चैंपियंस फाइनल में जाएगा। लीग की स्पान्सर कंपनी ईजमाई ट्रिप ने भी बुधवार को ही सेमीफाइनल मैच से हटने का ऐलान किया था।

कंपनी के को-फाउंडर निशांत पिटी ने ग पोस्ट में लिखा था कि हम डब्ल्यूसीएल में भारत के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हैं। हालांकि, पाक के खिलाफ आगामी सेमीफाइनल कोई साधारण मैच नहीं है। आतंकवाद और क्रिकेट साथ साथ नहीं चल सकता। ईजमाई ट्रिप भारत के साथ खड़ा है। हम ऐसे किसी भी आयोजन का समर्थन नहीं कर सकते जो आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देश के साथ संबंधों को सामान्य बनाने का प्रयास करता हो। कुछ चीजें खेल से भी बड़ी होती हैं। देश पहले, व्यापार बाद में।

# 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप की काकीनाडा में होगी शुरुआत

● **महिला जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के डिवीजन -ए में देश की शीर्ष 12 टीमें शामिल है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** नए प्रारूप के साथ एक अगस्त से 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आंध्र प्रदेश के काकीनाडा में शुभारंभ होगा।

यह टूर्नामेंट 12 अगस्त तक चलेगा और इसमें 30 टीमें भाग लेंगी। इसमें नए प्रारुप को लागू किया जायेगा। टूर्नामेंट को डिवीजन ए, डिवीजन बी और डिवीजन सी में विभाजित किया जाएगा। डिवीजन ए और बी की निचली टीमों को क्रमशः डिवीजन बी और डिवीजन सी में स्थानांतरित किया जाएगा, और डिवीजन बी और डिवीजन सी की शीर्ष दो टीमों को अगले साल हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के डिवीजन ए और डिवीजन बी में पदोन्नत किया जाएगा। महिला जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के डिवीजन ए में देश की शीर्ष 12 टीमें शामिल हैं और पूल ए में गत चैंपियन झारखंड, पूल बी में पिछले साल की उपविजेता मध्य प्रदेश और पूल सी में दूसरे उपविजेता हरियाणा शामिल होंगे। इस बीच, डिवीजन बी और डिवीजन सी में वे टीमें शामिल होंगी जो शीर्ष 12 राष्ट्रीय रैंकिग में नहीं हैं, और अगले साल की राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए रैंकिग में ऊपर चढ़ने और उच्च डिवीजन में जगह बनाने के लिए स्पर्धा करेंगी।

# भारत और इंग्लैंड को विश्व कप में हराना सबसे मुश्किल होगा: कप्तान एलिसा हीली

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने भविष्यवाणी की है कि इस साल होने वाले आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में उनकी टीम के लिए भारत और इंग्लैंड दो ऐसी टीमें होंगी जिन्हें हराना सबसे मुश्किल होगा। हीली ने आज यहां क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के एक प्रायोजन कार्यक्रम में पत्रकारों से बात की और इस अनुभवी विकेटकीपर ने खुलासा किया कि ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए सब कुछ सही दिशा में है क्योंकि वे 37 सालों में महिलाओं के 50 ओवरों के विश्व कप खिताब का बचाव करने वाली पहली टीम बनने की कोशिश में हैं। ऑस्ट्रेलिया ने पूर्व कप्तान शेरोन ट्रेड्रिया के नेतृत्व में 1982 और 1988 में लगातार दो विश्व कप जीते थे और सात बार की चैंपियन टीम इस साल



● **ऑस्ट्रेलिया भारत और श्रीलंका में होने वाले टूर्नामेंट की ट्रॉफी को उठाने का प्रबल दावेदार**

भारत और श्रीलंका में होने वाले इस आयोजन में इस प्रसिद्ध ट्रॉफी को उठाने की प्रबल दावेदारों में से एक के रूप में उतरेगी। लेकिन हीली दुनिया की नंबर 1 वनडे टीम को लेकर कुछ भी हल्के में नहीं ले रही हैं और उन्होंने रैंकिग में अपने सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वियों इंग्लैंड (दूसरे) और भारत (तीसरे) को 30 सितम्बर से शुरू होने वाले आठ टीमों के टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए संभावित बाधा के रूप में नामित किया है। हीली ने कहा कि मैं अभी इंग्लैंड को पूरी तरह से खारिज नहीं करूंगी , मुझे लगता है कि वे लोटी (शार्लोट एडवर्ड्स) के नेतृत्व में अपनी लय हासिल कर लेंगे। लेकिन मुझे लगता है कि जिस तरह से भारत घरेलू परिस्थितियों में खेल रहा है, उसे हराना वाकई मुश्किल होगा। हीली पिछले साल आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप में लगी पैर की चोट से वापसी के करीब पहुंच रही हैं और प्रतिस्पर्धी मैचों में वापसी के लिए भारत ए के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ए की आगामी घरेलू श्रृंखला पर नजर गड़ाए हुए हैं।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत अंडर-19 की अगुवाई करेंगे म्हात्रे

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत अंडर-19 दल की अगुवाई करेंगे जो कि 21 सितम्बर से शुरू होगा। 17 सदस्यीय दल में 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को भी जगह मिली है।

भारत ऑस्ट्रेलिया दौरे पर कुल पांच मैच खेलेगा जिसकी शुरुआत तीन वनडे मैच से होगी। तीनों मुकाबले नॉर्थ्स में 21, 24 और 26 सितम्बर को खेले जाएंगे। इसके बाद दो चार दिवसीय मैच 30 सितम्बर और 7 अक्टूबर से मैके में शुरू होंगे। हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर गए दल में से मौल्यराजसिंह चावड़ा, युद्धजीत गुहा, प्रणव राघवेंद्र और मोहम्मद एनान शामिल नहीं हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चयनित दल में वेदांत त्रिवेदी, खिलन पटेल, उधव मोहन और अमन चौहान को जगह दी गई है। खिलन दाएं पैर में स्ट्रेस रिएक्शन के चलते इंग्लैंड दौरे पर



● **17 सदस्यीय दल में 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को भी जगह मिली है**

दल का हिस्सा नहीं बन पाए थे। इंग्लैंड दौरे पर प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले पंजाब के शीर्ष क्रम बल्लेबाज विहान मल्होत्रा को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। इंग्लैंड में चार दिवसीय दोनों मैचों में म्हात्रे ने कुल चार पारियों में सर्वाधिक 340 रन बनाए थे और वनडे मुकाबलों में सूर्यवंशी ने पांच पारियों में सर्वाधिक 355 रन बनाए थे।

# ईसीबी ने छह हंड्रेड टीमों के लिए फ्रेंचाईजी सौदों की पुष्टि की

● **सन टीवी नेटवर्क ने 100 प्रतिश हिस्सेदारी के लिए ईसीबी के साथ समझौता पूरा कर लिया है**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने द हंड्रेड टूर्नामेंट के आठ निवेशकों में से छह के साथ फ्रेंचाइजी समझौतों पर हस्ताक्षर की पुष्टि की। दो अन्य के साथ बातचीत चल रही है, जिसमें रिलायंस समूह भी शामिल है, जिसने ओवल इनविसिबल्स टीम के लिए सफलतापूर्वक बोली लगाई थी। इसमें शामिल छह समूहों में अमेरिका स्थित टेक टाइटन्स भी शामिल है, जिसने लॉर्ड्स स्थित लंदन स्पिरिट में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की है। संजीव गोयनका के आरपीएसजी समूह ने मैनचेस्टर ओरिजिनल्स का 70 प्रतिशत अधिग्रहण पूरा कर लिया है और उम्मीद है कि वह आईपीएल और दक्षिण अफ्रीका 20 में अपनी सुपरजायंट्स फ्रेंच. इजी के अनुरूप टीम का नाम बदलकर मैनचेस्टर सुपरजायंट्स कर देगा। चेन्नई स्थित सन टीवी नेटवर्क ने हेडिंग्ले स्थित नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए ईसीबी के साथ समझौता पूरा कर लिया है। जीएमआर समूह ने साउथम्प्टन की टीम, सदर्न ब्रेव, में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी ले ली है। एमएलसी में वाशिंगटन फ्रीडम टीम के मालिक संजय गोविल ने वेल्श फायर टीम में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी लेकर खुद को शामिल कर लिया है, जबकि बर्मिंघम फीनिक्स टीम का 49 प्रतिशत हिस्सा नाइटहेड कैपिटल मैनेजमेंट, एलएलसी ने अपने निवेशकों (नाइटहेड) की ओर से ले लिया है। ओवल इनविसिबल में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए रिलायंस समूह के अहस्ताक्षरित समझौते के अलावा, केन इंटरनेशनल और एरेस मैनेजमेंट ने अभी तक ट्रेंट रॉकेट्स में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए हस्ताक्षर नहीं किए हैं। ईसीबी ने कहा कि नए मालिक 1 अक्टूबर, 2025 से परिचालन नियंत्रण अपने हाथ में ले लेंगे। मीडिया विज्ञप्ति में आगे स्पष्ट किया गया है कि नए साझेदार द हंड्रेड टीमों में निवेश कर रहे हैं, जबकि ईसीबी प्रतियोगिता का पूर्ण स्वामित्व अपने पास रखेगा, और इसके साथ ही, नियमों, विडो की अवधि और अन्य महत्वपूर्ण मामलों जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर नियंत्रण रखेगा, जिनका खेल पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। ईसीबी ने कहा कि सामूहिक रूप से, आठ साझेदारियों के परिणामस्वरूप टीमों का मूल्यांकन 975 मिलियन पाउंड से अधिक है, जिसमें से 500 मिलियन पाउंड से अधिक अब अंग्रेजी और वेल्श क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र में निवेश किए जाने की योजना है। यह भी खुलासा किया गया कि एक नया 'द हंड्रेड बोर्ड' स्थापित किया जाएगा, जिसमें ईसीबी और टीमों (निवेशक और मेजबान क्लब दोनों) के प्रतिनिधि शामिल होंगे, जिन्हें 'द हंड्रेड की रणनी. तिक दिशा और व्यावसायिक विकास से संबंधित कुछ निश्चित मामलों पर अधिकार सौंपा जाएगा, जैसे कि द हंड्रेड प्रायोजन और लाइसेंसिग सौदे, खिलाड़ियों का वेतन और खिलाड़ियों का ड्राफ्ट और रिटेंशन तंत्र। आठ टीमों में से चार आईपीएल फ्रेंचाइजी के स्वामित्व में हैं।

# तेलुगु टाइटन्स और तमिल थलाइवाज की भिड़ंत से होगी पीकेएल की शुरूआत

● **पीकेएल सीजन-12**

● **प्रो कबड्डी लीग सीजन-12 में 29 अगस्त को विशाखापत्तनम में टूर्नामेंट की होगी शुरुआत**

**मुंबई, वार्ता।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 में 29 अगस्त को विशाखापत्तनम में तेलुगु टाइटन्स और तमिल थलाइवाज के बीच मुकाबले से टूर्नामेंट की शुरुआत होगी।

इस टूर्नामेंट में 12 टीमें विशाखापत्तनम, जयपुर, चेन्नई और दिल्ली में प्रतिस्पर्धा करेंगी। विशाखापत्तनम के राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम में तेलुगु टाइटन्स और तमिल थलाइवाज के बीच मुकाबले से इस टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। यह सात साल बाद होगा जब इस तटीय शहर में इस टूर्नामेंट की वापसी होगी। दिन के दूसरे मैच में बेंगलुरु बुल्स का सामना पुनेरी पलटन से होगा। अगले दिन घरेलू टीम तेलुगु टाइटन्स एक बार फिर मैदान पर उतरेगी, इस बार शाम के पहले मैच में यूपी योद्धा के खिलाफ, उसके बाद यू मुंबा का सामना गुजरात जायंट्स से होगा। तीसरे दिन सुपर संडे को तमिल थलाइवाज और यू मुंबा भिड़ेंगे। मौजूदा चैंपियन हरियाणा स्टीलर्स बंगाल वॉरियर्स के खिलाफ अपने खिताब की रक्षा के लिए पहला मैच खेलेंगे।

12 सितम्बर से जयपुर के इंडोर हॉल, एसएमएस स्टेडियम में मुकाबला होगा, जहां दो बार की चैंपियन जयपुर पिंक पैंथर्स और बेंगलुरु बुल्स के बीच रोमांचक मुक. ाबले होंगे, इसके बाद तमिल थलाइवाज का सामना बंगाल वॉरियर्स से होगा। गुलाबी नगरी पीकेएल की लोककथाओं में एक विशेष स्थान रखती है, क्योंकि 2023-24 में ऐतिहासिक सीजन 10 के दौरान ऐतिहा. सिक 1000वें पीकेएल मैच की मेजबानी करेगा। तीसरे चरण में 29 सितम्बर को चेन्नई के एसडीएटी मल्टीपर्पस इंडोर स्टेडियम में यूपी योद्धा का सामना गुजरात जायंट्स से होगा, जबकि दबंग दिल्ली केसी का सामना हरियाणा स्टीलर्स से भिड़ेंगे। सीजन 12 का लीग चरण 13 अक्टूबर से दिल्ली के त्यागराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अपने चरम पर पहुंचेगा।

# बीसीए अध्यक्ष ने भारत अंडर-19 टीम में शामिल होने पर सूर्यवंशी को बधाई दी

**पटना, वार्ता।** बिहार क्रिकेट संघ (बीसीए) के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारत अंडर-19 टीम में शामिल होने पर आज बधाई दी।

आईपीएल 2025 में धूम मचाने के बाद, बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी पिछले महीने इंग्लैंड दौरे पर सुर्खियों में छा गए। इंग्लैंड अंडर-19 के खिलाफ चौथे वनडे में, वैभव (14 वर्षीय) ने 52 गेंदों में शतक जड़कर युवा वनडे में सबसे तेज शतक लगाने का नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए अपना नाम रिकॉर्ड बुक में दर्ज करा लिया। बीसीए अध्यक्ष राकेश तिवारी ने वैभव की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमें वैभव से बहुत उम्मीदें हैं।

उन्होंने अपने प्रदर्शन से बिहार और भारत को बेहद गौरवान्वित किया है और अब उनके पास ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर अपनी प्रतिभा दिखाने का एक शानदार अवसर है। मैं उन्हें इस नए अध्याय के लिए शुभकामनाएं देता हूं। बीसीए प्रमुख राकेश तिवारी ने भी वैभव सूर्यवंशी जैसी उभरती प्रतिभाओं को राज्य में प्रोत्साहित करने और उनका समर्थन करने के लिए बिहार क्रिकेट संघ की प्रतिबद्धता दोहराई।

# अध्यक्ष बने आनंद मोहन गुप्ता और महासचिव कपिल गुप्ता

■ सीनियर व जूनियर कार्यकारिणी की मतगणना जारी





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** दि बार एसोसिएशन एण्ड लाईब्रेरी मुरादाबाद के चुनाव में दो दिन चली मतगणना में अध्यक्ष पद पर आनंद मोहन गुप्ता अपने प्रतिद्वंद्वी अमिरुल हसन जाफरी से मतों से विजयी हुए।

उन्हें मत मिले जबकि जाफरी को। मत मिले। वहीं महासचिव पद पर कपिल गुप्ता अपने प्रतिद्वंद्वी राजेश कुमार से मतों से विजयी हुए उन्हें। मत मिले जबकि राजेश कुमार को। मत मिले। यद्यपि जीत का अंतर बहुत कम था। कोषाध्यक्ष पद अजय बंसल ने जीत हासिल की उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी पारुल अग्रवाल से मात्र दो मतों से जीत हासिल की। कोषाध्यक्ष पद पर पहली बार में बराबर 773-773 मत आने पर दोनों के पुनर्मतगणना के प्रार्थना पत्रों के आने और विच. ारोंपरांत पुनर्मतगणना करायी गयी। पुनर्मतगणना में अजय बंसल दो मतों से विजयी हुए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अंजार हुसैन अपने प्रतिद्वंद्वी संजीव राघव से मतो से विजयी हुए। अंजार हुसैन को। मत तथा संजीव राघव को। मत मिले। वहीं जूनियर उपाध्यक्ष मे पुनीत चौहान व सचिन शर्मा विजय हुए। वहीं संयुक्त सचिव पद पर जेपी सिंह,आवरण अग्रवाल और रमापंत पाण्डेय विजयी हुए। सीनियर व जूनियर कार्यकारिणी की मतगणना जारी रही। कल भी मतगणना जारी रहने के उपरांत कार्य स्थगित रहेगा और वाहन स्टैंड बंद रहेग।

## साहू झुन्नीलाल धर्मशाला में होगा चतुर्थ श्रीश्याम संकीर्तन महोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर के सीता रोड स्थित साहू झुन्नीलाल धर्मशाला में आज शाम 07 बजे से भक्ति, श्रद्धा और समर्पण से ओतप्रोत चतुर्थ श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि कार्यक्रम में देश के विभिन्न भागों से पधारे सुप्रसिद्ध कलाकार बाबा श्याम का गुणगान करेंगे और श्रोताओं को संकीर्तन की मधुर लहरियों में भावविभोर कर देंगे। महोत्सव का मुख्य आकर्षण बाबा श्याम का 12 फुट ऊंचा भव्य श्रृंगार होगा, जिसे विशेष रूप से विदेशी फूलों से सजाया जाएगा। कार्यक्रम में दिल्ली, जयपुर, गाजियाबाद और हरियाणा से पधारे भजन गायकों द्वारा बाबा श्याम के जयकारों और भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। श्याम भक्तों के लिए यह संकीर्तन महोत्सव एक आध्यात्मिक उत्सव की तरह होगा जिसमें भक्ति, संगीत और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। कार्यक्रम में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया, पुलिस अधीक्षक के.के. बिश्नोई, तथा क्षेत्राधिकारी अनुज चौधरी के भी महोत्सव में शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से समय पर कार्यक्रम स्थल पर पहुँचने की अपील की है, ताकि वे बाबा श्याम के दिव्य श्रृंगार और संकीर्तन का पूर्ण लाभ उठा सकें।

## गोस्वामी तुलसीदास, प्रेमचंद जयंती व उधम सिंह बलिदान दिवस पर हुआ प्रेरणादायक कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** गुरुवार को राजेश कुमार पब्लिक स्कूल, सैमरटोला चन्दौसी में महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में गोस्वामी तुलसीदास जयंती, मुंशी प्रेमचंद जयंती एवं शहीद उधम सिंह बलिदान दिवस पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने तीनों विभूतियों के जीवन, कृतित्व व प्रेरणास्रोत प्रसंगों पर प्रभावशाली वक्तव्य दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल चेयरमैन राजेश कुमार ने की एवं संचालन दिनेश चंद्र गुप्ता ने किया। विशिष्ट अतिथियों में देवेन्द्र प्रसाद शर्मा, एडवोकेट रामकिशोर अग्रवाल (सुप्रीम कोर्ट), हरी सिंह यादव (पूर्व उपनिरीक्षक), वेदराम मौर्य, वर्षा गर्ग (प्रधानाचार्य) सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। प्रवीण कुमार वार्ष्णेय कार्यक्रम के व्यवस्थापक और पं. सुरेशचंद्र शर्मा आयोजक रहे। इस दौरान देवेन्द्र प्रसाद



शर्मा, वेदराम मौर्य, हरी सिंह यादव, एडवोकेट रामकिशोर अग्रवाल, गेंदनलाल, ज्योति शर्मा, श्री मति रजनी वार्ष्णेय, प्रियंका गुप्ता, बेबी, स्वाति, प्रवीण कुमार वार्ष्णेय, सलौनी, अनमोल, आरती, मीरा गुप्ता, पूजा, खुशबू, मीरा कुमारी, रुचिका, संतोष आदि मौजूद रहे। साथ ही छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, कविताएँ और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से वातावरण को देशप्रेम से ओतप्रोत कर दिया।

## श्रीगीता सत्संग भवन में श्रीमद्‌भागवत कथा का शुभारंभ

**चन्दौसी।** शुक्रवार को सीतारोड स्थित श्रीगीता सत्संग भवन में श्रीमद्‌भागवत कथा का साप्ताहिक आयोजन किया गया जिसमें कथा व्यास पंडित प्रशांत कुमार मिश्र ने श्रीमद्‌भागवत महापुराण के महात्म्य का वर्णन किया। कलश यात्रा के दौरान पंडित कृष्णकांत पांडेय, पंडित यथार्थ कृष्णा पाठक, आचार्य सत्य प्रकाश पाठक शास्त्री, आई.पी. शर्मा, रामाशंकर शर्मा, मदनलाल शर्मा, चंद्रप्रकाश, राधेश्याम सिंह, रमेशचंद्र शर्मा, राजकुमार गोयल, डॉ. जयशंकर दुबे, नत्थूलाल शर्मा, यतीश शर्मा, रजनी शर्मा, चौतन्य शर्मा, स्वाति शर्मा, शैली शर्मा, शिवांगी शर्मा, आयुषी पाठक, समर्थ शर्मा, श्यामसुंदर दुबे, समस्त सनातन परिवार आदि उपस्थित रहे।

## अधिकारियों की टीम बेसिक से लेकर माध्यमिक विद्यालयों का आज से करेंगी निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** शासन के निर्देश पर अधिकारी 1 अगस्त से बेसिक से लेकर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण करेंगे स विद्यालयों की समीक्षा अब सिर्फ आंकड़ों पर नहीं, बल्कि जमीन पर होगी। समग्र शिक्षा अभियान के तहत नामित 18 वरिष्ठ शिक्षा अधिकारियों की टीम प्रदेश के सभी मंडलों में दो-दो जिलों का निरीक्षण करेगी। इसमें स्कूलों के भवन की मजबूती से लेकर डिजिटल सुविधाए तक की निगरानी होगी।

प्रत्येक टीम को दो दिनों में न्यूनतम 14 विद्यालयों का निरीक्षण करना है, जिससे कम से कम 252 विद्यालयों का सैंपल तैयार होगा। स्कूलों के निरीक्षण का दायरा व्यापक है। इसमें पीएम श्री विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, परिषदीय विद्यालय, राजकीय इंटर कालेज, अशासकीय सहायताप्राप्त विद्यालय और और को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्र शामिल हैं।

हर जिले में हर श्रेणी के कम से कम एक स्कूल का फील्ड विजिट अनिवार्य है। टीमें न स्कूल भवन की मजबूती और ध्वस्तीकरण की जरूरत, फर्नीचर की उपलब्धता, विद्यालयों के विलय के बाद पूर्व प्राथमिक कक्षाओं का संचालन, पुस्तक वितरण कीस्थिति, छात्र व शिक्षक उपस्थिति, बाल वाटिका की सामग्री, यू डाइस डेटा की स्थिति, लर्निंग बाय डुइंग व विज्ञान किट के प्रयोग को देखेंगी। माध्यमिक स्कूलों में प्रयोगशाला, आइसीटी लैब, पुस्तकालय, छात्रावास, पीएम श्री स्कूलों में खेल सुविधाओं का सत्यापन किया जाएगा। कम नामांकन वाले स्कूलों के विलय और संसाधनों के पुनर्वितरण की दिशा में हुए प्रयासों की प्रगति भी जांची जाएगी। निरीक्षण की रिपोर्ट प्रेरणा एप के माध्यम से दर्ज की जाएगी, जिसकी निगरानी राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा की जाएगी। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने निर्देश दिए है। उधर प्राथमिक शिक्षा संघ ने जिला अधिकारी को पत्र भेजकर लोक निर्माण विभाग के कुशल अभियंताओं तथा जनपद स्तर पर गठित तकनीकी समिति के माध्यम से विद्यालय के संपूर्ण भवन एवं सुरक्षा की जांच तथा सत्यापन कराए जाने की मांग उठाई है।

## गंदगी और कीचड़ में घिरा विद्यालय मार्ग छात्र-छात्राओं का स्कूल पहुंचना हुआ दूभर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** बरसात के मौसम में विकासखंड बनियाखेड़ा के गांव रतनपुर खुर्द स्थित प्राथमिक विद्यालय के बाहर कीचड़ और जलभराव ने स्थानीय निवासियों और स्कूली बच्चों की राह मुश्किल कर दी है। विद्यालय जाने वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह से दलदल में तब्दील हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात की हर बूंद इस रास्ते को एक नई मुसीबत में बदल देती है। विद्यालय परिसर के मुख्य द्वार के सामने जमा गंदा पानी, सड़ांध और गड्ढों से न केवल बीमारियों का खतरा बढ़ा है, बल्कि छोटे बच्चों का गिरकर चोटिल होना भी आम बात हो गई है। कीचड़ से भरे इस रास्ते पर बच्चों के जूते चिपक जाते हैं, कभी-कभी बच्चे जूते स्कूल तक ला भी नहीं पाते। कुछ अभिभावकों ने बताया कि वे बच्चों को स्कूल भेजने से कतराने लगे हैं क्योंकि कीचड़ में गिरने के बाद बच्चे बीमार पड़ जाते हैं। विद्यालय परिसर के बाहर जमा यह गंदा पानी मच्छरों की भरमार को आमंत्रित करता है। इससे डेंगू, मलेरिया जैसी बीमा. रियों के फैलने की आशंका भी जताई जा रही है। बच्चों का स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा: तीनों ही इस गंदगी की



भेंट चढ़ते नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और पंचायत से अपील की है कि तत्काल प्रभाव से इस मार्ग की सफाई कराकर इंटरलॉकिंग या पक्की सड़क का निर्माण कराया जाए, जिससे बच्चों की शिक्षा बाधित न हो और उन्हें सुरक्षित वातावरण मिल सके।

## सरदार उधम सिंह जी के शहादत दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वंदे भारत राष्ट्रवादी संगठन के द्वारा महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में क्रांतिकारी सरदार उधम सिंह जी के शहादत दिवस पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस मौके पर वंदे भारत राष्ट्रवादी संगठन के पदाधिकारी के द्वारा सरदार उधम सिंह जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की इस मौके पर वंदे भारत राष्ट्रवादी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मेजर राजीव ढल ने कहा की देश को आजाद कराने में लाखों लाख बलिदानियों ने अपना बलिदान दिया उन्ही में से एक क्रांतिकारी सरदार उधम सिंह जी थे जिन्होंने जलियांवाला बाग नरसंहार का बदला लेने का संकल्प लिया था और इसी संकल्प को उन्होंने अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया था और संकल्प को पूरा करने के लिए जनरल डायर को मारने के लिए और लंदन तक पहुंच गए और वहां के किंग्सटन हाल में जाकर उनके सीने में गोलियां उतार कर अपना संकल्प पूरा किया और जलियांवाला बाग हत्याकांड का बदला लिया। मेजर राजीव ढल उन्हें नमन करते हुए कहा दुश्मन भी रखे याद वो मजमूम देती है वतन को जब जरूरत हो वह अपना खून देती है, हिंदुस्तान की जवानी को नमन मेरा जो डायर को उसी के घर में जाकर भून देती है। उन्होंने आगे बताया कि आज ही के दिन 31 जुलाई 1940 को इस्मा भारती के लाल को फांसी के फंदे पर लटका दिया गया अंग्रेजों ने सोचा कि उनकी फांसी से आजादी के आंदोलन की आग बुझ जाएगी लेकिन सरदार उधम सिंह का बलिदान व्यर्थ नहीं गया और लाखों उधम सिंह इस आजादी के आंदोलन में कूद पड़े और आखिरकार मात्र 7 साल बाद अंग्रेजों को भारत छोड़कर जाना पड़ा और देश 15 अगस्त 1947 को आजाद हो गया। प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा रति कौशिक ने कहा जिस प्रकार उधम सिंह ने एक संकल्प लिया और उसे पूरा किया इसी प्रकार हमें भी छोटे-छोटे संकल्प लेने चाहिए केवल सीमा पर जाकर लड़ना देशभक्त नहीं।मंडल महामंत्री विमल कुमार जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को सरदार उधम सिंह से जुड़े प्रेरक प्रसंगों के बारे में बताया और कहा कि हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।इस




मौके पर छात्र छात्राओं ने भारत माता की जय,वंदे मातरम और जय वंदे भारत के उद्धघोष से सभा स्थल को गुंजायमान कर दिया। इस मौके पर मेजर राजीव ढल,रति कौशिक, ग्रंथ सिंह, राहुल चौधरी, विमल कुमार,संजय कुमार,प्रमोद सिंह सिद्धू ,अभय सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे।

## नशा मुक्त भारत अभियान के तहत छात्राओं को दिलाई शपथ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत प्राचार्य प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा एवम मुख्य अतिथि नजीमुद्दीन वार्ड नंबर 62 के पार्षद के द्वारा महाविद्यालय की सभी छात्राओं प्रवक्ताओं तथा तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई। इसके पश्चात प्राचार्य प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि नशा एक गंभीर सामाजिक बुराई है इससे इंसान अपने अनमोल जीवन को समय से पहले समाप्त करके मौत को गले लग रहा है। आज युवा पीढ़ी नशे के लिए शराब ,गांजा, भांग ,अफीम , गुटखा, तंबाकू, कोकीन ,ब्राउन शुगर जैसे घातक मादक पदार्थो का उपयोग कर रहा है।और इन जहरीले पदार्थ के सेवन से व्यक्ति को शारीरिक, मान. सिक और आर्थिक हानि पहुंचाने के साथ-साथ सामाजिक वातावरण को भी प्रभावित कर रहा है। साथ ही युवा पीढ़ी के नशे के सेवन से देश का विकास में भी रुकावट आ रही है ।प्राचार्य ने कहा कि नशे के आदी होने के कारण युवा वर्ग मादक पदार्थों को प्राप्त करने के लिए गलत से गलत कार्य कर जाता है ।इतना ही नहीं इसके कारण कितने ही परिवार भी टूट रहे हैं।

आज का युवा शराब और हेरोइन जैसे मादक पदार्थो का नशा ही नहीं बल्कि कुछ ऐसी दवाओं का भी इस्तेमाल नशे के रूप में कर रहा है जिनका प्रयोग प्रतिबंधित है। इस आसुरी प्रवृत्ति को समाप्त करना परमावश्यक है। नशावृत्ति ,लैंगिक उत्पीड़न को भी बढ़ावा देता है।अत:



नशामुक्ति अभियान आज की प्राथमिक आवश्यकता है । प्राचार्य ने कहा कि हम सभी को यह प्रतिज्ञा करनी चाहिए कि ना तो हम नशे का सेवन करेंगे और ना ही अपने आसपास के लोगों को सेवन करने देंगे और देश को नशा मुक्त करने में अपना पूर्ण सहयोग करेंगे। मुख्य अनुशासिका प्रोफेसर किरण साहू ने भी सभी को नशा मुक्ति के लिए आवाहन किया।कार्यक्रम का आयोजन और संचालन प्राचार्य चारु मेहरोत्रा के निर्देशन में डॉ शेफाली अग्रवाल, डॉ रेनू शर्मा, डॉ सविता अग्रवाल,और शिवानी गुप्ता ने कराया कार्यक्रम में प्रोफेसर मीनाक्षी शर्मा प्रोफेसर किरण त्रिपाठी प्रोफेसर अनुराधा सिंह प्रोफेसर सीमा गुप्ता प्रो सीमा अग्रवाल प्रो सुधा सिंह प्रोफेसर एकता भाटिया प्रोफेसर सुदेश प्रोफेसर करुणा आनंद प्रोफेसर प्रवीण सैनी प्रोफेसर अचल गुप्ता सहित समस्त गोकुल परिवार सम्मिलित रहा।

## विद्युत पोल गिरने से 15 घंटे गुल रही बिजली

**चन्दौसी।** सीतारोड स्थित गणेश कॉलोनी में बुधवार रात्रि भारी बारिश के चलते एक विद्युत पोल गिर गया, जिससे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। बिजली न होने से कुछ ही घंटों में इन्वर्टर भी जवाब दे गए और कॉलोनीवासी अंधेरे में डूब गए। जानकारी के अनुसार, गणेश कॉलोनी को हनुमान गढ़ी स्थित उपकेन्द्र से विद्युत आपूर्ति होती है। बारिश के दौरान पोल की नींव कमजोर हो गई और वह भूतल स्तर से टूटकर गिर गया। इस दौरान तेज स्पार्किंग और धमाके हुआ और बिजली गुल हो गई। बारिश के बीच विद्युत विभाग के कर्मियों को खम्भा सही करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। छह घंटे की लगातार मेहनत के बाद विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकी लगभग 15 घंटे बाद कॉलोनी वासियों ने राहत की सांस ली।

## एक नजर

### टीकाकरण अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर हुई बैठक आयोजित



**बिलारी।** स्कूल टीकाकरण अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी पर एक समन्वय बैठक आयोजित की गई जिसमें चिन्हित विद्यालयों के नोडल अध्यापकों की एक बैठक कर उनको टीडी वैक्सीनेशन 10 साल और 16 साल के बच्चों को किया जाने वाला टीकाकरण दिनांक एक अगस्त 2025 से आयोजित होने वाले टीकाकरण के संबंध में समन्वय बैठक आयोजित की गई बैठक में प्रभारी अधिकारी डॉ प्रवीण श्रीवास्तव द्वारा समस्त स्कूलों से समन्वय स्थापित कर शत प्रतिशत टीकाकरण कराने की अपील की बैठक में ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक चंचल सिंह आजाद सानू कुमार बीसीपीएम मनीष कुमार आदि उपस्थित रहे।

### भाजपा कार्यकर्ता चेतन सैनी के निधन पर शोकसभा



**बिलारी।** भाजपा कार्यकर्ता चेतन सैनी के निधन पर शोकसभा भाजपा कैंप कार्यालय पर की गई। बैठक में भाजपा कार्यकर्ता चेतन सैनी के मंडी समिति प्रकरण में आत्महत्या करने पर शोक प्रकट किया, साथ ही मृतक आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही सरकार से यह मांग करी दोषी व्यक्तियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही हो कार्यकर्ता के परिवार को न्याय मिले। शोकसभा पर मण्डल अध्यक्ष विकास गुप्ता, मंडल अध्यक्ष पारस शर्मा, विधानसभा के संयोजक विश्वास यादव, मंडल महामंत्री मनोज ठाकुर, मंडल उपाध्यक्ष मेघपाल सिंह, प्रशांत चौधरी, नवनीत यादव, संजय शर्मा, अखिल कुमार ,अतुल शर्मा, प्रदीप चौधरी, पंकज चौहान, इमरान पाशा, भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दो लाख रुपये और बाइक की मांग को लेकर महिला का उत्पीड़न, पुलिस ने 6 के खिलाफ किया मामला दर्ज

**कांठ।** विवाह में मिले दहेज से नाराज ससुराल वालों ने 2 लाख रुपए और बुलेट मोटरसाइकिल की मांग करनी शुरू कर दी विवाहिता के मायके वालों ने मांग पूरी करने से इनकार किया तो उत्पीड़न शुरू हो गया विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने 6 के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना डिलारी क्षेत्र के गांव सरकड़ा बिश्नोई निवासी नीलू पुत्री दयानंद की शादी 2 साल पहले छजलेट थाना क्षेत्र के गांव चंगेरी निवासी संजीव के साथ हुई थी। इस शादी में महिला के पिता ने करीब 10 लाख रुपए खर्च किए लेकिन संजीव विजयपाल सुरेखा स्वाति कुलदीप और विक्की दिए गए दहेज से खुश नहीं थे उन्होंने शादी के कुछ दिन बाद ही 2 लाख और बुलेट मोटरसाइकिल की मांग करनी शुरू कर दी महिला के मायके वालों ने मांग पूरी करने में मजबूरी बताई तो उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। रिश्तेदारों की मदद से एक दो बार उसे ससुराल भेजा गया लेकिन ससुरालियों का रवैया नहीं बदला और 28 जुलाई को उन्होंने लाठी डंडों से मारपीट करके उसे घर के सामने सड़क पर डाल दिया। पीड़िता की बहन भी उसी गांव में रहती है वह उसे उठाकर अपने घर ले गई और थाने में प्रार्थना पत्र दिया पुलिस ने आरोपी ससुराल वालों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

### हरिद्वार से जल लेकर बरेली को वापस लौट रहे कांवड़िए



**अगवानपुर।** पिछले हफ्ते बरेली के आठ श्रधालुओं का जत्था हरिद्वार से जल लाने को निकला था वह लोग जल लेकर गुरुवार को वापस अपनी मंजिल को लौट चले हैं जिसमें जत्थे के महंत प्रताप सिंह ने बताया कि सावन माह का यह चौथा सोमवार है वह सभी श्रद्धालु बरेली शहर के निवासी हैं और उनके जत्थे में टोटल आठ लोग हैं अपने-अपने घरों से सभी लोग पूरी श्रद्धा से पिछले हफ्ते बरेली से गंगा जल लाने को हरिद्वार के लिए निकले थे गुरुवार शाम पांच बजे 31 जुलाई को कांठ रोड़ पर स्थित अगवानपुर तक पहुंच गए हैं। वहीं शाह टाइम्स संवाददाता के पूछने पर बेडे के महंत प्रताप सिंह ने बताया कि वह आठो श्रद्धालु पूरी श्रद्धा के साथ शान्ती पूर्ण तरीके से पालकी में गंगा जल लेकर हरिद्वार से बरेली की ओर लौट रहे हैं ताकि भगवान भोले बाबा की कृपा प्राप्त हो सके और बताया कि भगवान शिव के आशिर्वाद से सोमवार सुबह चार बजे वह सभी कांवड़िए बरेली के बड़े शिव मंदिर में पहुंचेंगे जहां भगवान भोले भंडारी के शिवलिंग पर जलाभिषेक किया जाएगा।

### बम भोले के जयकारों की सड़कों पर सुनाई दे रही आवाज

**कांठ।** सावन के माह में शिव भक्त हरिद्वार सहित अन्य तीर्थ नगरियों से पैदल कांवड़ में गंगाजल लेकर आते हैं और सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। दूरदराज के काँवड़िये कांधे कांवड़ धारण कर कांठ से गुजर रहे हैं। गुरुवार को नगर की सड़कों पर काँवड़ियों काफी भीड़ दिखाई दी। लगातार काँवड़ियों के जत्थे कांठ से होकर गुजरते नजर आए। पूरा दिन काँवड़ियों की वापसी होती रही। वहीं हरिद्वार जाने के लिए भी काँवड़ियों के वाहन नगर से होकर गुजरते दिखाई दिए। कोई ढोल की थाप पर भगवान शिव की महिमा का गुणगान करते हुए जाता दिखाई दिया तो कोई डीजे व धार्मिक भजनों पर झूम रहा था। इससे कांठ का वातावरण पूरी तरह से शिव भक्ति में सराबोर हो गया। 4 अगस्त को सावन माह के चौथे एवं अंतिम सोमवार को काँवड़िये क्षेत्र के मंदिरों में जलाभिषेक करेंगे।

### वंदे भारत राष्ट्रवादी संगठन ने किया वृक्षारोपण

**चन्दौसी।** वंदे भारत राष्ट्रवादी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोमी चौधरी के जन्मदिवस के अवसर पर वंदे भारत के मंडलाध्यक्ष दिनेश पाल सिंह तोमर के नेतृत्व में ग्राम अल्हैदादपुर चम्मू में वृक्षारोपण किया गया। दिनेश पाल सिंह तोमर ने कहा कि वृक्षारोपण से तात्पर्य वृक्षों के विकास के लिए पौधों को लगाना और हरियाली फैलाना है। रक्षा पर्यावरण को बेहतर बनाने में हमारी मदद करते हैं। यह हवा को शुद्ध करते हैं और पानी को संरक्षित करते हैं। वंदे भारत जिलाध्यक्ष आकाश कुमार ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन का एक जरूरी हिस्सा है। पेड़ पौधों के बिना मनुष्य ही नहीं बल्कि किसी भी प्राणी का जीवन संभव नहीं है। वंदे भारत राष्ट्रपति संगठन के जिला महामंत्री विवेक कुमार त्रिपाठी ने कहा कि एक पौधा 100 लोगों को ऑक्सीजन देता है। इस अवसर पर रोहित कुमार, भुवनेश बघेल, सत्येंद्र दिवाकर, सोनू ठाकुर, आकाश कुमार, विवेक त्रिपाठी, दिनेश पाल सिंह तोमर आदि मौजूद रहे।

शाह टाइम्स
# सम्पादकीय
शुक्रवार, 1 अगस्त 2025

## ट्रम्प के बिगड़ते बोल

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पूरी तरह बेलगाम होते दिखाई दे रहे हैं। वे किसके विषय में कब क्या बोल दें कोई नहीं जानता। उनके फैसले भी बेहद अटपटे दिखाई दे रहे हैं। भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद अब उन्होंने कह दिया है कि भारत और रूस की इकोनॉमी डेड हो चुकी है। आम बोलचाल में डेड इकोनॉमी उस स्थिति को कहते हैं जब किसी देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह ठप हो जाए या बिल्कुल सुस्त पड़ जाए। यह एक तरह से किसी देश के दिवालियापन जैसा हो सकता है, जहां न कोई नौकरी रहती है न लोगों की कमाई बढ़ती है। लोग आर्थिक तंगी में फंस जाते हैं।

अब उन्होंने यह बात किस आकलन के आधार पर कही यह तो वही जानें, लेकिन इससे यह तो पता चलता ही है कि वह भारत को लेकर बेहद ही बेरुखा रुख अपना रहे हैं और यह तब है जब वह भारत को मित्र देशों की श्रेणी में भी रखते दिखाई देते हैं। ट्रम्प को समझना होगा कि हर देश की अपनी सीमाएं हैं अपने हित हैं, उसको उन्हीं के हिसाब से फैसले लेने होते हैं। जैसेकि गुरुवार को उद्योगमंत्री पीयूष गोयल ने लोकसभा में कहा भी कि सरकार राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर आवश्यक कदम उठाएगी। सरकार अपने देश के किसानों, मजदूरों, सूक्ष्म, लघु व मझोले उद्योगों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। गोयल ने यह भी कहा कि अब तक अमेरिका के साथ चार दौर की बातचीत हो चुकी है और बातचीत अभी टूटी नहीं है।

लगता है कि ट्रम्प को इससे कोई मतलब नहीं है वह बेहद जल्दबाजी में हैं और वह ट्रेड को लेकर बेहद आक्रामक मुद्रा में हैं। वह किसी की सुनने के लिए भी तैयार नहीं हैं। उन्हें किसी की लाभ-हानि से कोई लेना-देना नहीं है। उन्हें केवल अमेरिका का हित दिखाई दे रहा है। उनकी तमाम कोशिश है कि अमेरिका को जो व्यापार में तमाम फायदें मिलें, जबकि दूसरे देशों को भी फायदा हो इससे उन्हें कोई सरोकार दिखाई नहीं दे रहा है। डोनाल्ड ट्रम्प को समझना चाहिए कि उनकी अर्थव्यवस्था बेहद मजबूत है और इस मजबूती के चलते उनका कोई दायित्व भी गरीब विकासशील देशों के प्रति बनता है। आखिर बड़ा वही कहलाता है, जो अपने छोटे देशों का भी ख्याल रखे, लेकिन डोनाल्ड ट्रम्प व्यापार को लेकर किसी तरह का ख्याल रखने के मूड में नहीं हैं और न ही किसी देश की मजबूरी को समझ रहे हैं और सबसे बड़ी विचित्र बात तो यह है कि वह अपनी इस मंशा को छुपा भी नहीं रहे हैं। भारत के संदर्भ में वह खुलकर कह रहे हैं, क्योंकि भारत रूस से बड़ी संख्या में सैन्य साजो-सामान पेट्रोलियम पदार्थ व गैस की आपूर्ति कर रहा है। इसलिए वह भारत पर टैरिफ लगा रहे हैं। वह नहीं चाहते कि रूस के साथ कोई व्यापार करे। यह कैसे संभव है। हर देश अपनी जरूरत के हिसाब से किसी भी देश के साथ व्यापार करता है। अगर रूस हमें सस्ते दामों पर तेल व गैस दे रहा है, तो इस पर अमेरिका को क्यों आपत्ति होनी चाहिए, लेकिन आपत्ति हो रही है, बल्कि आपत्ति ही नहीं वह एक तरह से दंड भी देना चाहता है। टैरिफ लगाना यह दंड देने का ही एक तरीका है।

## केंद्र सरकार अपने आश्वासन पर खरी उतरे



उम्मीद है कि अमेरिकी टैरिफ को लेकर केंद्र सरकार अपने आश्वासन पर खरी उतरेगी, मित्र देश बताने के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारतीय आयात पर 1 अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क तथा रूस से तेल आयात करने पर पेनाल्टी लगाने की घोषणा की गई है, इस नई चुनौती को केंद्र सरकार अवसर एवं आत्मनिर्भरता में बदलकर देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित नहीं होने देगी, इसको लेकर देश को दिए गए इस आश्वासन पर कि किसान, छोटे व मंझोले उद्योग और राष्ट्रहित से कोई समझौता नहीं करेगी, इस पर खरी उतरकर दिखाएगी, भारत गरीबों और मेहनतकश लोगों का देश है, हर हाथ को काम देने के साथ देश को आगे बढ़ाने की नीति बनाकर उस पर सही से अमल होना चाहिए। -सुश्री मायावती, बसपा सुप्रीमा

# सियाम की परछाइयां: मंदिर, युद्ध और वैश्विक शतरंज





वाहिद नसीम

> राजा के भरोसेमंद लोग, जो सिर्फ सीमा पर तैनात कमांडर नहीं, बल्कि एक मानसिकता के वाहक हैं, जो थाईलैंड को ग्लोबल साउथ के उदय से काटकर, पश्चिम की गोद में बिठाना चाहते हैं। बैंकॉक का अभिजात वर्ग, जो BRI और BRICS के उदय को अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है। ये वे लोग हैं जो इतिहास से अधिक लाभ में विश्वास करते हैं और मंदि. रों के नाम पर युद्ध बेचते हैं, लेकिन लाभ के लिए शांति खरीदते हैं।

जब युद्ध अचानक प्रकट होता है, तो कहीं न कहीं कोई उसे वर्षों से यह फसल उगा रहा होता है धीरे, छुपकर, और गहरी चालों के साथ। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा पर उठता धुआं, कुछ विश्लेषकों के लिए सिर्फ एक पारंपरिक विवाद है, मगर इस लेख के मेरे लिए यह एक बहुत गहरे भू-राजनीतिक युद्ध की भूमिका है, जिसकी स्क्रिप्ट वाशिंगटन, लंदन और तेल अवीव में लिखी जा रही है। इसमें इस्तमाल किए गए हथियरों से संकेत स्पष्ट है। यह केवल थाई-कंबोडिया संघर्ष नहीं, यह चीन के खिलाफ छेड़ा जा रहा एक परोक्ष वैश्विक युद्ध का पहला कदम है, जिसमें दक्षिण-पूर्व एशिया, ब्रिक्स और पूरा ग्लोबल साउथ युद्ध के शतरंज पर मोहरे बन चुके हैं।

**प्राचीन मंदिर, आधुनिक महायुद्ध**

सीमा विवाद का प्रतीक बन चुका है प्रीह विहेयर मंदिर। एक प्राचीन खमेर मंदिर जो डांगरेक पर्वतों पर स्थित है, जिसकी दीवारें चुपचाप सियाम के उत्थान, खमेर साम्राज्य की गरिमा, और औपनिवेशिक सीमा-रेखाओं की क्रूरता की गवाह रही हैं।

थाई अभिजात वर्ग और सैन्य नेतृत्व, इस मंदिर को राज्य-गौरव का प्रतीक मानते हैं, जो 1907 की फ्रांस-सियाम संधि से कटे हुए अतीत को पुन:स्थापित करने का माध्यम बन सकता है। परंतु यह सिर्फ एक मंदिर विवाद नहीं। यह एक अवसर है, उस तीसरे पक्ष के लिए जो हर प्राचीन पीड़ा को भविष्य के युद्ध का बहाना बनाना बना रहा है।

**BRI: रेशमी सपनों की अस्थिर नींव**

चीन की Belt and Road Initiative एक 6,000 किमी लंबा महायोग, जो युन्नान से लेकर सिंगापुर तक दक्षिण-पूर्व एशिया की नसों को जोड़ता है। वर्तमान संघर्ष की बुनियाद में कहीं न कहीं गूंजती हुई छाया है।

थाईलैंड का हिस्सा (नोंग खाई एक्सटेंशन) भ्रष्टाचार में उलझा है, जबकि कंबोडिया और लाओस तेजी से बीआरआई के नक्शे पर चमक रहे हैं। में देख रहा हूं कि अमेरिका के लिए यह बेहद असहनीय है। वह नहीं चाहता कि बीजिंग सड़कों, रेल और बंदरगाहों के माध्यम से एक आर्थिक-सांस्कृतिक धुरी बना दे, जो पश्चिम के पुराने मार्गों को अप्रासंगिक कर दे। इसलिए, अराजकता फैलाना, कनेक्टिविटी को जड़ से उखाड़ना, और ASEAN को भीतर से फाड़ डालना अमेरिका की रणनीति बन चुकी है।

**कंबोडिया: अगला यूक्रेन?**

आश्यान के संगठित होते देशों की हलचल से इशारा मिलता हैं कि जिस तरह यूक्रेन को रूस के खिलाफ एक फॉरवर्ड बेस बनाया गया, उसी तरह कंबोडिया कृ जहां चीन ने रणनीतिक रूप से रियाम नौसैनिक अड्डा विकसित किया है कृ जिसे पश्चिम ष्चीन के खिलाफ एक जालष में बदलने की कोशिया में है।

अमेरिका को थाईलैंड जैसे सहयोगी की जरूरत है क्यों है, पश्चिमी हथियारों तक पहुंच रखता है और वहां एक ऐसा राजा और सैन्य वर्ग है जो प्राचीन गौरव और पश्चिमी पूंजी दोनों का मोह रखता है। इस समीकरण में, भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव भड़काना, ताइवान को चीन के खिलाफ उकसाना, और थाईलैंड-कंबोडिया युद्ध को बढ़ाना। सब कुछ एक साझा रणनीति के धागों से जुड़ा है।

**अभिजात वर्ग और राजा के आदमी: खेल के भीतर खेल**

राजा के भरोसेमंद लोग, जो सिर्फ सीमा पर तैनात कमांडर नहीं, बल्कि एक मानसिकता के वाहक हैं, जो थाईलैंड को ग्लोबल साउथ के उदय से काटकर, पश्चिम की गोद में बिठाना चाहते हैं।

बैंकॉक का अभिजात वर्ग, जो BRI और BRICS के उदय को अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है। ये वे लोग हैं जो इतिहास से अधिक लाभ में विश्वास करते हैं और मंदिरों के नाम पर युद्ध बेचते हैं, लेकिन लाभ के लिए शांति खरीदते हैं।

**असल में कौन है तीसरा पक्ष?**

वह कोई एक सरकार नहीं, वह कोई एक सेना नहीं, वह एक गति है जो अराजकता को रणनीति में बदल देती है। CIA, MI6, NATO, तेल अवीव, लंदन सब मिलकर एक ऐसी भू-राजनी. तिक वॉर मशीन बनाते हैं, जो हर हिस्से में एक नया यूक्रेन बनाने के फिराक में है। मंदिर जो शांति का प्रतीक थे, युद्ध के बहाने बन गए। सीमाएं जो इतिहास में उकेरी गई थीं, आज हथियार बन गईं। लेकिन जिसे आप युद्ध समझते हैं, वह किसी और की शांति की योजना है और किसी और की गुलामी की तैयारी। ज्ञात रहे हर क्षेत्रीय युद्ध के पीछे एक वैश्विक ब्लूप्रिंट होता है। हर टकराव के पीछे लाभ का गणित छिपा होता है और हर विरोध में एक ऐसी खामोशी दबी होती है, जो कभी भूगोल से, तो कभी इतिहास से, उभर आती है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्व की राजनीतिक मामलों पर गहरी पकड़ रखते हैं, ये विचार उनके निजी विचार हैं)

# अपमान के लिए महिलाएं खुद जिम्मेदार

**अनिरुद्धाचार्य ने अपने बयान को लेकर उपजे विवाद व हंगामे के बाद एक वीडियो जारी कर यह कहा है कि मेरी कुछ बहनें प्रसारित हो रहे वीडियो से आहत हैं। कहना चाहता हूं कि कुछ लड़कियां ऐसी होती हैं कि लिव इन में रहकर चार जगह मुंह मार के किसी के घर जाएंगी, तो क्या वे किसी रिश्ते को निभा पाएंगी। इसलिए लड़की हो या फिर लड़का दोनों को चरित्रवान होना चाहिए। यह कहकर मुआफी मांग. नी तो क्या उन्होंने अपनी चार जगह मुंह मारने जैसी सड़क छाप भाषा शैली का फिर से इस्तेमाल किया। शायद वे सोच रहे हों कि बदनाम अगर होंगे तो क्या नाम न होगा? जरा सोचिए कि किरण बेदी व कल्पना चावला के देश में जहां लड़कियां चांद पर पहुंचने की होड़ में लगी हुई हैं। उस देश की महिलाओं को यह अशिक्षित रहकर शिक्षा ग्रहण करने की उम्र में शादी रचाने की सलाह देते हैं।**



निर्मल रानी

हमारे देश में अनेकानेक स्वयंभू संत, प्रवचनकर्ता, ज्योतिषी व धर्मगुरु टीवी स्क्रीन की शोभा बढ़ा हैं। ऐसे कई स्वयंभू संत व प्रवचनकर्ता जब कैमरे के सामने प्रकट होते हैं तो उनका साज श्रृंगार, मेकअप उनकी निराली अदाएं सब कुछ देखने लायक होती हैं।

ऐसे ही एक कथावाचक व आध्यात्मिक गुरु कहे जाने वाले अनिरुद्धाचार्य का नाम अक्सर किसी न किसी विवाद को लेकर चर्चा में रहता है। रूपहले पर्दे पर नजर आने का शौक रखने वाले अनिरुद्धाचार्य लाफ्टर शेफ्स में एक अतिथि के रूप में देखे जा चुके हैं। वे बिग बॉस 18 में शो के ग्रैंड प्रीमियर के दौरान अतिथि के रूप में भी शोभायमान हो चुके हैं परन्तु वे अपनी कई टिप्पणियों व अंधविश्वास पूर्ण बातों के लिए विवादों में भी रह चुके हैं। कभी कभी शब्दों को तोड़मरोड़कर पेश करने के लिए भी वे हास्य का पर्याय बन चुके हैं। जैसे उन्होंने बिस्किट को विष-की-किट यानी जहर का पैकेट परिभाषित कर दिया।

तो कभी पीजजा में पड़ने वाले चीज यानि पनीर को गोंद कहकर उसका मजाक उड़ाते सुने गए। एक बार उन्होंने यह भी कहा था कि महिलाओं को पीछे की ओर नहीं सोना चाहिए क्योंकि इससे उनके स्तन अशुद्ध हो जाएंगे। एक बार एक टीवी शो के दौरान उन्हें कुछ तार्किक व वैज्ञानिक सोच रखने वाले कुछ शिक्षित लोगों का सामना करना पड़ा। उस समय टीवी एंकर द्वारा उन्हें उनके प्रवचन का वह अंश याद दिलाया गया जिसमें उन्होंने यह कहा था कि गाय के गोबर में से गेहूं चुनचुन कर निकालकर उस गेहूं का पिसा आटा खाने से पुत्र रत्न प्राप्त होता है परन्तु पिछले दिनों अपने एक तथाकथित प्रवचन में तो अनिरुद्धाचार्य ने महिलाओं का अपमान करने की सभी सीमाएं पार कर दीं। यही महिलाएं जो ऐसे स्वयंभू संतों व प्रवचनकर्ताओं का प्रवचन शुरू होने से पहले सज संवरकर, अपने सिरों पर भारी कलश रखकर शहर में संतों व प्रवचन कर्ताओं की शोभा यात्रा निकाल. कर नगर में इनके प्रवचन में भीड़ जुटाने के लिए माहौल तैय्यार करती हैं। यही महिलाएं जो इनके प्रवचन में कभी तालियां बजाकर तो कभी नृत्य कर कभी अपने दोनों हाथ ऊपर उठाकर झूम झूम कर इनके समागम में समां बांधती हैं। यही महिलाएं जो इनके प्रवचन सुनाने अपने पति व अन्य पड़ोसियों को भी साथ लाती हैं। जो इन्हें दान देती हैं,जो रोज सुबह मंदिरों में सबसे पहले पहुंचती हैं। जो महिलाएं श्रद्धा पूर्वक मंदिरों व आश्रमों में सेवा करती हैं। इन्हें महिलाओं व उनकी पुत्रियों को लेकर जिस तरह के विकार पिछले दिनों अनिरुद्धाचार्य के मुख से निकले उसने न केवल आम लोगों को बल्कि स्वयं इनके भक्तों को भी आश्चर्य चकित कर दिया। जो शब्द उन्होंने महिलाओं के लिए इस्तेमाल किए शायद इससे अधिक घटिया शब्दों का चयन हो भी नहीं सकता है।

उन्होंने अपने एक प्रवचन के दौरान कुंवारी लड़कियों की शादी की उम्र को लेकर अत्यंत विवादित व आपत्तिजनक बयान दे डाला। उन्होंने कहा कि लोग विवाह के लिए लड़की लाते हैं पच्चीस साल की। अब 25 साल की लड़की चार जगह मुंह मार चुकी होती है। सब नहीं पर बहुत और वह पच्चीस साल की जब आती है तो पूरी जवान होकर आती है। जब जवान हो कर



आएगी तो स्वाभाविक है कि वह अपनी जवानी कहीं न कहीं वह, उसकी जवानी फिसल जाएगी। साथ ही उन्होंने 14 साल की उम्र में लड़की की शादी को जायज ठहराया। गौरतलब है कि भारत में बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत इस उम्र में शादी अवैध है। इस बयान के बाद तो गोया पूरे देश में भूचाल सा आ गया। मथुरा में भी महिलाएं व अन्य संगठनों ने इनके विरुद्ध प्रदर्शन किया। उनके पुतले फूंके गए। कई जगह से उनके विरुद्ध महिला संगठनों द्वारा एफ आई आर करने की खबरें सुनीं गईं। उधर एक बार फर इस विवादित बयान को लेकर भी टीआरपी की दौड़ में जुटे मीडिया समूहों को मसाला खबरें बेचने की सामग्री हासिल हो गई। महिलाओं के प्रति ऐसी विकृत मानसिकता रखने वाले स्वयंभू संतों की भक्ति में डूबी महिलाएं स्वयं ही जिम्मेदार हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अचानक इतनी फुर्ती में क्यों है डीजीसीए



रजनीश कपूर

जब भी कभी कोई विमान हादसा होता है या होते-होते टल जाता है तो भारत का नागर विमानन महानिदेशालय यानी डीजीसीए और एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो ऐसी घटना की जांच करता है। ऐसे मामलों में जांच पूरी होने तक डीजीसीए उस विमान के पायलट व क्रू को ग्राउंड कर देता है यानी उड़ान भरने पर रोक लगा देता है। सवाल है कि क्या डीजीसीए का सिर्फ इतना ही फर्ज है?

सवाल यह भी है कि क्या ऐसी दुर्घटनाओं के बाद की जाने वाली ऐसी जांच में केवल एयरलाइन के स्टाफ की ही गलती क्यों सामने आती है? क्या डीजीसीए के अधिकारियों को हवाई जहाज की नियमित जांच और रख-रखाव की ऑडिट नहीं करनी चाहिए, जो उनका फर्ज है? यदि डीजीसीए द्वारा ऐसे निरीक्षण समय-समय पर होते रहें तो ऐसे हादसे टाले जा सकते हैं। हाल ही में भारत के एविएशन इतिहास में सबसे बड़ा हादसा अहमदाबाद में हुआ।

उसके बाद से ही तमाम जानकारियां सामने आने लगी कि एयर इंडिया के इस विमान हादसे में किसकी गलती हो सकती है। क्या पायलट दोषी हैं? क्या विमान बनाने वाली कंपनी दोषी है? क्या एयर इंडिया के विमान की रख-रखाव करने वाली एजेंसी दोषी है? इन सभी सवालों पर फिलहाल अटकलें ही लगाई जा रही हैं क्योंकि विमान हादसे की जांच अभी चल रही है, लेकिन कहीं पर भी आपको यह सुनने को नहीं मिलेगा कि क्या भारत का नागर विमानन महानिदेशालय यानी डीजीसीए अपना काम जिम्मेदारी से कर रहा था? यदि




हां तो फिर ऐसा हादसा कैसे हो गया? यदि नहीं तो क्यों नहीं?

एयर इंडिया के बोइंग विमानों में अचानक एक के बाद एक हादसों का होना एक गंभीर मुद्दा अवश्य है, लेकिन जिस तरह इन हादसों के बाद डीजीसीए अचानक हरकत में आया है वह कई सवाल उठाता है। क्या डीजीसीए द्वारा नियमित रूप से की जाने वाली ऑडिट में कहीं चूक हुई थी? गौरतलब है कि हर विमान, चाहे वो किसी भी एयरलाइन का क्यों ना हो, उसकी नियमित जांच व रख-रखाव करना अनिवार्य होता है। हर उड़ान से पहले विमान का पूरा निरीक्षण किया जाता है। ऐसे निरीक्षण को पहले टेक्नीशियन और उसके बाद इंजीनियर द्वारा किया जाता है।

विमान जो भी कमी पाई जाती है उसे विमान की लॉगबुक में दर्ज किया जाता है। इसके साथ ही विमान में पाई गई कमी को दुरुस्त करने की एंट्री भी इसी लॉगबुक में की जाती है जिसे विमान से संबंधित सभी लोग साइन भी करते हैं। इसमें पायलट, टेक्नीशियन और इंजीनियर शामिल हैं। इतना ही नहीं इस सबके ऊपर इन लॉगबुक्स का डीजीसीए द्वारा नियमित रूप से ऑडिट भी किया जाता है। यदि इसमें कोई कमी होती है तो डीजीसीए द्वारा संबंधित एयरलाइन को नोटिस दिया जाता है।

वहीं यदि किन्हीं कारणों से डीजीसीए द्वारा ऑडिट को केवल औपचारिकता के लिए किया जाए तो अनदेखी के चलते विमान हादसा कभी भी हो सकता है। ऐसा देखा गया है कि जब भी कभी कोई बड़ा विमान हादसा होता है तो डीजीसीए तुरंत हरकत में आकर कड़े ऑडिट करने शुरू कर देता है। इन ऑडिटों में डीजीसीए यह दिखाने की कोशिश करता है कि वह किसी भी तरह की लापरवाही के प्रति शून्य सहनशीलता (जीरो टॉलरेंस) रखता है, लेकिन क्या वास्तव में ऐसा सोचना सही है? यदि डीजीसीए के अधिकारी एयरलाइन की न सुनकर, कानून के हिसाब से हर एयरलाइन का नियमित व विस्तृत ऑडिट करते रहें तो डीजीसीए पर उंगलियां नहीं उठेंगी। पर पता नहीं किस लालच या दबाव में ए जांच नहीं होती।

एविएशन के जानकारों के अनुसार विमान के इंजन में होने वाली कोई खराबी का कारण नियमित रख-रखाव का न होना है। इसके अलावा विमान के स्पेयर पार्ट की गुणवत्ता और पायलट की उचित ट्रेनिंग का न होना भी है। इन घटनाओं के पीछे डीजीसीए के अधिकारियों द्वारा ऐसी कमियों को अनदेखा करना भी एक प्रमुख कारण है। यदि डीजीसीए के अधिकारी केवल इस बात पर जोर न दें कि यात्रियों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा तो शायद ऐसी घटनाएं न हों।पिछले दिनों संसद में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए नागरिक उड्डयन मंत्री ने यह बताया कि डीजीसीए के स्वीकृत 1644 पदों में से 823 रिक्त हैं। यानी 50 प्रतिशत से अधिक पद रिक्त हैं। इनमें से अधिकतर पद तकनीकी हैं। यह वही तकनीकी पद हैं जो विमानों की तकनीकी जांच करने में सक्षम होने चाहिए परंतु डीजीसीए के पास यदि टेक्निकल मैनपावर की कमी है तो वो टेक्निकल ऑडिट किस हद तक कर पाएगा इसका अनुमान कोई भी लगा सकता है। वहीं डीजीसीए के कुछ अधिकारी कुछ चुनिंदा एयरलाइंस, फिर वो चाहे शेड्यूल्ड एयरलाइन हों या नॉन-शेड्यूल एयरलाइन (प्राइवेट चार्टर कंपनी) हों, के साथ अच्छे संबंध बनाए रखता है। ऐसे संबंधों का यह नतीजा होता है कि यदि अच्छे संबंधों वाली एयरलाइन बड़ी से बड़ी गलती क्यों न करे उसे केवल एक चेतावनी देकर छोड़ दिया जाता है और किसी को कानों कान भी खबर नहीं होती। वहीं किसी अन्य एयरलाइन द्वारा कोई मामूली सी गलती भी हो जाए तो उसके खिलाफ कड़े से कड़े नियमों के तहत कार्यवाही की जाती है। क्या डीजीसीए बताएगा कि ऐसे दोहरे मापदंड क्यों अपनाए जाते हैं?

एक अनुमान के तहत आनेवाले दो दशकों में भारत का नागर विमानन ट्रैफिक 5 गुना बढ़ने की संभावना है। यदि कनाडा और न्यूजीलैंड की तरह हमें भी एविएशन के क्षेत्र में एक अच्छी पहचान बनानी है तो डीजीसीए के अधिकारियों को अपने स्वार्थों को दरकिनार करते हुए यात्रियों की सुरक्षा और एयरलाइन कम्पनी के विमानों की सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी। डीजीसीए के एयर सेफ्टी डिपार्टमेंट, फ्लाइट स्टेंडर्ड्स डिपार्टमेंट, एयरक्राफ्ट इंजीनियरिंग व एयरवर्थिनेस डिपार्टमेंट जैसे विभागों को विमानों की जांच के हर पहलू को कड़ाई से लागू करने को गम्भीरता से लेना होगा।

ऐसा करने से एक ओर हवाई यात्रा करने वाले यात्री अपने को सुरक्षित महसूस करेंगे। वहीं दूसरी ओर एयरलाइन कम्पनियों को भी इस बात का खौफ बना रहेगा कि छोटी सी भूल के चलते उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही भी हो सकती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# तिलमिलाए ट्रम्प ने छह भारतीय कंपनियों पर लगाया बैन

## कहा: ईरान से चोरी-छिपे कारोबार किया, ईरान बोला: अमेरिका इकोनॉमी को हथियार की तरह कर रहा इस्तेमाल

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान से प्रतिबंधित रसायन और पेट्रोकेमिकल उत्पादों की खरीद करने वाली 24 कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया। इनमें 6 भारतीय कंपनियां भी हैं। इसके अलावा चीन की 7, यूएई की 6, हान्गकान्ग की 3, तुर्किये और रूस की 1-1 कंपनी शामिल हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने इन प्रतिबंधों की घोषणा की।

मंत्रालय का कहना है कि इन कंपनियों ने 2024 में ईरानी मूल के 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा के उत्पाद यूएई के रास्ते मंगवाए। ईरान इस पैसे से न्यूक्लियर प्रोग्राम बढ़ा रहा है और आतंकी फंडिंग कर रहा है। ईरान पर 2018 से प्रतिबंध है। ईरान के पास दुनिया का चौथा सबसे बड़ा तेल भंडार है। देश की इकोनामी आयल पर काफी ज्यादा निर्भर करती है। ईरान के पास दुनिया का चौथा सबसे बड़ा तेल भंडार है। देश की इकोनामी आयल पर काफी ज्यादा निर्भर करती है। ईरान ने इसका जवाब देते हुए कहा कि अमेरिका अपनी इकोनामी को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है। दूतावास ने कहा कि अमेरिका, ईरान और भारत जैसे आजाद देशों पर प्रतिबंध लगाकर उनकी प्रगति और विकास को रोकने की कोशिश कर रहा है। ये प्रतिबंध अंतर्राष्ट्रीय कानून और देशों की संप्रभुता का उल्लंघन करते हैं। यह एक तरह का आधुनिक आर्थिक साम्राज्यवाद है। इन नीतियों का विरोध करना मजबूत ग्लोबल साउथ के लिए खड़ा होना है। किन भारतीय कंपनियों पर कार्रवाई हुई-अलकेमिकल साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड-इस पर सबसे बड़ा आरोप है। कंपनी ने जनवरी से दिसम्बर 2024 के बीच 84 मिलियन डालर (करीब 700 करोड़ रुपये) से ज्यादा के ईरानी पेट्रोकेमिकल उत्पाद आयात किए। ग्लोबल इंडस्ट्रियल केमिकल्स लिमिटेड-जुलाई 2024 से जनवरी 2025 तक कंपनी ने 51 मिलियन डालर (करीब 425 करोड़ रुपये) से ज्यादा के ईरानी मेथनाल सहित अन्य उत्पाद खरीदे। ज्यूपिटर डाई केम प्राइवेट लिमिटेड-इसी अवधि में इस कंपनी ने टोल्यून समेत ईरानी उत्पादों का करीब 49 मिलियन डालर का आयात किया। रमणिकलाल एस. गोसालिया एंड कंपनी-इसने करीब 22 मिलियन डालर के पेट्रोकेमिकल्स खरीदे, जिनमें मेथेनाल और टाल्युइन शामिल हैं। पर्सिस्टेंट पेट्रोकेम प्राइवेट लिमिटेड-अक्टूबर से दिसम्बर 2024 के बीच कंपनी ने 14 मिलियन डालर का ईरानी मेथेनाल आयात किया। कंचन पालिमर्स-इस पर 1.3 मिलियन डालर के ईरानी पालीइथिलीन उत्पाद खरीदने का आरोप है।



**कंपनियों ने 2024 में ईरानी मूल के 1000 करोड़ से ज्यादा उत्पाद यूएई के रास्ते मंगवाए**

## हो सकता है, भारत को तेल बेचे पाक: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पाकिस्तान के साथ आयल डील होने का ऐलान किया है। इसके तहत पाकिस्तान के तेल भंडारों का विकास करेंगे। साथ ही उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान भविष्य में भारत को तेल बेच सकता है। सोशल मीडिया पोस्ट करते हुए ट्रम्प ने लिखा कि हमने पाकिस्तान के साथ एक डील फाइनल की है, जिसमें अमेरिका और पाकिस्तान मिलकर वहां के विशाल तेल भंडारों का विकास करेंगे। एक तेल कंपनी को इस साझेदारी के लिए चुना जाएगा। शायद एक दिन वे भारत को भी तेल बेचें। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय आया है, जब कुछ ही घंटे पहले उन्होंने भारत पर टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। पाकिस्तान की समुद्री सीमा में पिछले साल सितम्बर में तेल और गैस का एक बड़ा भंडार मिला था। पाकिस्तानी मीडिया हाउस डान के मुताबिक, इलाके में एक सहयोगी देश के साथ मिलकर 3 साल तक सर्वे किया गया था। इसमें बाद तेल और गैस रिजर्व की मौजूदगी की पुष्टि हुई। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह भंडार दुनिया का चौथा सबसे बड़ा तेल और गैस का भंडार होगा। फिलहाल वेनेजुएला में तेल का सबसे बड़ा रिजर्व है, जहां 34 लाख बैरल तेल है। वहीं, अमेरिका का सबसे शुद्ध तेल का भंडार है, जिसे अब तक इस्तेमाल नहीं किया गया।



नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधीअपनी बहन व पार्टी सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा से बातचीत करते हुए।

## सिडनी में लीजियोनेयर्स रोग से एक की मौत, कई बीमार

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े शहरों में से एक सिडनी के उपनगर पॉट्स पॉइंट में लीजियोनेयर्स रोग से एक व्यक्ति की मौत हो गई है और एक अन्य का अस्पताल में इलाज चल रहा है। सिडनी स्थानीय स्वास्थ्य जिला (एसईएसएलएचडी) ने गुरुवार को बताया कि सिडनी हार्बर ब्रिज और सिडनी ओपेरा हाउस से दो किलोमीटर से भी कम दूरी पर स्थित इस उपनगर के सात लोग मई से लीजियोनेयर्स रोग से संक्रमित हो चुके हैं जिनमें एक बुजुर्ग (80) भी शामिल है। बुजुर्ग व्यक्ति जून के अंत में बीमार हुआ था और उसकी मृत्यु हो गई है। शेष छह लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पांच लोगों को छुट्टी दे दी गई है और एक व्यक्ति ठीक हो रहा है। एसईएसएलएचडी ने कहा कि 45 से 95 वर्ष की आयु के सभी मरीज एक-दूसरे को नहीं जानते थे लेकिन हो सकता है कि वे क्षेत्र में संक्रमण के एक सामान्य स्रोत के संपर्क में आए हों। लीजियोनेयर्स रोग एक गंभीर प्रकार का निमोनिया है जो लीजियोनेला नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। यह रोग पानी या मिट्टी में मौजूद बैक्टीरिया को सांस के जरिए अंदर लेने से फैलता है, खासकर उन लोगों को जो कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले हैं या धूम्रपान करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन पर रूसी हमलों में छह मरे, 52 घायल

**कीव।** यूक्रेन की राजधानी कीव पर गुरुवार तड़के रूसी मिसाइल और ड्रोन हमलों में कम से कम छह लोग मारे गए और अन्य 52 घायल हो गए। कीव शहर सैन्य प्रशासन के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने टेलीग्राम पर यह जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ितों में एक छह साल का बच्चा भी शामिल है। शहर में 27 जगहों पर हमला हुआ। हमले वाली जगहों पर बचाव अभियान जारी है और पीड़ितों की संख्या बढ़ सकती है।

### नेपाल में मानसून जनित आपदाओं में 43 लोगों की मौत

**काठमांड।** नेपाल में इस साल मानसून का मौसम शुरू होने के बाद से बारिश के कारण आई आपदाओं में 43 लोगों की जान जा चुकी है और 116 अन्य घायल हुए हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बुधवार शाम एक रिपोर्ट में कहा कि मानसूनी बारिश से आई 569 आपदाओं के चलते 16 लोग अभी भी लापता हैं।बाढ़ के कारण 15 लोगों की जान गई और सात घायल हुए। बिजली गिरने से 14 लोगों की मौत हुई और 95 घायल जबकि भूस्खलन से 14 लोगों की मौत हुई है।

### चीन नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे जापान: बीजिंग

**बीजिंग/टोक्यो।** चीन ने टोक्यो में दो चीनी नागरिकों की गंभीर रूप से पिटाई की रिपोर्टों पर जापानी पक्ष से चीनी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी उपाय लागू करने का आग्रह किया है। गौरतलब है कि आज सुबह टोक्यो में चार लोगों ने दो चीनी नागरिकों पर हमला किया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने बीजिंग में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चीन ने इन रिपोर्टों पर ध्यान दिया है।

### पकड़े गए सैनिकों को थाईलैंड रिहा करे: कंबोडिया

**नोम पेन्ह/बैंकॉक।** कंबोडिया ने थाईलैंड से युद्धविराम लागू होने के बाद पकड़े गए 20 कंबोडियाई सैनिकों को रिहा करने का आग्रह किया है। कंबोडियाई रक्षा मंत्रालय अवर सचिव और प्रवक्ता, लेफ्टिनेंट जनरल माली सोचेता ने बुधवार को कहा कि उनके 21 सैनिक, थाईलैंड सेना के कब्जे में थे। इसमें से एक मृत सैनिक का शव मिल गया है।

## इमरान खान की पार्टी के 166 सदस्यों को 10 साल जेल

**दो साल पहले ISI बिल्डिंग पर हमले मामले में अदालत ने सुनाया फैसला**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 166 नेताओं और कार्यकर्ताओं को 10-10 साल की जेल की सजा सुनाई।

यह सजा 9 मई, 2023 को पंजाब प्रांत में आईएसआई बिल्डिंग और अन्य सैन्य ठिकानों पर हमले के मामले में दी गई है। सजा पाने वालों में नेशनल असेंबली और सीनेट में विपक्ष के नेता और कई सांसद शामिल हैं। यह फैसला उस समय आया है जब पीटीआई 5 अगस्त से पूरे देश में इमरान खान को रिहा करो आंदोलन शुरू करने की तैयारी कर रही थी। पीटीआई ने फैसलाबाद की आतंकवाद निरोधी अदालत (एटीएस) के इस फैसले की कड़ी निंदा की है। पार्टी का कहना है कि यह फैसला उनके सांसदों को संसद से अयोग्य घोषित करने और शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन को रोकने की साजिश का हिस्सा है। 9 मई, 2023 को इमरान खान की गिरफ्तारी के विरोध में पीटीआई कार्यकर्ताओं ने फैसलाबाद में आईएसआई बिल्डिंग, लाहौर में जिन्ना हाउस (कोर कमांडर हाउस), मियांवाली एयरबेस और रावलपिंडी में सेना मुख्यालय (जीएचआईक्यू) सहित कई सैन्य ठिकानों पर हमला किया था। फैसलाबाद की एटीसी ने आईएसआई बिल्डिंग हमले के मामले में 185 में से 108 लोगों को दोषी ठहराया और 77 को बरी कर दिया।

## कनाडा भी देगा फलस्तीन को मान्यता, ट्रम्प को चढ़ा गुस्सा

### प्रधानमंत्री कॉर्नी ने किया ऐलान, सितम्बर में संयुक्त राष्ट्र महासभा में औपचारिक घोषणा होगी

**ओटावा।** कनाडा भी फ्रांस और ब्रिटेन की तरह फलस्तीन को एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र के तौर में मान्यता देगा। प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने बुधवार को इसका ऐलान किया। यह मान्यता औपचारिक रूप से सितम्बर 2025 में होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजहए) के दौरान दी जाएगी। इसके साथ ही कनाडा, फ्रांस और ब्रिटेन के बाद जी-7 का तीसरा देश बन गया है जिसने हाल ही में फलस्तीन को मान्यता देने का ऐलान किया है।

गाजा पट्टी में इजरायल और हमास के बीच करीब दो साल से जंग जारी है। वहां में पानी और खाद्य संकट और रिफ्यूजी शिविरों की हमलों से मानवीय संकट गहरा गया है। इसके चलते इजरायल पर लगातार अंतर्राष्ट्रीय दबाव बढ़ रहा है। यूएन की इंटीग्रेटेड फूड सिक्योरिटी फेज क्लासिफिकेशन की एक नई रिपोर्ट के मुताबिक गाजा में अकाल से भी बुरी स्थिति है। प्रधानमंत्री कार्नी ने मान्यता के लिए कुछ शर्तें भी रखी हैं। इन्हें फलस्तीन को पूरा करना होगा। अगले वर्ष चुनाव कराना अनिवार्य होगा, जो कि 2006 के बाद पहली बार होगा। चुनाव और शासन में हमास की कोई भागीदारी नहीं होगी। (हमास को आतंकी संगठन माना जाता है)। फलस्तीनी राज्य का डिमिलिटराइजेशन यानी यानी हथियारों और लड़ाकू क्षमताओं से मुक्त क्षेत्र बनाया जाएगा। कार्नी ने कहा कि उन्होंने फलस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास से सीधे बात की है और इन शर्तों पर सहमति मिल गई है। उन्होंने कहा कि गाजा में जो हो रहा है, वह मानवता के खिलाफ अपराध जैसा है। उन्होंने इजरायल पर आरोप लगाया कि वह अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को राहत सामग्री देने नहीं दे रहा, जिससे हालात और बिगड़ गए हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक अब तक 60 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। इनमें 89 बच्चों सहित 154 लोगों की मौत भुखमरी से हुई है। हजारों लोग बेघर हो चुके हैं। कार्नी ने कहा कि गाजा में आम लोगों की पीड़ा अब बर्दाश्त से बाहर है। अब और देर करना, मानवता के साथ अन्याय होगा। कनाडा ने फलस्तीनी अथारिटी को 63 करोड़ रुपये देने का ऐलान किया है। इससे भविष्य में राज्य का ढांचा तैयार किया जाएगा। साथ ही, कनाडा ने 190 करोड़ रुपये की मानवीय सहायता देने की घोषणा की है।



**इजरायल ने कनाडा के फैसले की निंदा की, ब्रिटेन और फ्रांस पहले ही मान्यता देने का ऐलान कर चुके हैं**

### फलस्तीन पर कनाडा के फैसले से अमेरिका नाराज

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को कहा कि फलस्तीन को मान्यता देने के कनाडा के फैसले से उसके साथ व्यापार समझौता करना मुश्किल हो जाएगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ पर कहा कि वाह! कनाडा ने अभी घोषणा की है कि वह फलस्तीन को राष्ट्र का दर्जा देने का समर्थन कर रहा है। इससे हमारे लिए उनके साथ व्यापार समझौता करना बहुत मुश्किल हो जाएगा। ओह कनाडा!!! जुलाई के मध्य में कार्नी ने कहा था कि इस बात के 'बहुत कम प्रमाण' हैं कि अमेरिका के साथ आयात शुल्क पर कोई समझौता हो सकता है। पिछले शुक्रवार को ट्रम्प ने इस वार्ता को लेकर निराशा जाहिर की थी। उधर कनाडा ने कहा कि अगर फलस्तीनी प्राधिकरण चुनाव कराने सहित कुछ बदलाव करने के लिए प्रतिबद्ध होता है, तो वह उसे राष्ट्र के रूप में मान्यता दे देगा।

## गाजा में कुपोषण से सात और लोगों की मौत

### गाजा संकट पर चर्चा करने के लिए इजरायल की यात्रा पर जाएंगे अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ

**दुबई।** गाजा पट्टी में पिछले 24 घंटों में कुपोषण से सात और लोगों की मौत हो गई है। फलस्तीनी क्षेत्र में हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार मंत्रालय ने बताया कि 2023 में इज़रायल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से कुपोषण से मरने वालों की कुल संख्या अब 154 हो गई जिसमें 89 बच्चे शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र समर्थित वैश्विक खाद्य सुरक्षा विशेषज्ञों ने मंगलवार को चेतावनी दी कि गाज़ा में अकाल की सबसे खराब स्थिति वर्तमान में चल रही है। इज़रायल ने कहा है कि वह गाज़ा में आने वाली सहायता पर प्रतिबंध नहीं लगा रहा है, लेकिन उसका ये दावा यूरोप में उसके करीबी सहयोगियों, संयुक्त राष्ट्र और गाज़ा में सक्रिय अन्य एजेंसियों द्वारा स्वीकार नहीं किया गया हैं। इस बीच अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ गुरुवार को गाजा संकट पर चर्चा करने के लिए इज़रायल की यात्रा पर जाएंगे। एक अलग घटनाक्रम में गाजा अस्पताल के सूत्रों ने बीबीसी को बताया कि बुधवार सुबह दक्षिणी गाजा के राफा इलाके में गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) के सहायता वितरण केंद्र के पास छह फलस्तीनी मारे गए। सूत्रों ने बताया कि भीड़ ने वितरण केंद्र के खुलने से कुछ देर पहले ही उसमें घुसने की कोशिश की थी और एक इज़रायली टैंक ने उन पर हमला कर दिया। जीएचएफ ने आरोपों का खंडन करते हुए बीबीसी को बताया कि उसके केंद्रों पर या उसके आसपास कोई हत्या नहीं हुई। इज़रायली रक्षा बल (आईडीएफ) ने भी बीबीसी को बताया कि 'प्रारंभिक समीक्षा से पता चलता है कि हताहतों की संख्या आईडीएफ के पास मौजूद जानकारी से मेल नहीं खाती।'



**2023 में इजरायल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से कुपोषण से मरने वालों की कुल संख्या अब 154 हो गई है**

## श्रीलंका में रिश्वतखोरी के आरोप में 34 गिरफ्तरी

**कोलंबो।** श्रीलंका में रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच आयोग ने घोषणा की कि 2025 के पहले छह महीनों में रिश्वत मांगने के आरोप में 34 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीआईएबीओसी कें अनुसार आयोग को एक जनवरी से 30 जून 2025 के बीच 3022 शिकायतें मिलीं। इस अवधि के दौरान अधिकारियों ने 27 छापे मारकर 34 लोगों को गिरफ्तार किया। सीआईएबीओसी ने कहा कि संदिग्धों में दस श्रीलंकाई पुलिस अधिकारी, न्याय मंत्रालय के पांच अधिकारी, स्वास्थ्य मंत्रालय के दो और श्रीलंका परिवहन बोर्ड के दो अधिकारी शामिल हैं।

## रूस में लगातार दूसरे दिन भी आया 6.5 का भूकंप

**कल कामचटका द्वीप पर 8.8 तीव्रता से धरती कांपी थी, ज्वालामुखी भी फटा**

**व्लादिवोस्तोक।** रूस में लगातार दूसरे दिन भूकंप आया है। रूस के पूर्वी इलाके में मौजूद कुरिल आईलैंड्स पर गुरुवार सुबह आए इस भूकंप की तीव्रता 6.5 थी। नेशनल सेंटर फार सिस्मोलाजी (एनसीएस) के मुताबिक, यह भूकंप भारतीय समयानुसार सुबह 10:57 पर दर्ज हुआ। इसकी गहराई महज 10 किलोमीटर थी। इससे पहले बुधवार को कुरिल द्वीपों के पास समुद्र में 8.8 तीव्रता का भीषण भूकंप आया था।

जो अब तक दर्ज किए गए सबसे शक्तिशाली भूकंपों में छठे नंबर पर है। हालांकि, इसमें अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। 8.8 तीव्रता के भूकंप के बाद रूस, जापान, चीन और अमेरिका तक सुनामी लहरें पहुंची थीं। रूस में ये लहरें 4 मीटर ऊंची, जबकि अमेरिका में 1 मीटर तक ऊंची थीं। कुरील में कल भी एक 6.3 तीव्रता का भूकंप आया था। इसके अलावा कामचटका में भूकंप के बाद ज्वालामुखी भी फटा। यूएस जियोलाजिकल सर्वे के मुताबिक, 8.8 तीव्रता वाले मुख्य भूकंप के बाद बीते 16 घंटे में रूस के आसपास 125 से ज्यादा आफ्टरशाक्स आए हैं। इनकी तीव्रता 4.4 या उससे अधिक रही है। इनमें से तीन झटके 6.0 से अधिक तीव्रता के रहे, जिनमें सबसे जोरदार झटका 6.9 तीव्रता का था। यह मुख्य भूकंप के करीब 45 मिनट बाद महसूस हुआ। बुधवार को ही सुबह 11 बजे के करीब मुख्य भूकंप के केंद्र से 200 मील दक्षिण-पश्चिम में 6.4 तीव्रता का एक और आफ्टरशाक आया। बुधवार को आए 8.8 तीव्रता वाले भूकंप के कुछ ही घंटे बाद कामचाटका प्रायद्वीप पर क्लूचेवस्काया सोपका नाम का ज्वालामुखी फटा। पिछले कुछ दिनों से इस ज्वालामुखी में हलचल बढ़ रही थी। रात में इसके क्रेटर से रोशनी निकल रही थी और दिन में यह राख उगल रहा था। बुधवार को इसने करीब 3 किलोमीटर ऊंचाई तक राख का गुबार छोड़ा।


**D.A.V. COLLEGE, ARYA SAMAJ ROAD, MUZAFFARNAGAR**
**SHORT-TERM TENDER NOTICE**

Sealed tenders are invited from reputed and experienced Firms/ Suppliers for the supplying of following material for the session 2025-26.

| S | Particular of work | Approx Cost (in Lac) | Cost of Tender form | E.M.D. | Completion period |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Lab Equipments/ Chemical/ Glassware/ Polyware and other consumables | 10.00 | 1,000/- | 50,000/- | 30 Days from the date of order |
| 2 | Furniture | 5.00 | 1,000/- | 25,000/- | |
| 3 | Library Books | 2.00 | 1,000/- | 10,000/- | |
| 4 | Printing of College Magazine "VEENAPANI" Session 2024-25 | 5.00 | 1,000/- | 25,000/- | 45 Days from the date of order |

**NOTE**

1. Terms and Conditions are explained in Tender Documents. Description of Items to be purchased mentioned in Tender form.
2. The Tender form can be purchased from **Office Counter No. 03** between 10:30 am to 02:00 pm from 01st August to 7th August - 2025 at the cost of Rs. 1000/- by cash payment.
3. Tenders may be Submitted in **Office Counter No. 03** upto 7th August - 2025 upto 02:00 pm.
4. Tenders will be opened on 12th August 2025 at 02:30 pm in Principal Office.
5. The college reserves all the rights to reject any tender without explaining any reason.

**Dated: 30.07.2025** (Dr. Garima Jain)



यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108



ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट